नई दिल्ली
बुधवार, 22 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 188
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 33.0
न्यून. 20.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 मंधाना शीर्ष पर, दीप्ति गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति भवन के पास इमारत में आग लगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के द्वार संख्या 31 के पास एक इमारत में मंगलवार दोपहर आग लग गई, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर घरेलू सामान में आग लगने की सूचना दोपहर 1:51 बजे मिली। उन्होंने बताया कि आग पर 20 मिनट में काबू पा लिया गया। *एजेंसी*

### भारत ने काबुल में तकनीकी मिशन को दिया दूतावास का दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के व्यापक प्रयासों के तहत मंगलवार को काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे वक्त की गई है, जब डेढ़ सप्ताह पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के साथ बैठक के दौरान कहा था कि भारत काबुल में अपनी राजनयिक उपस्थिति को उन्नत करेगा। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने काबुल स्थित अपने दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। *एजेंसी*

### तीन गुना बढ़ी पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं

**चंडीगढ़।** पंजाब में इस मौसम में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या बढ़कर 353 तक पहुंच गई है, जिनमें से अधिकतर मामले



तरनतारन और अमृतसर जिलों से हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। पीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 दिनों में राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में तीन गुना से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है। ग्यारह अक्टूबर तक ऐसे 116 मामले सामने आए। आगे इनमें बढ़ोतरी हो सकती है। *एजेंसी*



**दमघोंटू हवा**

# दिल्ली में प्रदूषण ने तोड़ा रिकॉर्ड, एक्यूआई 400 पार

## सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी लोगों ने पूरी रात फोड़े पटाखे

**आसमान में जहरीली धुंध की चादर**

*सुप्रीम कोर्ट ने रात 8 से 10 तक दी थी केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति*

*हवा में पीएम 2.5 लेवल 488 माइक्रोग्राम तक पहुंचा*

*ज्यादातर शहरों में प्रदूषण स्तर 400 एक्यूआई से अधिक*

### प्रदूषण को देखते हुए ग्रैप-2 की पाबंदियां शुरू

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** दिल्ली में दिवाली के बाद हवा की क्वालिटी में तेजी से गिरावट हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की हवा में प्रदूषण के छोटे-छोटे कण (एमपी 2.5) का लेवल पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा बढ़ गया है। दिवाली के बाद के 24 घंटों में हवा में पीएम 2.5 लेवल 488 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया। त्योहार से पहले यह 156.6 माइक्रोग्राम था। वहीं, साल 2021 में दिवाली के बाद दिल्ली में पीएम 2.5 लेवल 454.5 था। यह 2022 में 168, 2023 में 319.7 और 2024 में 220 दर्ज किया गया था। सीपीसीबी के मुताबिक, द्वारका में एयर क्वालिटी इंडेक्स 417 पहुंच गया। अशोक विहार में 404, वजीरपुर में 423 और आनंद विहार में 404 एक्यूआई रहा।

#### पूरे एनसीआर में हाल बेहाल

प्रदेश में प्रदूषण का स्तर देखते हुए ग्रैप-2 की पाबंदियां शुरू हो गई हैं। इससे पहले 14 नवंबर को एनसीआर में ग्रैप का पहला चरण लागू हो हुआ था। औसत एक्यूआई से अलग मैक्सिमम एक्यूआई कई शहरों में 500 तक पहुंच रहा है। हरियाणा के रोहतक, नारनौल, गुरुग्राम, बहादुरगढ़, धारूहेड़ा, बल्लभढ़ जैसे शहरों में ग्रैप-2 की पाबंदियां शुरू हो जाएंगी। इसके कारण डीजल वाहन पर सख्ती और इंडस्ट्रीज के धुएं को नियंत्रण में करने जैसी पाबंदियां लगेंगी, ताकि प्रदूषण से बचा जा सके।

#### पटाखों से बढ़ा प्रदूषण

दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज में प्रोफेसर एस के ढाका ने बताया कि पीएम 2.5 की उच्च सांद्रता दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय पटाखों के उत्सर्जन के कारण है। हवा की गति बेहद कम थी, जिससे फैलाव की कोई गुंजाइश नहीं थी।

#### हरियाणा बना गैस चैंबर

**चंडीगढ़/रोहतक।** दिवाली की रात हुई आतिशबाजी के कारण हरियाणा एक गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। 15 जिलों में रात के समय एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खतरनाक स्तर यानी 500 तक पहुंच गया था। यह हवा इतनी जहरीली थी कि एक स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमार कर सकती थी। हालांकि, सुबह होते-होते प्रदूषण में थोड़ी कमी देखने को मिली, लेकिन अब भी प्रदूषण गंभीर स्थिति में बना हुआ है। वहीं, एवरेज एक्यूआई की बात करें तो रोहतक और नारनौल गुरुग्राम से ज्यादा प्रदूषित हैं। रोहतक सहित हरियाणा के 5 शहरों में प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंच गया। वहीं, कुछ शहर ऐसे रहे जहां रात से सुबह 8 बजे लगातार 500 एक्यूआई बना रहा।

#### ग्रीन पटाखों की थी मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे।

#### ग्रैप 2 में ये पाबंदियां लागू

- होटल, रेस्टोरेंट में लकड़ी और कोयला जलाने पर रोक रहेगी।
- पेट्रोल-डीजल की पुरानी गाड़ियां, प्रदूषण फैलानी वाली फैक्ट्रियों और थर्मल पावर प्लांट पर भी रोक।
- कंस्ट्रक्शन से जुड़े काम, कूड़ा जलाने पर भी पाबंदी। सभी मेटेरियल को ढंक कर रखना होगा।

#### आग लगने की 269 फोन कॉल आई, बड़ा हादसा नहीं

दिल्ली दमकल सेवा को दिवाली की रात आग लगने संबंधी 269 फोन आए, जो पिछले साल के 318 के आंकड़े से लगभग 15 प्रतिशत कम है और पिछले 13 वर्षों में सबसे अधिक है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



**मंत्री रही मां और पत्नी पर भी केस दर्ज**

# पंजाब के पूर्व डीजपीपी पर बेटे की हत्या की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी व पंजाब की पूर्व मंत्री पत्नी रजिया सुल्ताना पर पंचकूला में बेटे की हत्या की एफआईआर दर्ज हुई है। मुस्तफा-रजिया के साथ उनकी बेटी और बहू को भी आरोपी बनाया गया है। मुस्तफा के बेटे अकील (35) की 16 अक्टूबर की देर रात पंचकूला में मौत हुई थी। तब परिवार ने कहा था कि दवाओं के ओवरडोज से मौत हुई। लेकिन, अकील की मौत के बाद उसका 27 अगस्त का पुराना वीडियो सामने आ गया। इसमें अकील ने कहा था कि मुझे पूर्व डीजीपी पिता के अपनी पत्नी से अवैध संबंध होने का पता चल गया। वह पत्नी मेरी थी, लेकिन शादी जैसे डैड से की हो। इसके बाद से परिवार के लोग उसकी हत्या की साजिश कर रहे हैं।

#### हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे अकील

इसी को आधार बनाकर अकील की पहचान वाले शमशुद्दीन ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को शिकायत भेजी थी। जिसमें वीडियो का हवाला देते हुए मामले की जांच की मांग की गई थी। अकील का एक बेटा और एक बेटी है। अकील पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि एसीपी रैंक के अधिकारी की अगुआई वाली एसआईटी गठित की गई है। वही इस मामले की जांच करेगी।

#### परिवार से चल रहा था विवाद

मालेरकोटला के मॉडल टाउन में रहने वाले शमशुद्दीन ने 17 अक्टूबर को पंचकूला के पुलिस कमिश्नर को शिकायत भेजी थी। जिसमें उन्होंने पूर्व डीजीपी मुस्तफा और उनकी पंजाब की पूर्व मंत्री पत्नी रजिया सुल्ताना के बेटे अकील की संदिग्ध मौत की जांच की मांग की थी। शमशुद्दीन ने कहा था कि पंचकूला के मनसा देवी मंदिर के पास सेक्टर 4 में रहने वाले अकील और उसके परिवार के बीच विवाद चल रहा था।

# एच1 बी वीजाधारकों को प्रवास अवधि बढ़ाने पर नहीं लगेगा शुल्क

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिका में एच-1बी वीजा आवेदनों पर ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाया गया एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क ऐसे आवेदकों पर लागू नहीं होगा, जो अपने 'स्टेटस' में बदलाव कराना चाहते हैं या फिर प्रवास की अवधि बढ़वाना चाहते हैं। नए दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) द्वारा जारी दिशानिर्देशों में 'कुछ गैर-आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 19 सितंबर के आदेश में दी गई छूट को स्पष्ट किया गया है।

**पहले से आवेदन किए गए आवेदकों पर नियम लागू नहीं**

#### मौजूदा एच1-बी धारक पर रोक नहीं

यूएससीआईएस ने यह भी बताया कि इस आदेश में किसी भी मौजूदा एच1-बी धारक के अमेरिका में आने-जाने पर रोक नहीं है। यूएससीआईएस ने कहा, "यह आदेश 21 सितंबर, 2025 को रात 12:01 बजे या उसके बाद किए गए उस आवेदन पर भी लागू नहीं होगा, जिसमें आवेदक ने अपने 'स्टेटस' में बदलाव कराने या फिर प्रवास की अवधि बढ़वाने की इच्छा जताई है।"

#### भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव

यूएससीआईएस ने स्पष्ट किया कि यह शुल्क स्टेटस में परिवर्तन के मामलों पर लागू नहीं होता है, जहां व्यक्ति देश छोड़े बिना ही श्रेणी बदल लेता है, जैसे कि एफ-1 छात्र की स्थिति से एच-1बी की स्थिति में जाना। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में एच1-बी वीजा के लिए शुल्क को बढ़ाकर प्रतिवर्ष 100,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है, जिससे अमेरिका में वीजा प्राप्त भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**वस्तु स्थिति रिपोर्ट में खुलासा**

### कोर्ट में गंदे शौचालय लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय में विभिन्न उच्च न्यायालयों की ओर से दाखिल वस्तु स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के अदालत परिसरों में शौचालयों की निरंतर अस्वच्छ स्थिति, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, वादियों और कर्मचारियों सहित सभी उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों और सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है। न्यायालय को सूचित किया गया कि महानगरों में स्थित उच्च न्यायालयों में भी शौचालयों की खराब स्थिति मात्र गंदगी नहीं है, बल्कि यह धन आवंटन, रखरखाव अनुबंधों को लागू करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने में प्रणालीगत और प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। स्थिति रिपोर्ट में कहा गया, ''मौजूदा बुनियादी ढांचा आधुनिक और समावेशी सार्वजनिक उपयोगिता के मानकों को पूरा करने में विफल है।

**जवाबदेही सुनिश्चित करने में प्रशासनिक विफलता**

**एक कार की कीमत 70 लाख**

### लोकपाल को सात बीएमडब्ल्यू कार चाहिए, निविदा जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल ने लगभग पांच करोड़ रुपये में सात लक्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए एक निविदा जारी की है। इसकी विपक्ष और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ताओं ने निंदा की है जिन्होंने संस्थान की प्राथमिकताओं और कामकाज के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। निविदा और कार विनिर्माता की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में लगभग 69.5 लाख रुपये प्रति कार की ऑन-रोड कीमत वाली इस लंबी व्हीलबेस सेडान कार को इस सेगमेंट की सबसे लंबी कार के रूप में वर्णित किया गया है, जिसे बेहद शानदार केबिन में उत्कृष्ट आराम के लिए डिज़ाइन किया गया है। निविदा में लिखा है, ''भारत के लोकपाल सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330एलआई कारों की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।'

**प्रशासनिक और लॉजिस्टिक व्यवस्था मजबूत करने का हिस्सा**

**स्वास्थ्य व कृषि जैसे विभाग संभाले**

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता योगेंद्र मकवाना नहीं रहे

**अहमदाबाद (भाषा)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता योगेंद्र मकवाना का मंगलवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। यह जानकारी कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने दी। कांग्रेस प्रवक्ता हिरेन बैंकर ने बताया कि मकवाना 1973 से 1989 तक राज्यसभा सदस्य रहे। वह राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उप मुख्य सचेतक और सचिव थे। बैंकर ने बताया कि मकवाना का आज सुबह निधन हो गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, मकवाना 1980 से 1988 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य रहे थे। उन्होंने गृह, योजना, संचार, इस्पात एवं खान, स्वास्थ्य और कृषि जैसे विभागों का कार्यभार संभाला। गुजरात के आणंद जिले के सोजित्रा गांव में 23 अक्टूबर, 1933 को उनका जन्म हुआ था।

**मकवाना 1973 से 1989 तक राज्यसभा सदस्य रहे**

***एनटी टैंक रॉकेट लॉन्चर बरामद, आईएसआई के संपर्क में थे***

# पंजाब से दो आतंकी गिरफ्तार, दिवाली पर बड़े हमले करने की योजना नाकाम



**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल दो लोगों को पकड़ा और रॉकेट द्वारा चालित ग्रेनेड (आरपीजी) को 'लॉन्चर' के साथ जब्त किया है, जिससे 'लक्षित आतंकवादी हमला' किया जाना था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए, अमृतसर से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल दो लोगों महकदीप सिंह उर्फ महक और आदित्य उर्फ अधी को गिरफ्तार किया है।

#### विक्की के संपर्क में भी थे दोनों

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े व्यक्ति के संपर्क में थे, जिसने हथियार भेजा था और साथ ही वे हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की के संपर्क में भी थे, जो वर्तमान में फिरोजपुर जेल में है।' डीजीपी ने कहा कि आरपीजी से 'लक्षित आतंकवादी हमला' करने की साजिश थी।

#### दोनों अमृतसर के रहने वाले

इस बीच, पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि महकदीप सिंह उर्फ महक अमृतसर के वडाली का रहने वाला है और आदित्य उर्फ अधी अमृतसर के भगा छीना गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। बयान में डीजीपी के हवाले से कहा गया है कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के एक अधिकारी के संपर्क में थे, जिसने ड्रोन के जरिए सीमा पार से यह खेप भेजी थी।

# बॉलीवुड अभिनेता असरानी का 84 साल की उम्र में निधन

# नहीं रहे अंग्रेजों के जमाने के 'जेलर'

## 'शोले' में निभाई यादगार भूमिका, 300 से अधिक फिल्में की

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए परिवार के सिर्फ 20 सदस्य

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म शोले में अंग्रेजों के जमाने के जेलर का रोल निभाने वाले गोवर्धन असरानी का सोमवार को निधन हो गया है। 84 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली है। एक्टर को 4 दिन पहले अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उनका निधन हुआ। उनकी लंग्स में पानी भर गया था। उनके निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई। उनके मैनेजर बाबूभाई थिबा ने उनके निधन की पुष्टि की। सादगी से अंतिम संस्कार किया गया।

#### निधन की खबर छिपा कर रखने की थी इच्छा

बाबूभाई थिबा ने बताया कि निधन से पहले असरानी ने अपनी पत्नी के सामने इच्छा जाहिर की थी कि उनकी मौत की खबर किसी को न दी जाए। वो हंगामा नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा था कि अंतिम संस्कार के बाद ही सबको इसकी खबर दी जाए। यही वजह रही कि निधन के तुरंत बाद सांताक्रूज के शांतिनगर स्थित श्मशान में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसमें परिवार के 15-20 लोग ही शामिल हुए।

#### हास्य कलाकार के साथ चरित्र अभिनेता भी थे

नई दिल्ली (भाषा)। असरानी सिर्फ हास्य अभिनेता नहीं थे, बल्कि एक शांत चरित्र अभिनेता भी थे, जो उन कई फिल्मों का हिस्सा रहे जो अब हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर का प्रतीक हैं। उन्हें हमेशा फिल्म 'शोले' के जेलर के रूप में याद किया गया और आगे भी किया जाएगा, जिनका संवाद ''हम अंग्रेज़ों के ज़माने के जेलर हैं'' 50 साल बाद भी दोहराया जाता है। उसी साल बासु चटर्जी की ''छोटी सी बात'' आई, जिसमें असरानी ने चिकनी-चुपड़ी बात करने वाले नागेश की भूमिका निभाई, जो विद्या सिन्हा के साथ नायक अमोल पालेकर के रिश्ते में बाधा डालने की कोशिश करता है। उन्होंने गुलजार की 'खुशबू' में मददगार भाई की भूमिका निभाई।

**मोदी ने जताया दुःख बॉलीवुड में शोक**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने अभिनेता गोवर्धन असरानी के निधन पर शोक जताया। वहीं, अमिताभ बच्चन अक्षय कुमार के साथ ही अजय देवगन, शबाना आजमी सहित कई मशहूर हस्तियों ने फिल्म उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति बताया।



**जन्म** 01-01-1941
**निधन** 20-10-2025

## खबर संक्षेप



### संपत्ति विवाद में व्यक्ति ने दादा को गोली मारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में मंगलवार को कथित तौर पर संपत्ति विवाद को लेकर 72 वर्षीय बुजुर्ग को उसके पोते ने गोली मार दी। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। पीड़ित की पहचान शाहबुद्दीन के रूप में हुई है और उस पर उसके परिवार के सदस्यों के साथ तीखी बहस के दौरान कथित तौर पर हमला किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शाहबुद्दीन, उसके बेटे और पोतों के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद था, जो हिंसा में तब्दील हो गया। पुलिस ने बताया कि शाहबुद्दीन के एक पोते ने कथित तौर पर उस पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि शाहबुद्दीन को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत स्थिर बतायी है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हत्या के प्रयास को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों का पता लगाने और गोलीबारी की घटना के क्रम की पुष्टि के लिए टीम तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

### राष्ट्रपति भवन के पास इमारत में आग लगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के द्वार संख्या 31 के पास एक इमारत में मंगलवार दोपहर आग लग गई, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर घरेलू सामान में आग लगने की सूचना दोपहर 1:51 बजे मिली। उन्होंने बताया कि आग पर 20 मिनट में काबू पा लिया गया। डीएफएस अधिकारी ने कहा, ₹हमने पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। दोपहर 2:15 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।₹ डीएफएस अधिकारी ने कहा, ₹हमारी टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। आग की श्रेणी सामान्य थी और आग बुझाने में केवल 20 मिनट लगे। हमने पुलिस को सूचित किया और उन्होंने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।₹ पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि परिसर की उचित जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है। उन्होंने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ और मामले की जांच जारी है।

### 'निगम परिवार' का हिस्सा कहने के बाद भी कर दी दीवाली काली : यूनियन



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शासन-प्रशासन ने हम एमटीएस कर्मियों को 'निगम परिवार' का हिस्सा कहा है और इसके बावजूद भी हमारी दीपावली काली कर दी है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर निगम जन स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली एमटीएस कर्मियों ने मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान निगम शासन-प्रशासन पर यह आरोप लगाए। यूनियन महासचिव देवा नंद शर्मा ने कहा कि आज बेहद शर्मनाक स्थिति है। कर्मियों को न्याय देने के बजाय निगम अधिकारी और नेता मिलकर हमें हड़ताल से उठाने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस के ज़रिए धरना खत्म करवाने की कोशिश की जा रही है। यूनियन ने बताया कि अगर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खुद सही स्थिति जानने के लिए बैठक करतीं, तो उन्हें मालूम पड़ता कि जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ किस हद तक अन्याय हुआ है। कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि निगम प्रशासन ने उनकी सेवा अवधि, वेतनमान और स्थायीकरण संबंधी मामलों में बार-बार टालमटोल की नीति अपनाई है। बता दें कि 29 सितंबर 2025 से निगम के करीब 5200 एमटीएस कर्मियों की अनिश्चिकालीन हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही।

तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में कथित तौर पर पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की पिटाई करने के बाद उसकी चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को मंगलवार तड़के गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान धीरज (24), आकाश उर्फ बाबा (24) और तरुण (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चौथा आरोपी अजय उर्फ अली अब भी फरार है। घटना के बारे में 21 अक्टूबर की रात करीब 12.20 बजे सूचना मिली। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और देखा कि पीड़ित सड़क पर पड़ा है और उसके सीने के दाहिने हिस्से पर चाकू से वार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) हरेश्वर स्वामी ने बताया कि मृतक की पहचान दिलीप उर्फ सीतांबर प्रसाद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दिलीप के साथ तीन-चार लोगों ने मारपीट की थी फिर उनमें से एक ने उसके घर के बाहर उसे चाकू मार दिया। मारपीट के दौरान उसके (पीड़ित के) भाइयों दीपक और संदीप पर भी हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक की पहचान शाहबाद डेयरी निवासी धीरज के रूप में हुई है, जो घटना के बाद फरार हो गया। दीपक की शिकायत के आधार पर, बीएनएस की धारा 103 (1) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान, गवाहों के बयान दर्ज किए गए और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसके बाद पुलिस ने एक घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। धीरज जहांगीरपुरी में एक ई-कॉमर्स किराना इकाई में काम करता है, आकाश बवाना में बर्तन के कारखाने में काम करता है और तरुण रिठाला में कुरियर सेवा में काम करता है। पुलिस ने बताया कि फरार सह-आरोपी अजय उर्फ अली की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

## रिहायशी इमारत में पटाखों से लगी आग, सात लोगों को बचाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में दिवाली की रात को चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने के बाद वहां से सात लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीआर को मोहन गार्डन स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना रात 9.49 बजे मिली। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया,'इमारत से तीन परिवारों के कुल सात लोगों को बचाया गया, जिनमें से चार को स्थानीय पुलिस ने आसपास के लोगों की सहायता से रस्सियों की मदद से अग्निशमन कर्मियों के पहुंचने से पहले बचा लिया। उन्होंने बताया कि बाकी तीन लोगों को अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घर से बाहर निकाला। डीसीपी ने बताया कि बचाए गए लोगों में हरविंदर सिंह (34), उनकी पत्नी प्रिया (27), वीरेंद्र सिंह (32), उनकी पत्नी प्रेमवदा, राखी कुमारी (40), उनके बच्चे वैष्णवी सिन्हा (15) और कृष्णा सिन्हा (10) शामिल हैं। सभी सुरक्षित बच गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना सोमवार रात 10 बजे मिली। पटाखों के कारण घरेलू सामान में आग लग गई और सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया, "दमकल की छह गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं और रात 11.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी शेखर ने बताया कि रात में जब पटाखे फोड़े जा रहे थे, तभी इमारत में आग लग गई। हम उस समय छत पर थे। मेरे भाई का फ्लैट यहीं है। शुक्र है कि सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि पहली दो मंजिलें सबसे अधिक प्रभावित हुईं। इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की रिश्तेदार माया ने बताया कि मेरे रिश्तेदार का इस इमारत में एक फ्लैट है। आग अचानक लगी और हमें अब भी ठीक से पता नहीं है कि यह कैसे लगी। जब तक हम पहुंचे, आग फैल चुकी थी। उन्होंने कहा कि इमारत में 12 फ्लैट हैं। सभी को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन कई फ्लैट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## अस्पतालों में झुलसने के 250 से अधिक मामले आए सामने

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिवाली पर दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में झुलसने के 250 से ज्यादा मामले आए। अधिकतर लोग पटाखे जलाने से झुलसे। सबसे ज्यादा 129 मामले सफदरजंग अस्पताल में आए जहां देश की सबसे बड़ी 'बर्न यूनिट' है। सफदरजंग अस्पताल के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में झुलसने के 55, गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में 37, दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में 16 और लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) में 15 मामले सामने आए। बर्न, प्लास्टिक और मैक्सिलोफिकल सर्जरी विभाग की प्रमुख डॉ सुजाता साराभाई ने बताया कि केंद्र संचालित सफदरजंग अस्पताल में दिवाली पर (19 और 20 अक्टूबर को) झुलसने के 129 मामले आए। इनमें से 111 मरीज मामूली रूप से झुलसे थे जिनका बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में उपचार किया गया जबकि गंभीर रूप से झुलसे 18 मरीज को



भर्ती किया गया। साराभाई ने बताया कि 129 मामलों में से 118 मरीज पटाखों से झुलसे थे जबकि 11 दीया से झुलसे। 24 मरीज 12 साल से कम उम्र के थे। केंद्र संचालित एम्स के बर्न और प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 48 घंटे के दौरान 55 मामले आए और गंभीर रूप से झुलसे 10 मरीजों को गहन उपचार कक्ष (आईसीयू) में भर्ती किया गया। एम्स में प्लास्टिक, पुनर्निर्माण और बर्न सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष सिंघल ने बताया कि 23 मरीजों की सर्जरी करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि 55 मरीजों में से 42 पटाखों से, तीन दीयों से और नौ पोटाश से रासायनिक जलन के कारण झुलसे। सिंघल ने बताया कि आठ मरीज 12 साल से कम उम्र के बच्चे थे, जिनमें चार महीने का एक बच्चा भी था। इसी तरह, पूर्वी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में झुलसने के 37 मामले सामने आए। एक अधिकारी के अनुसार, सात मरीज अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं, हालांकि किसी की हालत गंभीर नहीं है। एलएनजेपी अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में झुलसने के 15 मामले सामने आए, जिनमें से केवल एक मरीज का चेहरा जला था, जबकि बाकी मरीज मामूली रूप से जख्मी हुए। अधिकारियों ने बताया कि डीडीयू अस्पताल में 16 मामले सामने आए। दिवाली से एक दिन पहले तीन और दिवाली के दिन 13 मामले आए। किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं है।

### पटाखे संबंधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के मामले में 150 प्राथमिकी दर्ज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखे फोड़ने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का कथित तौर पर उल्लंघन करने को लेकर 100 से अधिक मामले दर्ज किए हैं, जबकि अवैध तरीके से पटाखों की बिक्री के आरोप में करीब 50 मामले दर्ज किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने पटाखे फोड़ने के लिए 19 और 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक की अनुमति दी थी। द्वारका जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले में निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन कर पटाखे फोड़ने के मामले में 24 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इसी तरह, रोहिणी जिले में भी समयसीमा उल्लंघन को लेकर 24 और पटाखे की अवैध बिक्री को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया df बाहरी उत्तर जिले में पटाखे फोड़ने की समय सीमा का उल्लंघन करने के लिए आठ मामले और पटाखों की अवैध बिक्री के लिए एक मामला दर्ज किया गया, जबकि बाहरी जिले में क्रमशः 30 मामले और 10 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने दावा किया कि अदालती आदेशों और प्रदूषण नियंत्रण उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ज़िलों में सख्ती से अनुपालन अभियान चलाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि बड़े पैमाने पर उल्लंघनों को रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों और आवासीय कॉलोनियों में टीम तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि शहर सुरक्षित रहे और वायु गुणवत्ता और खराब न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे सप्ताह निगरानी जारी रहेगी।

## होलंबी कलां में युवक की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाहरी-उत्तरी दिल्ली के होलंबी कलां इलाके में कथित तौर पर आपसी विवाद के चलते कुछ लोगों ने 24 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान विक्की थापा के रूप में हुई। यह घटना दिवाली की रात हुई जब पीड़ित और स्थानीय लोगों के एक समूह के बीच हाथापाई हो गई। अधिकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि चार-पांच लोगों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया और मौके से भाग गए। अधिकारी ने कहा, ₹कुछ ही देर बाद, एक अस्पताल ने पुलिस को सूचित किया कि चाकू के कई वार से घायल एक व्यक्ति को मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और उसे खून के निशान मिले। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक मंगल ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और आसपास के इलाकों से जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान मंगल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके साथियों को पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारी ने कहा, ₹हत्या के पीछे का मकसद आपसी विवाद प्रतीत होता है। मामले में जांच की जा रही है।

## दिल्ली में पटाखों की बिक्री में उछाल, आरडब्ल्यूए ने नियमों के उल्लंघन पर चिंता व्यक्त की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस दिवाली दिल्ली में पटाखों की बिक्री में तेज़ी देखी गई। व्यापारियों ने बताया कि कारोबार तेज रहा और ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने पटाखे फोड़ने की समयसीमा के उल्लंघन और बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल के अनुसार, इस त्योहारी मौसम में पटाखों की भारी मांग रही। उन्होंने कहा, "दिवाली से एक दिन पहले ही, ज़्यादातर व्यापारियों के पास स्टॉक खत्म हो गया था। कई लोगों को पटाखे खरीदने के लिए गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद और सोनीपत जाना पड़ा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल पटाखों की बिक्री लगभग 500 करोड़ रुपये की रही। सदर बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि व्यापारियों ने पिछले साल की



तुलना में इस साल लगभग 40 प्रतिशत ज़्यादा बिक्री दर्ज की। उन्होंने कहा कि पटाखों के साथ-साथ रोशनी और सजावटी सामान जैसी चीज़ों की भी मांग बढ़ी है।

उच्चतम न्यायालय ने 15 अक्टूबर को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में त्योहारों की परंपराओं और पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाते हुए कुछ शर्तों के तहत हरित पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति दी थी। अदालत के आदेश के अनुसार, दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन हरित पटाखों का इस्तेमाल कुछ खास घंटों तक ही सीमित था - सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच और रात 8 बजे से 10 बजे के बीच। 18 से 21 अक्टूबर के बीच हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति थी। हालांकि, आरडब्ल्यूए ने कहा कि नियमों का व्यापक रूप से उल्लंघन किया गया।

पूर्वी दिल्ली आरडब्ल्यूए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष बी एस वोहरा ने कहा कि देर रात तक पटाखे फोड़ना जारी रहा। उन्होंने कहा कि हालांकि समयसीमा रात 10 बजे थी, फिर भी कई इलाकों में सुबह तीन बजे तक पटाखे फोड़े गए। कई वरिष्ठ नागरिकों और सांस की समस्या वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यूनाइटेड रेजिडेंट्स जॉइंट एक्शन (यूआरजीए) के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि आरडब्ल्यूए ने पर्यावरण के अनुकूल उत्सवों को बढ़ावा देने के प्रयास किए, लेकिन प्रतिक्रिया सीमित रही। उन्होंने कहा कि त्योहारों का उत्साह तो ज़्यादा था, लेकिन जागरूकता और अनुपालन कम रहा। अधिकारियों को अगले साल और सख़्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए ताकि उत्सव आनंदमय रहें और साथ ही जन स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा सके।

### अदालत ने भाजपा नेता योगेंद्र चंदोलिया पर आरोप तय करने के फैसले को बरकरार रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने पांच साल पुराने एक मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ आरोप तय करने के फैसला को बरकरार रखा है। मजिस्ट्रेट ने लोक सेवक पर हमला करने या आपराधिक बल प्रयोग करने सहित विभिन्न अपराधों के लिए चंदोलिया के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था जिसे उन्होंने चुनौती दी थी। चंदोलिया पर 8 अक्टूबर, 2020 को प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक यातायात आरक्षी पर हमला करने का आरोप है। सत्र न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता, पुलिस अधिकारियों और मजदूरों के बयानों के अलावा, शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन में रिकॉर्ड की गई वीडियो क्लिप भी शिकायतकर्ता के बयान का समर्थन करती है। मजिस्ट्रेट अदालत ने इस साल मई में चंदोलिया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 356 (किसी व्यक्ति की संपत्ति की चोरी करने के प्रयास में हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 341 (गलत तरीके से रोकना) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत आरोप तय किए थे। भाजपा सांसद ने आदेश को चुनौती देते हुए पुनरीक्षण याचिका दायर की थी और कहा था कि आरोप कानूनी और तथ्यात्मक रूप से विचारणीय नहीं हैं। सत्र अदालत ने 18 अक्टूबर के आदेश में कहा, "वर्तमान मामले में, जब शिकायतकर्ता (कांस्टेबल) ने विशेष रूप से कहा कि आरोपी ने उसका रास्ता रोकने के बाद उसे क्रेन से नीचे खींच लिया, तो यह स्पष्ट रूप से प्रथम दृष्टया इंगित करता है कि शिकायतकर्ता को डराने या परेशान करने के इरादे से आपराधिक बल का इस्तेमाल किया गया था।" अदालत ने कहा कि यह कृत्य लोक सेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के इरादे से किया गया था। अदालत ने कहा कि इसलिए, आदेश (मजिस्ट्रेट के) में कोई अवैधता, अशुद्धि, अनियमितता या मनमानी नहीं पाई गई, इसलिए पुनरीक्षण याचिका निराधार है। इसे खारिज किया जाता है।

पूर्व सरकार ने दीपावली पर लगाया दिया था पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

# ऐसी शानदार और जगमग दीपावली ही दिल्ली की परंपरा रही है : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लोगों ने इस बार उजाले, वैभव और मिलन के पर्व दीपावली को दिल से और तनाव मुक्त होकर मनाया। सालों बाद दीपावली पर इस बार दिल्ली की रौनक, आभा और जगमगाहट अलग ही दिखी। ऐसी शानदार और जगमग दीपावली ही दिल्ली की परंपरा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी आभार व्यक्त किया है, जिसने इस पर्व की परंपरा को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का यह भी कहना है कि उनकी सरकार प्रदूषण को लेकर भी चिंतित है और इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय कर रही है। उन्होंने दिल्ली के लोगों की भी प्रशंसा की है कि जिन्होंने इस पर्व पर प्रदूषण के बजाय उल्लास को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री के अनुसार सालों बाद दिल्ली वालों को ऐसी दीपावली मनाते देख उन्हें संतोष और आनंद का अनुभव हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले और दीपावली तक पूरी दिल्ली का वातावरण अलग ही रंग में दिखा। बाजारों में खूब रौनक रही। खरीदारी के लिए लोग बाजारों में चले आए तो लोगों ने अपने घरों को चमकाने के लिए खूब मेहनत की। दिल्ली वालों को पहले से ही आभास था कि इस बार दिल्ली में ऐसी सरकार है जो सनातन परंपरा के साथ-साथ तत्कालीन आवश्यकताओं और भावनाओं का भी ध्यान रखती है। लोगों ने दिल्ली सरकार पर विश्वास व्यक्त किया और दिल से दीपावली मनाने के लिए जुट गए।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों बाद ऐसा हुआ कि दीपावली से पहले तक दिल्ली का प्रदूषण नियंत्रण में रहा, उसका कारण यह था कि उसे नियंत्रित करने के लिए हमारी सरकार प्रभावी उपाय कर रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली की रात पूरी दिल्ली की आभा, रोशनी और चमक देखने लायक थी। दिल्लीवासियों में दीपावली उत्सव को लेकर अलग ही उत्साह था। उन्होंने दिल्ली वालों का धन्यवाद दिया, जिन्होंने दिल्ली के प्रदूषण को कम रखने के लिए संजीदगी दिखाई और सर्वोच्च न्यायालय का मान रखते हुए ग्रीन पटाखों को प्राथमिकता दी।



मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार चाहती थी कि दीपावली पर्व पर ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत दी जाए। इसलिए हमने सर्वोच्च न्यायालय से निवेदन किया। सर्वोच्च न्यायालय ने देश की सांस्कृतिक संवेदनाओं और जन भावनाओं को समझते हुए ग्रीन पटाखों के सीमित उपयोग पर सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्लीवासी करीब सात सालों से इस पर्व को लेकर ऊहापोह की स्थिति में थे। पहले सर्वोच्च न्यायालय ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पटाखों पर सीमित प्रतिबंध लगाना शुरू किया।

सीएम ने पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की पूर्व सरकार ने प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी उपाय तो नहीं किए और दीपावली पर पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन इसका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा, क्योंकि दिल्ली में अवैध रूप से लाए पटाखे चले, जिसने दिल्ली का प्रदूषण गंभीर रूप से दूषित किया। इस बार दिल्लीवासियों के लिए दीपावली का पर्व दूनी खुशियां लेकर आया। उन्होंने दीये जलाए, रंगोली बनाई और मिठाइयां तो बांटी ही, साथ ही ग्रीन पटाखों का प्रयोग कर धरती और आसमान दोनों को जगमग कर दिया। मुख्यमंत्री के अनुसार सालों बाद दिल्ली वालों को ऐसी दीपावली मनाते देख उन्हें संतोष और आनंद मिला है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली के प्रदूषण को लेकर हमारी सरकार शुरू से ही गंभीर थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए सरकार कई प्रभावी उपाय कर रही है, ताकि आमजन विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य सामान्य रहे। इन उपायों में धूल जनित प्रदूषण को कम करने के लिए 1000 वॉटर स्प्रिंकलर और 140 एंटी-स्मॉग गन तैनात किए गए हैं। सड़कों पर यांत्रिक सफाई की जा रही है। इसके लिए 70 मैकेनिकल रोड स्वीपर और हाईटेक सुपर सकर मशीनें तैनात की जा रही हैं, जिनमें पानी के छिड़काव की सुविधा भी शामिल है। प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से निर्माण और तोड़फोड़ के स्थलों पर धूल नियंत्रण नियमों के सख्त पालन के लिए निरीक्षण बढ़ाए गए हैं।

### ईवी सार्वजनिक परिवहन प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें चलाना है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए लगातार पब्लिक और सेमी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार प्रदूषण रोकने के लिए कृत्रिम वर्षा (क्लाउड सीडिंग) की योजना पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसे क्रियान्वित करने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) से उपयुक्त बादलों और नमी की स्थिति के लिए हरी झंडी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़े

# दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सबसे ज्यादा खराब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की वायु गुणवत्ता में तेजी से गिरावट आई और सूक्ष्म प्रदूषक कणों (पीएम 2.5) का स्तर पिछले पांच वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। दिवाली के बाद के 24 घंटों में पीएम 2.5 की औसत सांद्रता 488 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गई, जो त्योहार से पहले के स्तर 156.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से तीन गुना से भी ज़्यादा है। साल 2021 से 2025 की अवधि के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि दिवाली की रात और अगली सुबह के दौरान पीएम 2.5 का मान लगातार बढ़ता रहा, और दिवाली के बाद 2025 में 488 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर का स्तर 2021 के बाद से सबसे प्रदूषण वाला रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्षों में, औसत पीएम 2.5 का स्तर 2021 में 163.1 से बढ़कर 454.5, 2022 में 129.3 से बढ़कर 168, 2023 में 92.9 से बढ़कर 319.7 और 2024 में 204 से बढ़कर 220 हो गया। शोध और सलाहकार समूह 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' द्वारा किए गए अध्ययन में इस वृद्धि के लिए मुख्य रूप से पटाखों से होने वाले स्थानीय उत्सर्जन, एक मीटर प्रति सेकंड से कम की स्थिर हवाओं और तापमान में बदलाव को जिम्मेदार ठहराया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज में प्रोफेसर एस के ढाका ने बताया कि पीएम 2.5 की उच्च सांद्रता दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय पटाखों के उत्सर्जन के कारण है। हवा की गति बेहद कम थी, जिससे फैलाव की कोई गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने कहा कि 'तथाकथित' हरित पटाखों ने भी कण निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उनकी गुणवत्ता और संरचना की जांच करने की आवश्यकता है। 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' की संस्थापक और निदेशक आरती खोसला ने कहा कि यह निराशाजनक है कि वर्षों तक पटाखे फोड़ने के हानिकारक प्रभावों को देखने के बाद भी, हम वही गलती दोहराते हैं। 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' की शोध प्रमुख पलक बाल्यान ने कहा कि इस साल की दिवाली हाल के वर्षों में सबसे प्रदूषित दिवाली रही।





## हवा को प्रदूषित करने की साजिश रच रही है पंजाब सरकार : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




पिछले 27 साल की बीमारियों को हमने सात महीनों में ठीक करना शुरू किया है, अब दिल्ली की हवा में सुधार दिखने लगा है।' दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीपावली पर पटाखे जलाने के बाद एक्यूआई सिर्फ़ 6 पॉइंट बढ़ा। पिदले दिन के 345 के मुकाबले मंगलवार का एक्यूआई 351 दर्ज किया गया जबकि पिछले साल यह 360 था। दिल्ली ने ज़िम्मेदारी से दीपावली मनाई, और हमारी कोशिशों से हवा की गुणवत्ता स्थिर रही। मंत्री सिरसा ने बताया कि दीपावली पर प्रदूषण का स्तर पहले से कम रहा है यदि तुलना करे तो एक्यूआई 2020 में 462, 2024 में 360 और 2025 में मात्र 351 दर्ज किया गया है। मंत्री सिरसा ने विपक्ष के धार्मिक बयानों की तीखी निंदा करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम दीपावली जैसे पावन पर्व को राजनीति से जोड़ रहे हैं। दीपावली किसी राजनीतिक पार्टी का त्यौहार नहीं है। यह भारत की आत्मा का त्यौहार है। जो लोग इसे पाप बता रहे हैं, वे धर्म और समाज दोनों के साथ अन्याय कर रहे हैं।

### किसानों को पराली जलाने के लिए मजबूर किया जा रहा

मंत्री सिरसा ने आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की हवा को ज़हरीला बनाने की साजिश पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार रच रही है, किसानों को पराली जलाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सिरसा ने कहा कि इस साल दिल्ली में 200 से अधिक साफ़ हवा वाले दिन देखे गए जो की पिछले एक दशक में सबसे एक प्रदर्शनों में से एक है और साल ख़त्म होने तक सबसे अच्छा होने का भी रिकॉर्ड बना सकता है।

### सात महीनों में 27 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाया

मंत्री सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के सात महीनों में 27 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हटाया गया, 500 वर्गमीटर से अधिक निर्माण स्थलों की सख्त मॉनिटरिंग, साथ ही इलेक्ट्रिक/सीएनजी बसों के बेड़े में कई गुना बढ़ोतरी की गई। 8 प्रतिशत नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन और 21 प्रतिशत निर्माण कार्य और 10/15 साल पुराने वाहनों के चलने के बावजूद भी पूरे साल प्रदूषण नियंत्रित रहा है।

## वायु प्रदूषण स्थिति पर कोई विशेष दुष्प्रभाव नहीं पड़ा : सचेदवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ जनता के बीच भ्रम फैलाते रहते हैं आप नेता

यह स्वागत योग्य है कि सोमवार रात दिल्ली में पटाखे चलाये गये पर क्षेत्र की वायु प्रदूषण स्थिति पर कोई विशेष दुष्प्रभाव नहीं पड़ा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं की मजबूरी है कि उनको मुस्लिम समाज को खुश रखना है ताकि उनका वोट बैंक सुरक्षित हो सके और इसीलिए वह जनता के बीच किसी ना किसी मुद्दे पर भ्रम फैलाते रहते हैं। आज कल आप नेता पटाखों से प्रदूषण वृद्धि पर बोल कर उन पर पुनः प्रतिबंध की मांग उठाने में लगे हैं। सचदेवा ने कहा है कि निस्संदेह सर्दियों में जो एक्यूआई हर साल बढ़ता है वह इस साल भी थोड़ा बढ़ेगा। दिल्ली में विगत वर्ष 2024 में दिवाली की रात के अगले दिन 31 अक्टूबर की सुबह रिकार्ड किया गया एक्यूआई रिकार्ड तोड़ 396 था जबकि आज 21 अक्टूबर को दिल्ली का ओसत एक्यूआई 356 दर्ज किया गया है।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचेदवा ने कहा है कि दिल्ली में पहले कांग्रेस, फिर अरविंद केजरीवाल सरकारों ने प्रदूषण नियंत्रण या स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किए और आज जब दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार प्रदूषण स्थिति सुधार के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है तो ब्यानवीर आप नेता स्थिति बिगाड़ने में लगे हैं।

## वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए एनडीएमसी ने तेज की कार्रवाई : कुलजीत चहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कार्रवाई तेज कर दी है। एनडीएमसी पूरी तरह से जनशक्ति और मशीनरी के साथ बढ़ते एक्यूआई स्तर से निपटने के लिए पूरी तत्परता से तैयार है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए एनडीएमसी द्वारा अपनाई जा रही कार्ययोजना की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति अकेले प्रदूषण नहीं रोक सकती। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाएं और अपने शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखें। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने अपने क्षेत्र में वायु प्रदूषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। एनडीएमसी की सभी टीमें और मशीनें चौबीसों घंटे युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर का औसत एक्यूआई 5:30 बजे सुबह '346' दर्ज किया गया, जो "बहुत खराब" श्रेणी में है और अधिकांश क्षेत्र रेड ज़ोन में हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीएमसी ने 'धूल नियंत्रण, स्मॉग कमी, हरियाली बढ़ाने और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने' के लिए एक व्यापक प्रदूषण नियंत्रण अभियान शुरू किया है।





## रात 10 बजे के बाद भी पटाखे फोड़ना गैर जिम्मेदाराना व्यवहार : सूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि दिवाली के मौके पर जिन लोगों ने रात दस बजे के बाद पटाखे फोड़े उन्होंने 'गैर जिम्मेदाना' व्यवहार किया। मंत्री ने हालांकि रेखांकित किया कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण बढ़ने का एकमात्र कारण पटाखे फोड़ना नहीं है। सूद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "दिल्ली के लोगों को उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन करना चाहिए था, जिसके तहत रात 10 बजे तक पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई थी। अदालत के रात 10 बजे के दिशानिर्देश को तोड़कर त्योहार मनाने वालों का यह गैर जिम्मेदाराना व्यवहार था। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग एवं अनुसंधान संस्थान (नीरी) द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग पर से प्रतिबंध हटा लिया था। शीर्ष अदालत ने 19 अक्टूबर और 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात 8 बजे से 10 बजे तक स्वीकृत पटाखों के उपयोग की अनुमति दी थी। सूद ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में सुबह पांच बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 943 और शाहदरा में करीब 390 रहा। दिल्ली वालों को मंगलवार की सुबह घने कोहरे और कम दृश्यता का सामना करना पड़ा। दिवाली की रात लोगों द्वारा दो घंटे की निर्धारित सीमा से अधिक पटाखे फोड़ने के बाद वायु गुणवत्ता 'खतरनाक स्तर' पर पहुंच गई। सूद ने कहा कि हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार मनाएं और शहर में हरित क्षेत्र और स्वच्छता बढ़ाने में दिल्ली सरकार का सहयोग करें, ताकि लोगों को इस बार जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।'



## अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं और इस सम्मेलन के दौरान 11 हजार 111 यज्ञ कुंडों से बृहद महायज्ञ व विशाल शोभा यात्रा के भव्य कार्यक्रम होंगे। आर्य केंद्रीय सभा के महामंत्री सतीश आर्य चड्ढा ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। बताया गया कि आर्य केंद्रीय सभा, दिल्ली राज्य की ओर से महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद के 142 वें निर्वाणोत्सव पर प्रधान सुरेंद्र रैली ने उनके परोपकारी विचार जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। सभा उपप्रधान उषा किरण, कीर्ति शर्मा, जोगिंदर खट्टर, अरुण प्रकाश वर्मा, हरि ओम बंसल, जगदीश मलिक, स्वामी भगवान देव सहित वक्ताओं ने गत 150 वर्षों में समाज सुधार व कुरितियां उन्मूलन में महर्षि दयानंद के योगदान पर प्रेरक विचार रखें। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य ने करवटें बदलते वातावरण में नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया, वहीं महामंत्री विनय आर्य ने स्वर्ण जयंती पार्क रोहिणी के इसी स्थल पर देश-विदेश के हजारों प्रतिनिधियों के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## एक हजार से अधिक स्थानों पर छठ पर्व का होगा आयोजन: मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ यमुना घाटों पर किया जा रहा है छठ पूजा का विशेष आयोजन

दिल्ली में इस वर्ष लगभग एक हजार से अधिक स्थानों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा, जो अब तक का सबसे व्यापक आयोजन होगा। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को 'छठ पूजा 2025' की तैयारियों को लेकर पूर्वांचल मोर्चा के साथ समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई वर्षों के बाद यमुना घाटों पर छठ पूजा का विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा और पूर्वांचल मोर्चा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि यमुना घाटों के अलावा द्वारका, हाथी घाट, पीतमपुरा और सोनिया विहार जैसे चार प्रमुख स्थानों पर विशेष रूप से भव्य आयोजन किए जाएंगे। दिल्ली के सभी छठ घाटों पर पूर्वांचल की लोक संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा दिल्ली के 200 से अधिक स्थानों पर कलाकारों को लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने के लिए आमंत्रित किया गया है। घाटों पर भव्य स्वागत द्वार, छठी मैया और सूर्य भगवान की प्रतिमाओं के साथ आकर्षक विद्युत सजावट की जाएगी, ताकि वातावरण श्रद्धापूर्ण और उत्सवमय बने। कुछ प्रमुख स्थानों पर 'मॉडल छठ घाट' स्थापित किए जा रहे हैं, जो सजावट और सुविधाओं के दृष्टिकोण से उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

मंत्री कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि छठ महापर्व पूर्वांचल की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। दिल्ली सरकार का उद्देश्य है कि यह पर्व न केवल श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाए, बल्कि यह दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता का भी उत्सव बने। पूर्वांचल की परंपरा को सम्मान और विस्तार देना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि छठ घाटों की तैयारियों के लिए आवश्यक अनुमति और एनओसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम लागू किया गया है, जैसा पूर्व में अन्य बड़े आयोजनों जैसे कांवड़ यात्रा, गणेशोत्सव, दुर्गा पूजा और रामलीला में किया गया था। प्रत्येक नगर निगम ज़ोन में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो व्यवस्थाओं के समन्वय और निगरानी का कार्य करेंगे। एमसीडी को निर्देश दिए गए हैं कि घाटों की नियमित सफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं।

## उपमहापौर ने जाना दीवाली बाद सफाई व्यवस्था का हाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने मंगलवार को किराड़ी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले चार वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उप महापौर ने छठ पूजा से संबंधित तैयारियों का जायजा भी लिया। रोहिणी जोन की उपायुक्त रिशिता गुप्ता, दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, आरडब्लूए के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में हम आज दिवाली के बाद इलाके में साफ सफाई की स्थिति का अवलोकन करने के लिए आज किराड़ी विधानसभा के निरीक्षण कर रहे हैं।

### उपमहापौर ने छठ घाटों का भी किया निरीक्षण

दिल्ली के उपमहापौर जयभगवान यादव ने कहा कि आने वाली छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए छठ घाटों का भी निरीक्षण किया गया। घाटों पर साफ सफाई, बिजली, लाइट और आने जाने की सुगमता संबंधी इंतजामों को देखा गया। जयभगवान यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में हम लगातार जनता से जुड़े हुए मुद्दे जानने एवं उनकी परेशानियों को सुनकर उनका समाधान करने के लिए सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता दिल्ली का विकास है और हम इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### परिवार के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

# विकास और जनकल्याण योजनाओं पर सरकार का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री के अनुसार यह मुलाकात आत्मीय व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधानी के विकास, स्वच्छ यमुना अभियान और आगामी छठ पूजा की तैयारियों से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राजधानी 'विकसित दिल्ली' बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है।

रेखा गुप्ता ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को यमुना नदी को निर्मल और प्रदूषण रहित बनाने के लिए दिल्ली सरकार के सतत प्रयासों की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार यमुना के कायाकल्प को लेकर पूर्ण प्रतिबद्ध है। इसके तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की क्षमता बढ़ाई जा रही है, ड्रेनों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शुद्ध करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाई जा रही है और उद्योगों के अपशिष्ट पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही यमुना के तटों पर हरित पट्टी विकसित की जा रही है और नदी में अवैध अपशिष्ट फेंकने पर रोक लगाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में यमुना दिल्लीवासियों के लिए स्वच्छ और जीवनदायिनी नदी के रूप में नव-जीवन प्राप्त कर ले।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि राजधानी में इस बार छठ पूजा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए दिल्ली सरकार व्यापक स्तर पर तैयारियां कर रही है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के दोनों किनारों पर विशेष छठ घाट तैयार किए जा रहे हैं, जहां व्रतधारियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता और मोबाइल शौचालय जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार घाटों की सफाई और जल गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, और दिल्ली सरकार चाहती है कि यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और स्वच्छता के साथ संपन्न हो।

शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री को राजधानी में चल रही जनकल्याणकारी व इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी विकास परियोजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार परिवहन, शिक्षा, जल आपूर्ति और शहरी पुनर्विकास के क्षेत्रों में तेजी से काम कर रही है। नए फ्लाईओवर, अंडरपास और कनेक्टिविटी परियोजनाओं से राजधानी में यातायात व्यवस्था में सुधार आ रहा है। इसी प्रकार, नई स्वास्थ्य सुविधाओं और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विस्तार से नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि दिल्ली सरकार राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है, ताकि राजधानी को एक आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और जनसुविधाओं से परिपूर्ण शहर बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से हुई यह भेंट दिल्ली के विकास और जनता की भलाई के लिए प्रेरणादायक रही। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से दिल्ली वाकई देश की आधुनिक राजधानी बनेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से राजधानी को नए विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## हेरिटेज इंडिया परिवार ने दीपावली की पर किया निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की दो दशक से भी ज्यादा पुरानी एनजीओ हेरिटेज इंडिया परिवार ने दीपावली की पर कांग्रेस नेता आदेश भारद्वाज के पिताजी स्व पंडित वेद प्रकाश भारद्वाज और माता जी स्व दयावती भारद्वाज की स्मृति में निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जीटीबी अस्पताल के मेडिसिन प्रमुख डॉ कुलदीप कुमार, डॉ ए बी एल श्रीवास्तव, डॉ नैंसी जुनेजा, कपिल ईशापुरी और चंचल वेलफेयर की अध्यक्षा चंचल कैम दयाराम बनीवाल कविता कुमारी व यूथ विंग के अध्यक्ष एडवोकेट आदित्य भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी अतिथियों ने संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा इस संस्था और इसके पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली से हमें प्रेरणा लेकर आगे आना चाहिए। जिस तरीके से निस्वार्थ भाव होकर यह लोग इस तरह के समाज कल्याण कार्यों को अंजाम दे रहे हैं यह अपने आप में एक मिसाल है। और मैं उम्मीद करता हूं कि इस संस्था से प्रेरित होकर दूसरे अन्य लोग भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएंगे।108 बेसहारा बुजुर्गो को गोद लेकर उनकी देखभाल करने वाली हेरिटेज इंडिया परिवार नामक इस संस्था के अध्यक्ष एस एन दूबे और संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज इस संस्था के माध्यम से गोद लिए हुए 108 बुजुर्गो की देखभाल करने के अलावा दूसरे अन्य सामाजिक कार्यों में भी अग्रणीय भूमिका निभाते रहे हैं उन्होंने बताया कि इस बार हमारी संस्था ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर सैंकड़ों लोगों की जांच करवाई है। क्षेत्रीय लोगों के अलावा हमने अपनी संस्था द्वारा गोद लिए गए108 बुजुर्गो को भी इस शिविर में आमंत्रित किया था। अभी पिछले छह महीने पहले भी हमारी संस्था ने दिव्यांग लोगो के लिए एक शिविर लगाकर उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध करवाई थी।

# दीपावली का पर्व निराशा पर आशा की विजय का प्रतीकः गोयल

फरीदाबाद ⏭ नई दिल्ली

प्रकाश के पावन पर्व दीपावली के अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के उपस्थिति में लेबर चौक फरीदाबाद पर 15 फीट ऊंचे भव्य दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह दीप केवल एक प्रतीक नहीं बल्कि एकता सद्भाव और आशा के अमृत प्रकाश का संदेश लेकर पूरी फरीदाबाद नगरी को आलोकित कर गया।

विपुल गोयल ने दीप प्रज्ज्वलन के अवसर पर कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की

**15 फीट ऊंचे भव्य दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन**



विजय का प्रतीक है। जब हम समाज के हर वर्ग तक यह रोशनी पहुंचाने का संकल्प लेते हैं तभी यह पर्व अपने सच्चे अर्थों में सार्थक होता है कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों महिलाओं, युवाओं और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहाकार राजीव जेटली, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पंकज सिंगला, पार्षद मुकेश अग्रवाल, कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, शैफाली सिंगला, जसवंत सैनी, प्रियंका बिष्ट बुधानी, अजीत नम्बरदार, आर.एस. गांधी, रवि वासुदेवा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

विपुल गोयल द्वारा प्रज्वलित यह 15 फीट ऊंचा भव्य दीप पुराने घी और तेल के टिनों से निर्मित किया गया था जो परंपरा और पर्यावरणीय चेतना का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर दीपोत्सव स्थल पर भजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और दीपदान के माध्यम से समाज में प्रेम भाईचारा और सकारात्मकता का संदेश दिया गया। फरीदाबाद के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल दीपावली का उत्सव है बल्कि अमृतकाल की भावना और नए भारत की आशा का भी प्रतीक है।

विपुल गोयल ने दीप प्रज्वलन के अवसर पर कहा कि यह आशादीप हमारे उस संकल्प का प्रतीक है जो हर फरीदाबादी के दिल में है कि फरीदाबाद को न सिर्फ हरियाणा में बल्कि पूरे देश में उत्कृष्ट बनाना है दीपावली का अर्थ सिर्फ घरों की रोशनी नहीं होता बल्कि समाज शहर और देश में नई ऊर्जा नई प्रेरणा और नए अवसरों का प्रकाश फैलाना होता है। आज जब हर कोई अपने घर को सजाने में व्यस्त है हम सब मिलकर अपने पूरे शहर को रोशन करने का कार्य कर रहे हैं यही फरीदाबाद की पहचान है। यह शहर त्योहार भी मनाता है और विकास का दीप भी जलाता है। यह 15 फीट का आशादीप उन सभी हाथों की मेहनत का परिणाम है जो दिन रात लगकर फरीदाबाद को सुंदर सशक्त और आधुनिक बना रहे हैं यह उन कामगारों प्रोफेशनल्स कर्मचारियों और नागरिकों का प्रतीक है जिन्होंने हमारे साथ मिलकर इस शहर को संवारने में योगदान दिया है।

विकसित भारत विकसित हरियाणा और उत्कृष्ट फरीदाबाद का लक्ष्य यह आशादीप हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विकसित हरियाणा और हमारे अपने लक्ष्य उत्कृष्ट फरीदाबाद की दिशा में उठाया गया एक और बड़ा कदम है अगली दीपावली तक हमारा संकल्प है कि हम फरीदाबाद को एक नेक्स्ट लेवल डेवलपमेंट सिटी बनाएंगे। इन्फ्रास्ट्रक्चर से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वच्छता पर्यावरण और स्मार्ट शहरी सेवाओं में फरीदाबाद को हर मानक पर सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में स्थापित करेंगे जिस प्रकार दीपावली से दीपावली तक हम अपने घरों को और सुंदर बनाते हैं उसी प्रकार हमें दीपावली से दीपावली तक अपने फरीदाबाद को और उत्कृष्ट बनाना है। यह आशादीप हमें यही प्रेरणा देता है कि जब हम सब मिलकर एक संकल्प लें तो कोई भी अंधकार हमें रोक नहीं सकता। यही दीपावली का संदेश है यही हमारा संकल्प है।

## खबर संक्षेप

### स्कॉर्पियो ने व्यक्ति को कुचला, मौके पर तोड़ा दम

**फरीदाबाद।** हार्डवेयर-सोहना रोड़ सेक्टर-22 में सडक़ पार करते समय एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर गाड़ी के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान रमेश के रुप में हुई है, जो हादसे वाली जगह से कुछ ही दूरी पर खुली मिनी स्वीट्स पर काम करता था। रमेश मूल रूप से हिमाचल के कांगड़ा का रहने वाला है। पिछले कई सालों से वह संजय कालोनी मे किराए पर रह रहा था। अभी वह सोहना रोड़ पर मिनी स्वीट की दुकान पर काम करता था। सोमवार रात करीब 10 बजे वह दुकान पर से टॉयलेट करने के लिए निकला था। जब वह सेक्टर 22 में दुकान से कुछ ही दूरी पर सडक़ को पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दूर जाकर गिरा। स्कॉर्पियो की टक्कर लगने से उसका सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के साथ काम करने राकेश ने बताया कि हादसे से पहले वह रमेश को ये बोलकर निकल रहा था कि वह घर जा रहा है। मृतक रमेश ने उसको घर जाने के लिए बोल दिया । लेकिन उसी दौरान स्कॉर्पियो ने सडक़ करते रमेश को कुचल दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए है।

### फरीदाबाद मंडी में आढ़ती से मारपीट

**फरीदाबाद।** सब्जी मंडी में एक आढ़ती के साथ मारपीट कर हमलावर 90 हजार रुपये लूट कर ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित नत्थी डागर झाड़सेंतली गांव का रहने वाला है और सब्जी मंडी में उसकी आढ़त है। सूचना के अनुसार वह सोमवार की रात को अपनी आढ़त पर था। रात को तीन.चार लोग आए और उसके साथ मारपीट की तथा उससे 90 हजार रुपये लूट कर ले गए। गंभीर अवस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना आदर्श नगर प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि आढ़ती का साला सूचना देकर गया है। घटना की वजह आढ़ती और हमलावरों के बीच आपसी रुपये के लेन-देन बताया जा रहा है। हमलावर रुपये लेने के लिए आए थे। वहां पर उनके बीच कहासुनी हो गई। इसी बात पर हमलावरों ने उसके सिर में चोट मार दी। मामले की जांच की जा रही है। जो भी आरोपी होगा, उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### गैस सिलेंडर लीक हादसाः बच्ची की मौत

**फरीदाबाद।** जवाहर कॉलोनी में पिछले सप्ताह रसोई गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग में झुलसी तीन महिलाओं में से एक की सोमवार सुबह मौत हो गई। इस घटना में अन्य दो महिलाओं और एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि 13 अक्टूबर की रात को जवाहर कॉलोनी स्थित एक घर में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई थी। इस हादसे में पारुल, नेहा, अनीता और उसका ढाई साल का बेटा भी झुलस गए थे। नेहा और पारुल का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा था। जबकि अनीता और उसके बेटे का एम्स में इलाज चल रहा है। नेहा की सोमवार सुबह मौत हो गई।

## स्क्रैप गोदान में हजारों कंप्रेसर फटे

# दीपावली की रात दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर लगी आग, रात भर मशक्कत करते रहे दमकल कर्मी

गुरुग्राम ⏭ नई दिल्ली

दीपावली की रात साइबर सिटी में जहां हर कोई त्यौहार मनाने में लगा था, वहीं दमकल विभाग के कर्मचारी रात भर आग बुझाने में जुटे रहे। यहां दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर लगी आग में लाखों का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ। सबसे बड़ी आग गांव राठीवास में बने एक स्क्रैप गोदाम में लगी। जहां 20 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग लगते ही स्क्रैप गोदाम से न केवल आग की उंची-उंची लपटे उठने लगी बल्कि गोदाम में रखे एसी, फ्रिज के हजारों कंप्रेशर फटने लगे।



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने अभी आग बुझाना शुरू ही किया था कि गोदाम का शेड पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। यहां दर्जनों गाड़्यों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन 20 घंटे बाद भी आग पूरी तरह से काबू नहीं हो पाई। वहीं, पुराने गुड़गांव में घनी आबादी के बीच बने एक फोटो फ्रेम शोरूम में भी आग लग गई। इस घटना में शोरूम पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आग बुझाने के लिए दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़्यों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी

दमकल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर गुलशन कालड़ा की की मानें तो दिवाली की रात को 29 स्थानों पर आग लगने की सूचना मिली। इसमें नाथुपुर की झुग्गियों में, सेक्टर-32 की वाटिका में, सेक्टर-28 में जूते-चप्पल के गोदाम में, सेक्टर-47 के मकान सहित दो अन्य इलाकों में गाड़्यों में आग लगना शामिल है। वहीं, रात को दो बड़ी आग की घटनाएं ओल्ड रेलवे रोड पर शिवपुरी एरिया में फोटो फ्रेम के शोरूम में आग लगने सहित गांव राठीवास में इकोवेरा ईवेस्ट रीसाइकिल कंपनी के स्क्रैप गोदाम में आग लगने की घटनाएं हैं। दमकल अधिकारियों की मानें तो राठीवास में पुरानी गाड़ी, फ्रिज, एसी, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का स्क्रैप गोदाम है।

यहां पुरानी गाड़्यों और इलेक्ट्रॉनिक आइटमस को डिस्मेंटल किया जाता है। ऐसे में यहां हजारों की संख्या में गाड़्यों के कंप्रेशर, गाड़्यों से निकला हुआ ऑयल, डीजल, पेट्रोल, रबड़, फाइबर, प्लास्टिक सहित अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखा था जिसके कारण आग तेजी से फैली। गोदाम की फ्रंट साइड पर दो सिक्योरिटी गार्ड मौजूद थे जिन्होंने और आसपास से गुजर रहे लोगों ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी। जब तक दमकल विभाग मौके पर पहुंची तब तक आग चंद मिनटों में ही विशाल रूप ले चुकी थी और यहां लगातार कंप्रेशर हवा में उछल उछलकर फट रहे थे। आग बुझाने का कार्य शुरू करते ही स्क्रैप गोदाम की छत गिर गई। एक दर्जन से अधिक गाड़्यों को यहां आग बुझाने के काम पर लगाया गया जिन्होंने सैकड़ों बार गाड़्यों में पानी रिफिल कर आग बुझाई। वहीं, शिवपुरी में देर रात करीब ढाई बजे एक फोटो फ्रेम के शोरूम में आग लगी। यहां फोटो फ्रेम को चिप्काने के लिए रखे गए कैमिकल के कारण आग तेजी से फैली और इसे बुझाने में दमकलकमियों को पसीने आ गए। करीब एक दर्जन गाड़्यों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारियों की मानें तो राठीवास में अभी तक आग लगी हुई है। करीब आधा दर्जन गाड़्यों आग बुझाने में लगी हुई हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इन घटनाओं में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

### पटाखों से 20 लोग झुलसे

**फरीदाबाद।** दीपावली की रात फरीदाबाद में खुशी के साथ-साथ कई घरों में चिंता भी लेकर आई। शहर में आतिशबाजी के दौरान लगभग 20 लोग झुलस गएए जिनमें से कुछ को गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पतालों में रेफर किया गया। फरीदाबाद के सिविल अस्पताल में लाए गए मरीजों में से 4-5 गंभीर रूप से झुलसे थे, जिनके शरीर के कई हिस्से जल गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के अस्पतालों में रेफर किया गया। बाकी मरीजों के हाथए चेहरा और शरीर के कुछ हिस्से हल्के झुलसे थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गोयल ने बताया कि दीपावली पर ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अस्पताल में पूरी तैयारी की गई थी। तीन शिफ्टों में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। हर शिफ्ट में दो.दो डॉक्टर मौजूद थे और रात के समय भी डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। सभी डॉक्टर समय पर पहुंचे और मरीजों को तुरंत इलाज दिया गया। डा. गोयल ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों पर पटाखे जलाते समय सावधानी बरतें। बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें और हमेशा किसी बड़े की निगरानी में ही आतिशबाजी करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ा हादसा बन सकती है, इसलिए सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है।

## फरीदाबाद में 25 जगहों पर आगजनी



- पटाखों की चिंगारी से उठी लपटें
- मकान की छत पर रखा सामान जला

फरीदाबाद ⏭ नई दिल्ली

फरीदाबाद जिले में दिवाली की रात जहां लोगों ने खुशी के साथ पटाखे छोड़े, वहीं कई जगहों पर इन पटाखों की वजह से आग लगने की घटनाएं भी सामने आईं। शहर के कई इलाकों में पटाखों से चिंगारी उठने के कारण आग लगीं। सारण गांव में कबाड़ी के गोदाम में आग लग गई।

डबुआ सब्जी मंडी के बाहर कूड़े में भी आग लगने की सूचना मिली। इसके अलावा सेक्टर-22 की वर्कशॉप, मछली मार्केट के पास, सराय ख्वाजा में स्थित निशान शोरूम की तीन गाडियां, बल्लभगढ़ रेलवे रोड और राहुल कॉलोनी की एक मकान की छत पर भी आग लग गई। इन सभी घटनाओं की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरी मेहनत के साथ आग पर काबू पाया।

### बिस्तर गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

ओल्ड फरीदाबाद शिव कॉलोनी स्थित मंगलम बिस्तर हाउस में बीती रात आग लग जाने के कारण लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आग किस वजह से लगी इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। मंगलम बिस्तर हाउस के मालिक संजय कक्कड़ ने बताया कि रात 2 बजे के करीब उनके पड़ोसियों का उन्हें फोन आया कि बिस्तर गोदाम में आग लग रही है। जब तक वहां पहुंचे आग ने विकराल रूप ले लिया था। इससे पहले पड़ोसियों ने दमकल विभाग को सूचित कर दिया। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने लगभग एक डेढ़ घंटा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। संजय कक्कड़ का कहना है कि इस आग में उन्हें लगभग सात आठ लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। गोदाम में रुई से बनी रजाइयां, गद्दा, फोम के गद्दे तकिया, चादरें रखी हुई थी। जिन्हें वह शादी-विवाह समारोह में किराए पर देकर अपनी अजीविका चला रहे थे। एनआईटी फायर स्टेशन के इंचार्ज सुखबीर यादव ने बताया कि दीपावली की रात कुल 24 से 25 आग लगने की घटनाओं की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर आग कूड़े के ढेरों में लगी थी, जबकि दो-तीन जगहों पर घरों में मामूली आगजनी की घटनाएं हुई, जिन पर भी समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। दीपावली के मौके पर आगजनी की संभावना को देखते हुए फायर विभाग पहले से ही सतर्क था।

### सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रही रद्द

सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं और उन्हें अपने-अपने स्टेशनों पर ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पूरी रात ड्यूटी पर रहे और हर कॉल पर तुरंत पहुंचकर आग को बुझाने का काम किया।

## गुरुग्राम के पीजी में एयर इंडिया फ्लाइट के सेफ्टी ऑडिटर की मौत

गुरुग्राम ⏭ नई दिल्ली

गुरुग्राम के एक पीजी में एयर इंडिया फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर प्रफुल्ल सांवत की मौत होने का मामला सामने आया है। प्रफुल्ल सांवत मुंबई का रहने वाला था। वह गुरुग्राम स्थित 30 में गौरव पीजी में रहता था। सूचना मिलने के बाद सेक्टर- 40 थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। शव को रात 9 बजे की फ्लाइट से मुंबई ले जाया जाएगा। जानकारी अनुसार, मुंबई के रहने वाले प्रफुल्ल सांवत एयर इंडिया फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर थे। वह गुडगांव के सेक्टर-30 स्थित गौरव पीजी में रहते थे। पीजी स्टाफ ने पुलिस को बताया कि प्रफुल्ल ने सुबह नाश्ता किया और इसके बाद अपने कमरे में बिस्तर पर लेट गया। उसने केयरटेकर को दोपहर के भोजन के लिए यूपीआई के माध्यम से पैसे भेजे थे। जब केयरटेकर ने लंच के बारे में पूछने के लिए उसे कॉल किया, तो प्रफुल्ल ने फोन नहीं उठाया। बार-बार कॉल करने पर भी कोई जवाब न मिलने पर केयरटेकर उसके कमरे तक पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और मोबाइल की घंटी बज रही थी। इसकी सूचना तुरंत सेक्टर 40 थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह दरवाजा खुलवाया, जहां प्रफुल्ल बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया। पीजी के स्टाफ ने पुलिस को बताया कि प्रफुल्ल की दिनचर्या सामान्य थी और उसने सुबह तक कोई दिक्कत नहीं थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की है, ताकि घटना की और जानकारी प्राप्त की जा सके। साथ ही पीजी के अन्य कर्मचारियों और निवासियों से पूछताछ की गई।

### जांच अधिकारी का कहना

जांच अधिकारी विनित चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का कारण हार्ट अटैक प्रतीत होता है। शव पर किसी तरह की चोट या अपराध के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## दिवाली के बाद शहर से एकत्र हुआ डेढ़ सौ मेट्रिक टन अधिक कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद।

- निगम ने भेजा प्रोसेसिंग यूनिट, स्वास्थ्य विभाग ने चलाया सफाई अभियान

नगर निगम द्वारा दीपावली के बाद साफ सफाई पर और अधिक ध्यान दिया गया है। दीपावली महापर्व पर हर घर, हर प्रतिष्ठान, हर बाजार में अभियान के रूप में साफ सफाई का कार्य हुआ है जिससे नियमित निकलने वाले कूड़े से ज्यादा कूड़ा एकत्र हो रहा है जिसके लिए सफाई मित्रों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कूड़ा कलेक्शन की रफ्तार को बढ़ाया है ।आवश्यकता को देखते हुए वार्डों में दो पारियों में कूड़ा कलेक्शन कराया गया, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया प्रतिदिन लगभग 1700 मेट्रिक टन कूड़ा एकत्र होता है जिसमें दीपावली के बाद लगभग डेढ़ सौ मैट्रिक



टन अतिरिक्त कूड़ा एकत्र किया गया है, जिसको निस्तारण के लिए कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट तक भेजा गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दीपावली पर्व से पूर्व भी अभियान के रूप में साफ सफाई और अधिक बेहतर करने का कार्य कराया गया इसी क्रम को बनाए रखते हुए दीपावली पर्व के बाद भी और अधिक रफ्तार से साफ सफाई का कार्य कराया गया जिसकी मॉनिटरिंग भी विशेष रूप से कराई गई, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि दीपावली के बाद अधिक कूड़ा एकत्र हुआ है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के द्वारा सरहनीय कार्य किया गया है, शहर में लगातार निगम द्वारा कूड़ा पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने से इस बार दीपावली महापर्व पर भी लोगों की आदत में कूड़ा प्रथकरण को देखा गया जो की प्रशंसनीय है, वसुंधरा कवि नगर के अलावा सिटी तथा मोहन नगर जोन में भी क्षेत्र वासियों ने गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए डोर टू डोर पूरा कलेक्शन वाहनों में डाला।

## निगमायुक्त ने की सफाई संबंधी उच्च प्राथमिकता परियोजनाओं की समीक्षा

# कचरा डंपिंग करने वालों पर निगम करेगा कार्रवाई

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों से मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा कलेक्शन प्वाइंटों के निर्माण और उनकी व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। वहीं एमआरएफ विकसित करने के साथ कचरा डंपिंग करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा।

निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को बैठक में शहर की



सफाई व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड में काम करें। उन्होंने उच्च प्राथमिकता वाली सफाई परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया।

### एमआरएफ विकसित करने के निर्देश

बैठक में निगमायुक्त ने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) विकसित करने के भी निर्देश दिए, ताकि कचरे का पुनः उपयोग और रिसाइक्लिंग सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सडक़ों की सफाई दिन के समय मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन से संभव है, वहां दिन में सफाई कराई जाए और इसकी प्रभावी निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। कुछ एमआरएफ सीएसआर फंड के तहत विकसित किए जाएंगे। इसके तहत नगारो के साथ जल्द ही एमओयू किया जाएगा।

### कचरा डंपिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

इसके अतिरिक्त निगमायुक्त ने बागवानी कचरा, स्ट्रे कैटल और अवैध कचरा डंपिंग करने वालों के खिलाफ प्रभावी और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी सख्त कार्रवाई से नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में मदद मिलेगी। शहर की मुख्य सडक़ों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और सफाई कार्य की निगरानी बढ़ाई जाएगी। शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए निगम प्रशासन हर स्तर पर सक्रिय है और इसे लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### बेहतर ढंग से विकसित होगा सिकंदरपुर प्वाइंट

निगमायुक्त ने सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों के निर्माण और उनकी व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिकंदरपुर प्वाइंट को बेहतर ढंग से विकसित किया जाएगा। इसके तहत वहां चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है, सुंदर पेंटिंग की जाएगी और सामने बड़े गमले रखे जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी सेकेंडरी प्वाइंट के बाहर कचरा नहीं आना चाहिए और इसके लिए वहाँ राउंड द क्लॉक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इससे निगरानी बढ़ेगी और कलेक्शन प्वाइंट व्यवस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से नियमित कचरा उठान की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में बताया गया कि बेरीवाला बाग, कन्हैयी व सिकंदरपुर सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों पर चारदीवारी का कार्य पूरा कर लिया गया है।

### संभव जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद।** संभव जनसुनवाई का आयोजन निगम मुख्यालय में अधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया।।जिसमें सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस के राय, प्रभारी प्रकाश आश कुमार,जोनल प्रभारी विजयनगर अमरनाथ, सहायक अभियंता जल शेषमणि यादव व अन्य टीम उपस्थित रही, जिनके द्वारा जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण के लिए कार्यवाही की गई। संभव के अंतर्गत चार संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें जल संबंधित एक संदर्भ निर्माण संबंधित एक संदर्भ तथा स्वास्थ्य विभाग संबंधित दो संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें उपस्थित अधिकारियों की टीम में तत्काल कार्यवाही कराई, नंदग्राम ई ब्लॉक में पानी की पाइपलाइन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई जिस पर जलकल विभाग टीम को मौके पर भेज कर कार्यवाही कराई गई, सीताराम बाजार वार्ड संख्या 88 से रोड मरम्मत की शिकायत प्राप्त हुई निर्माण विभाग टीम को शिकायत भेज कर कार्यवाही के लिए बताया गया।

## फरीदाबाद में जगमगाया 15 फीट ऊंचा आशादीप दीपोत्सव में बिखरी एकता और आशा की रोशनी

मंत्री विपुल और खाद्य मंत्री नागर ने किया प्रज्ज्वलित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



प्रकाश के पावन पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में फरीदाबाद के लेबर चौक पर 15 फीट ऊंचे भव्य आशादीप के प्रज्ज्वलन का भव्य आयोजन हुआ। यह दीप न केवल एक प्रतीक है, बल्कि एकता, सद्भाव और आशा के अमृतमयी प्रकाश का संदेशवाहक बनकर समूचे फरीदाबाद को आलोकित करेगा। विपुल गोयल ने दीप प्रज्ज्वलन के अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस प्रकाश को पहुंचाने का संकल्प लेते हैं, तभी यह पर्व अपने सच्चे अर्थों में सार्थक होता है। दीप जलाओ, आशा बढ़ाओ के गूंजते नारों ने वातावरण को उत्साह और उमंग से सराबोर कर दिया। यह 15 फीट ऊंचा आशादीप, परंपरा और पर्यावरणीय चेतना के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है।

## बिहार चुनावों को लेकर पीएम मोदी के व्यस्त शेड्यूल से असमंजस की स्थिति

# एक बार फिर से प्रधानमंत्री को प्रदेश लाने की तैयारी हरियाणा दिवस एक नवंबर को आने की संभावना पर मंथन

**27 अक्टूबर को पीएम मोदी का राई में कार्यक्रम हो गया था रद्द**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रदेश में लाने की तैयारी आरंभ कर दी गई हैं। पीएम मोदी हरियाणा दिवस पर एक नवंबर को प्रदेश के दौरे पर आ सकते हैं, इस दिशा में भाजपा के सियासी दिग्गज विचार मंथन में जुटे हैं। बिहार चुनाव में व्यस्तता की वजह से अगर पीएम मोदी का एक नवंबर का हरियाणा दौरा फाइनल नहीं हो पाया तो गीता जयंती महोत्सव में भागीदारी के लिए 25 नवंबर को पीएम मोदी कुरुक्षेत्र आ सकते हैं।



### मुख्यमंत्री दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिल चुके

मुख्यमंत्री ने इस तरह के प्रस्ताव को लेकर नई दिल्ली में मुलाकात की और शाह से भी मिले। पीएम मोदी की स्वीकृति मिलने के बाद रैली की तैयारियां तेज कर दी जाएंगी। हरियाणा में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा होने पर 27 अक्टूबर को पीएम मोदी सोनीपत के राई में आने वाले थे। इस दिन कई हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास होना था, लेकिन आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद राज्य में माहौल बना कि भाजपा को पीएम मोदी का दौरा स्थगित कराना पड़ा।

### सरकार एक साल का रिपोर्ट कार्ड कर सकती है पेश

राज्य में हालात इस समय सामान्य हालात हैं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी अपनी सरकार के एक साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए पीएम मोदी के जल्दी हरियाणा आने का संकेत दिया है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया कि पीएम कब आएंगे। सूत्रों के अनुसार पार्टी और सरकार की कोशिश एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर पीएम मोदी को सोनीपत के राई में ही बुलाने की है। प्रधानमंत्री ने यदि स्वीकृति प्रदान कर दी तो इसी दिन उनके हाथों दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पात्र करीब 20 लाख महिलाओं के खातों में 2100-2100 रुपये डलवाए जाएंगे।

### एक कार्यक्रम गीता जयंती को लेकर चर्चा

पीएम मोदी यदि बिहार चुनाव में व्यस्त रहे तो उन्हें गीता जयंती महोत्सव में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा, जो कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में होगा। 15 नवंबर से पांच दिसंबर तक गीता जयंती महोत्सव मनाया जाना है। यहां पहली बार 40 देशों के कलाकार और 20 देशों के राजदूत शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र लाने के प्रयास हो सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हाल ही में बिहार चुनाव में प्रचार करने गये थे।

### घरेलू एयर पोर्ट और शहीदी स्मारक को उद्घाटन का इंतजार

अंबाला छावनी में घरेलू एयरपोर्ट और शहीदी स्मारक को भी उद्घाटन का इंतजार है। इस दिशा में प्रदेश के श्रम और परिवहन, ऊर्जा मंत्री अनिल विज प्रयासों में लगे हुए हैं। पूर्व में भी कई बार इस दिशा में वे दिल्ली जाकर मुलाकात कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलकर विज अंबाला आने का आग्रह कर चुके हैं। इनके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बरेली में चार करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में पुलिस ने सोमवार देर रात एक ट्रक से लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य की 'मॉर्फीन' (एक प्रकार का मादक पदार्थ) बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) मानुष पारीक ने पत्रकारों को बताया कि बारादरी थानाक्षेत्र में सोमवार देर रात करीब तीन बजे डोहरा मार्ग पर एक छात्रावास के पास गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक ट्रक को रोक कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन चालक सिराज अहमद के पास से नीले रंग के बैग में चार पैकेट मिले, जिसकी जांच करने पर उसमें से 'मार्फीन' की बरामदगी हुई।

### दिवाली पर अलग-अलग घटनाओं में 13 लोग घायल

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में सोमवार को दीपावली के दिन दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई हिंसक घटनाओं में 13 लोग घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली घटना राजा का रामपुर थानाक्षेत्र के नगला मोहन गांव में हुई, जहां दो पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में सेना के एक जवान और अग्निवीर समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस झड़प का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें महिलाएं भी लाठी-डंडे लिए हुए दिखाई दे रही हैं।

### प्रेम प्रसंग की वजह से युवक की हत्या

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को प्रेम प्रसंग की वजह से 25 वर्षीय एक युवक की कथित रूप से हत्या कर दी गयी। पुलिस ने बताया कि इमरान नाम का युवक इस्लामाबाद गांव में अपने ही समुदाय की एक लड़की से प्रेम करता था और दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन लड़की के परिवार के लोग इस रिश्ते के खिलाफ थे। लड़की के परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को मामले पर चर्चा करने के बहाने इमरान को अपने घर बुलाया और मुलाकात के दौरान लड़की के भाइयों जुबैर और उमर ने उसपर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## उम्मीद जगी : प्राइवेट स्कूलों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला

# 2808 प्राइवेट स्कूलों को राहत देगी सरकार, अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

**अस्थायी स्कूलों का एक्सटेंशन और जुर्माना हो सकता है माफ**

*सीएम नायब सैनी ने भी इस मामले में अधिकारियों से विचार-विमर्श करने के लिए कहा है। दरअसल, हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों की मांगों को लेकर निजी स्कूल संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था।*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों को सरकार राहत दे सकती है। सरकार स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने और अस्थाई स्कूलों को एक्सटेंशन लेटर जारी करने के फैसले पर विचार कर रही है। सीएम नायब सैनी ने भी इस मामले में अधिकारियों से विचार-विमर्श करने के लिए कहा है। दरअसल, हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों की अपनी इन मांगों को लेकर निजी स्कूल संघ का प्रतिनिधिमंडल हाल ही में सीएम नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस में मिला था। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को विभिन्न मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान की अपील की थी। सीएम ने भी उनकी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया था।




चंडीगढ़। हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रतिनिधि अपनी मांगों को मीडिया के सामने रखते हुए।

### सीएम तक पहुंची ये भी मांगें

प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधिमंडल ने चिराग योजना, 134-ए और आरटीई के तहत मिलने वाली राशि को समय पर जारी करने की भी मांग रखी। इसके अलावा, स्कूलों को बसों पर टैक्स समाप्त करने, बसों की आयु सीमा बढ़ाने, स्कूलों में सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी देने, बिजली बिल को एनडीएस की बजाय डीएस कैटेगरी में करने तथा महापुरुषों की जयंती पर छुट्टी देने या न देने का अधिकार स्कूलों को देने जैसी मांगें भी ज्ञापन में शामिल थीं।

### सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया की लंबित मुद्दों का समाधान किया जाएगा

सीएम सैनी ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया था कि अन्य लंबित मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार कर जल्द ही समाधान किया जाएगा। सीएम से मुलाकात के दौरान संघ प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया और पैटर्न महावीर यादव ने बताया कि ज्ञापन में 2808 स्कूलों से संबंधित कई अहम मांग उठाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार से एमआईएस पोर्टल को दोबारा खोलने की मांग की गई, ताकि स्कूलों की तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतें दूर की जा सके। साथ ही, स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने और अस्थाई स्कूलों को एक्सटेंशन लेटर जारी करने का आग्रह किया गया।


### राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र के सुधार और निजी स्कूलों के हितों को लेकर संवेदनशील

सीएम सैनी ने संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र के सुधार और निजी स्कूलों के हितों को लेकर संवेदनशील है। स्कूल सोसाइटियों का जुर्माना माफ करने और अस्थाई स्कूलों को वैध विस्तार देने का निर्णय सरकार स्तर पर लिया जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था पर किसी प्रकार का दबाव न पड़े। उन्होंने अन्य मांगों पर भी अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार कर जल्द निर्णय लेने के निर्देश दिए। चंडीगढ़। संघ प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने बताया कि वर्ष 2017 में सोसाइटियों से 700 रुपये वार्षिक शुल्क की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस बारे में सूचना न मिलने के बावजूद विभाग ने 20 रुपये प्रतिदिन जुर्माना 2013 से लागू कर दिया जो अब एक लाख रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए जुर्माना माफ करने की मांग की है। संरक्षक महावीर यादव ने कहा कि 2808 स्कूलों का पोर्टल बंद होने से छात्रों के ऑनलाइन दाखिले प्रभावित हैं।

## एमपी-एमएलए से जुड़े केस ट्रांसफर के निर्देश

# हरियाणा में अचानक से 27 जजों को बदला गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा में दिवाली के दिन बड़े स्तर पर जज बदल दिए गए। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से जारी ट्रांसफर लिस्ट में 27 न्यायिक अधिकारियों के नाम शामिल हैं। ट्रांसफर ऑर्डर में लिखा है कि लिस्ट में 18 नंबर पर मनीष दुआ को छोड़कर अन्य अधिकारी अपने वर्तमान कार्यभार को तुरंत छोड़ कर अपने नए कार्यभार को संभालें। मनीष दुआ का ट्रांसफर एवं नियुक्ति 3 नवंबर 2025 से प्रभावी होगी। ऑर्डर में लिखा है कि संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि कोई अधिकारी सांसदों, विधायकों के मामलों से निपट रहा है, तो ऐसे मामलों को वहां निर्धारित अगली तारीख से पहले ही सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी अन्य न्यायालय को सौंप दिया जाए। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के ऑर्डर में लिखा है कि पंचकूला, फरीदाबाद और गुरुग्राम में विशेष रूप से पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की है। इसका आदेश चाइल्ड रेप की घटनाएं बढ़ने का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया था।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वृद्धाश्रम में मनाया दीपोत्सव, वृद्धजनों संग बांटी खुशियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, उन्हें मिठाइयाँ वितरित कीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री सैनी ने वृद्धजनों के साथ आतिशबाजी कर इस उत्सव की खुशियाँ सांझा कीं। उन्होंने कहा कि पंचकूला के वृद्धाश्रम में पहुंचकर सम्माननीय वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाना एक अत्यंत आत्मीय, प्रेरणादायी और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम, स्नेह और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है, जो हमें यह सिखाता है कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें हर चेहरे पर मुस्कान और हर हृदय में अपनत्व का प्रकाश झिलमिलाता हो।

# मथुरा के पास मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतरे

भाषा ▶▶ नयी दिल्ली

- वृंदावन रोड स्टेशन और आझई स्टेशन के बीच रात 8 :24 बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं

उत्तर प्रदेश में मथुरा के निकट मंगलवार रात एक मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बेपटरी हुए डिब्बों में माल लदा था। अधिकारियों ने बताया कि आगरा रेल मंडल के मथुरा-पलवल खंड के अंतर्गत आने वाले वृंदावन रोड स्टेशन और आझई स्टेशन के बीच रात 8:24 बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने कहा, ''प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं, जिससे डाउन मेन लाइन, अप मेन लाइन और तीसरी लाइन बाधित हुई है। ट्रेन के चालक दल के किसी भी सदस्य के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''इन अवरोधों से दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोटा मार्ग पर विभिन्न ट्रेन की आवाजाही पर गंभीर असर पड़ेगा।''

## योगी बोले, हम देश के सभी शहीद पुलिसवालों के परिजनों के साथ खड़े

# सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को योगी ने किया नमन

भाषा ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को मंगलवार को लखनऊ में पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ड्यूटी के प्रति समर्पण के लिए पुलिस की तारीफ की और ड्यूटी के दौरान प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को सरकार की तरफ से लगातार मदद का भरोसा दिलाया। मआदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर प्रदेश पुलिस के उन तीन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच बदमाशों से मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति दी।

### डायल-112 वाहनों की खरीद के लिए 210 करोड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4,061.87 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बजट में डायल-112 वाहनों की खरीद के लिए 210 करोड़, उपकरणों के लिए 272.75 करोड़ और पुलिस आधुनिकीकरण योजना के लिए 53.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### गैंगस्टरों की 14,467 करोड़ की संपत्ति जब्त

योगी ने कहा कि 20 मार्च 2017 से अब तक 26,920 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम और 961 पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि 14,467 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई और 68 माफियाओं तथा उनके 2,000 से अधिक साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत 69 अपराधियों को मृत्युदंड और 8,501 को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई।

## सांसद सैलजा का प्रदेश सरकार पर तंज

# युवाओं को रोजगार और सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



सांसद सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा थोपी गई बेरोजगारी की महामारी ने प्रदेश के युवाओं को गहरी निराशा और विवशता की स्थिति में ला खड़ा किया है। प्रदेश के नौजवान आज रोजगार के अभाव में कर्ज लेकर, खेत और मकान बेचकर विदेश जाने को मजबूर हैं। यह एक अत्यंत दर्दनाक सामाजिक सच्चाई बन चुकी है। सांसद सैलजा ने कहा है कि हाल के दिनों में विदेशों में हरियाणा के युवाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, बर्बरता और मौतों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन सरकारें मौन हैं। करनाल जिले के हथलाना गांव के दिवंगत प्रदीप की रूस में हुई मृत्यु ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है। वे केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकारों से मांग करती है कि यदि उनमें जरा भी इंसानियत बची है, तो दिवंगत प्रदीप का शव शीघ्र भारत लाकर परिजनों को सौंपा जाए, ताकि परिवार अंतिम संस्कार कर सके। हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान हो। रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे हरियाणा के युवाओं की खबरें अत्यंत चिंताजनक और पीड़ादायक हैं।

## सख्ती आने वाले समय में पार्टी के अंदर खींचतान और क्लेश को समाप्त करने की कवायद तेज

# हरियाणा कांग्रेस में अब गुटबाजी और धड़ेबंदी करने वालों की खैर नहीं, अध्यक्ष ने महिला नेत्री पर कार्रवाई के दिए संकेत

**अनुशासन के लिए कड़े कदम उठाने की रणनीति तैयार**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की हरियाणा कांग्रेस में अब गुटबाजी और धड़ेबंदी करने वालों की खैर नहीं है। कांग्रेस हाईकमान की ओर से सीधे ही अनुशासन का चाबुक इस्तेमाल करने की खुली छूट नए अध्यक्ष को दे ही। इस क्रम में एक महिला नेत्री पर गाज भी गिराई जा चुकी है। आने वाले समय में पार्टी के अंदर खींचतान और क्लेश को समाप्त करने के क्रम में हरियाणा कांग्रेस में अनुशासन के लिए कड़े कदम उठाने की रणनीति तैयार की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की पहल पर अनुशासन कमेटी के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। हाईकमान के निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को भेजा जा चुका है।

### बड़े नेताओं से लेकर छोटों पर भी शिकंजा



नेताओं के लिए अनुशासन समिति का मामला सिरदर्द भी साबित हो सकता है, क्योंकि हाईकमान ने पीसीसी चीफ को फ्री हैंड देकर सभी को एक नजर से देखने और पार्टी हितों को ताक पर रखने वाले छोटे बड़े सभी पर एक समान कार्रवाई का इशारा कर दिया है। जिससे आने वाले वक्त में कुछ लोगों को तकलीफ भी हो सकती है। राव की नजर अनुभवी और तटस्थ चेहरों पर है। अनुशासनात्मक कार्रवाई कमेटी में पूर्व नौकरशाह, वरिष्ठ वकील और पुराने संगठन कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के साथ में जगह दिए जाने का प्रस्ताव है। कमेटी में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि कोई यह न कह सके कि विशेष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी में आदेश ऊपर से आए और सवाल नीचे से नहीं हों। संदेश साफ है कि अब संगठनात्मक अनुशासन पर कोई समझौता नहीं होगा। हाईकमान भी हरियाणा में इस प्रयोग को लेकर गंभीर है, क्योंकि राज्य में कांग्रेस मतभेदों के कारण चुनावी नुकसान झेल चुकी है।

### हरियाणा प्रभारी के माध्यम से प्रस्ताव हाईकमान तक पहुंचाया

हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद के माध्यम से प्रस्ताव हाईकमान तक पहुंचाया जा चुका है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव में प्रदेश के अंदर अनुशासन समिति गठन के लिए आग्रह किया गया है। इसके साथ ही कुछ नाम भी इसमें दिए गए हैं। बताया गया है कि मंजूरी मिलते ही कमेटी का औपचारिक गठन होगा। इसके गठन के साथ ही प्रदेश के अंदर कांग्रेस में कलह और खींचतान पर ब्रेक लगाने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

### संगठन मजबूत करने पर जोर

अनुशासन कमेटी संगठन को एकजुट करेगी या किसी गुट को किनारे लगाने का जरिया बनेगी? एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अनुशासन की आड़ में नए समीकरण बन रहे हैं। यह तय करेगा कि असली नियंत्रण किसके पास रहेगा प्रदेश अध्यक्ष या पुराने पॉवर सेंटर्स।

### टिकट वितरण और सियासी फैसलों पर भी असर

कमेटी सक्रिय रूप से काम करती है तो यह आने वाले समय में टिकट वितरण और सियासी फैसलों, रणनीति पर भी प्रभाव डाल सकती है। राव नरेंद्र का कहना है कि 'हमारा किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं, लेकिन पार्टी मंच किसी की निजी सभा नहीं। बात करनी है तो एकांत में करें, प्रेस या पब्लिक के सामने नहीं।' यह बयान पूरे संगठन के लिए एक खुला संदेश माना जा रहा है कि कांग्रेस में अब बागी तेवर और सार्वजनिक बयानबाजी पर लगाम लगाई जाएगी। कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती संगठन नहीं, गुटबाजी है।


मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।


चमगादड़ एकमात्र स्तनधारी हैं जो उड़ सकते हैं।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यताएं

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## करने होते हैं ये कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

---

### कैंसर उपचार की रीढ़ है रेडियोथेरेपी, मरीजों की आशा की किरण

# जन सेवा के साथ करियर का बेहतरीन विकल्प 'रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट'

डॉ. विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर



बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी (B.Sc in Radiotherapy Technology) जन सेवा के साथ युवाओं को करियर का बेहतरीन विकल्प उपलब्ध करवा रही है। यह तकनीक जहां कैंसर के मरीजों में आशा की किरण है, वहीं मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवाओं को कामयाब होने के रास्ते दिखा रही है। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन कोर्स हो सकता है जो उनकी नौकरी की उम्मीदों को पंख दे सकता है। इसलिए युवा यह कोर्स कर अपने करियर को आसमान की बुलंदियों पर ले जा सकते हैं। आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते कैंसर मामलों ने रेडिएशन थेरेपी की मांग को तेजी से बढ़ाया है। कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसे सफलतापूर्वक देने वाले एक्सपर्ट रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी कोर्स युवाओं के लिए मेडिकल क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन चुका है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में जहां एक ओर डॉक्टर और ऑन्कोलॉजिस्ट का योगदान अहम होता है। वहीं, रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट पर्दे के पीछे से तकनीकी रूप से उपचार को सटीक और प्रभावी बनाते हैं। इनका कार्य रोगी के जीवन से सीधा जुड़ा होता है, इसलिए यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक ज्ञान बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भी परिपूर्ण है।

## क्या है रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाने वाली रेडिएशन मशीनों को ऑपरेट करते हैं। ये प्रोफेशनल्स डॉक्टरों के निर्देश पर रोगी को सटीक मात्रा में विकिरण देते हैं, जिससे ट्यूमर को नष्ट किया जा सके और स्वस्थ ऊतकों को नुकसान न पहुंचे। आज के समय में रेडिएशन तकनीक अत्याधुनिक हो चुकी है जैसे रैखिक त्वरक (एलआईएनएसी), ब्रैकीथेरेपी, साइबरनाइफ और गामा नाइफ जैसी मशीनें, जिनके संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक होता है। रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका केवल मशीन चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे रोगी की सुरक्षा, मशीन की मेंटेनेंस और रेडिएशन डोज की सटीक गणना जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्यों में भी शामिल होते हैं।

## बढ़ते कैंसर मरीजों के कारण बढ़ी डिमांड



## कोर्स की ये हैं जरूरी योग्यताएं

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी/मैथ्स) न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाखिला होता है। इसके लिए आप पहले कोचिंग भी ले सकते हैं। कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके बाद ही संस्थान का चुनाव करें। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर ध्यान रखना जरूरी है।

## साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स

बीएससी इन रेडियोथेरेपी एक साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स है, जिसमें क्लासरूम टीचिंग, लैब ट्रेनिंग और हॉस्पिटल इंटर्नशिप शामिल होती है। अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों को रेडिएशन विभाग में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे वास्तविक मरीजों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कुछ संस्थानों में छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य, केस स्टडीज और वर्कशॉप्स के माध्यम से रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस दौरान उन्हें न केवल तकनीकी स्किल, बल्कि रोगियों के प्रति सहानुभूति और मानसिक मजबूती जैसे गुण भी विकसित करने पर बल दिया जाता है।

## काम करके मिलता सुकून

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें न केवल करियर की स्थिरता और उन्नति है, बल्कि कैंसर पीड़ितों की जिंदगी को बचाने का सुकून भी शामिल है। यह विज्ञान और मानवीय सेवा का सुंदर संगम है। यदि आप मेडिकल क्षेत्र में टेक्निकल एक्सपर्ट बनने के साथ समाज सेवा का जज़्बा भी रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए उपयुक्त विकल्प हो सकता है। आने वाले वर्षों में जैसे-जैसे भारत में कैंसर उपचार सुविधाएँ बढ़ेंगी, वैसे-वैसे रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी।

### कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की भूमिका सबसे कारगर, B.Sc in Radiotherapy Technology कोर्स युवाओं को दे रहा करियर बनाने का शानदार मौका

## कोर्स करने के लिए प्रमुख संस्थान

1. पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक)
2. पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
3. एस.एम.एस. जयपुर (सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर)
4. बी.एच.यू. वाराणसी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
5. जिपमर पुडुचेरी (जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुडुचेरी)
6. एम्स दिल्ली (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
7. सी.एम.सी. वेल्लोर (क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर)

**(नोट : इन संस्थानों से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में भारत की पहचान बना रहे हैं।)**

## यह मिल सकता है वेतन

शुरुआत में रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट का वेतन 30,000 रुपये से 45,000 रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। अनुभव के साथ और सरकारी अस्पतालों या प्रतिष्ठित संस्थानों में यह वेतन 60,000 रुपये से 80,000 रुपये प्रति माह तक भी पहुंच सकता है। विदेशों में यह प्रोफेशन और भी अधिक सम्मानजनक और उच्च वेतन वाला माना जाता है। साथ ही, जैसे-जैसे नई तकनीकें आ रही हैं जैसे आईएमआरटी-तीव्रता मॉड्युलेटेड रेडिएशन थेरेपी, आईजीआरटी-इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, एसआरएस/एसआरटी-स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी/स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी, एसबीआरटी-स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी आदि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वालों की मांग और बढ़ रही है। निजी स्वास्थ्य संस्थान अब योग्य रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट को आकर्षक वेतन पैकेज दे रहे हैं।

## यहां नौकरी के अवसर

**रेडियोथेरेपी कोर्स के बाद छात्र निम्न संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं।**

- कैंसर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स
- मेडिकल कॉलेज व रिसर्च सेंटर
- प्राइवेट डायग्नोस्टिक और रेडिएशन यूनिट्स
- सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों के तहत
- अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर संगठनों में
- इसके अतिरिक्त, अनुभवी टेक्नोलॉजिस्ट रिसर्च, हेल्थ एजुकेशन, मेडिकल इक्विपमेंट कंपनियों या हेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी अपना करियर बना सकते हैं।

---

# हर नया दिन आपको सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने का देता मौका



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

छात्र जीवन एक ऐसी यात्रा है जो चुनौतियों, अवसरों और भविष्य को आकार देने वाले पलों से भरी होती है। हर नया दिन आपके सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने और सफलता की ओर बढ़ने का एक मौका देता है। यह पल आपके लिए है अपनी ऊर्जा को संजोने, अपने मन को एकाग्र करने और अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करने का समय। यह व्याकुलता का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय का समय है वर्तमान को थामने और उज्ज्वल भविष्य को गढ़ने का अवसर। छात्रों को अक्सर पढ़ाई, व्यक्तिगत विकास और तेजी से बदलती दुनिया की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने का भारी दबाव झेलना पड़ता है। हतोत्साहित होना या अपने लक्ष्यों से भटक जाना स्वाभाविक लग सकता है। लेकिन हर सुबह, हर बीतता क्षण, आपके सपनों के प्रति फिर से समर्पित होने का आह्वान है।

## सोचे-समझे कदमों से करें शुरुआत

दिन के ये शुरुआती पल रचनात्मकता और मेहनत के लिए एक खुला कैनवास हैं। सोशल मीडिया, आत्म-संदेह या आलस्य जैसे व्याकुलताओं के आगे झुकने के बजाय, इस समय को अपनी प्रेरणा को बढ़ाने और अपनी ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाने के लिए उपयोग करें। जैसा कि एक प्रेरक हिंदी कथन कहता है कि सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है। यह उद्धरण इस पल को थामने के सार को दर्शाता है। सुबह का यह समय, जब दुनिया संभावनाओं से भरी जाग रही होती है, आपके लिए एक नई शुरुआत है। आपकी मेहनत, आपके प्रिय सपनों के साथ मिलकर, आपको आगे बढ़ा सकती है। चाहे आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों, या अपनी रुचियों को खोज रहे हों, यह वह समय है जब आपको पूरे उद्देश्य के साथ कार्य करना है। रचनात्मकता एक छात्र के रूप में आपकी सबसे बड़ी ताकत है। यह केवल किताबी ज्ञान या तथ्यों को रटने तक सीमित नहीं है; यह नए दृष्टिकोण अपनाने, अनोखे समाधान खोजने और चुनौतियों को रचनात्मक ढंग से हल करने के बारे में है। लेकिन व्याकुलताएं रचनात्मकता की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। वे आपका ध्यान भटकाती हैं और उस ऊर्जा को कमजोर करती हैं जिसे आप सीखने और विकास में निवेश कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को क्षणिक प्रलोभनों से ऊपर रखकर, आप अपने भविष्य को आकार देने की शक्ति को फिर से हासिल करते हैं। इस पल का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, छोटे-छोटे, सोचे-समझे कदमों से शुरुआत करें। दिन के लिए स्पष्ट और प्राप्य लक्ष्य बनाएं, अपने कार्यों को छोटे हिस्सों में बांटें और अपनी हर छोटी उपलब्धि का उत्सव मनाएं।

## हर सफल व्यक्ति एक छात्र

अपने चारों ओर सकारात्मकता लाएं -चाहे वह प्रेरक दोस्त हों, मार्गदर्शक शिक्षक हों, या एक शांत स्थान जो आपके विचारों को उड़ान दे। याद रखें, हर सफल व्यक्ति कभी एक छात्र था, जिसने हार नहीं मानी, जिसने सुविधा के बजाय संघर्ष को चुना, और जिसने हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखा। सुबह का यह समय आपके सपनों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। दुनिया आपके अनोखे योगदान, आपके विचारों और आपकी दृढ़ता की प्रतीक्षा कर रही है। इस पल को अपनाएं, अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करें और अपने लक्ष्यों की ओर साहसपूर्वक कदम बढ़ाएं। एक छात्र के रूप में आपकी यात्रा केवल मंजिल तक पहुंचने की नहीं है यह उस रास्ते में अपने सर्वश्रेष्ठ स्वरूप को खोजने की है। तो, उठें, कर्म करें और हर क्षण को अमूल्य बनाएं।

### खुद पर भरोसा करो, क्योंकि तुम्हारी ताकत तुम्हारे भीतर छिपी है

आत्मविश्वास सफलता की नींव है। यह उद्धरण छात्रों को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं लगता। छात्र जीवन एक ऐसी अवस्था है जहां हर दिन एक नया सबक लाता है। इन प्रेरणादायक उद्धरणों को अपने साथी बनाएँ और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें। जैसा कि पहले उद्धरण में कहा गया, "सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है।" इस पल को थामें, अपने भीतर की रचनात्मकता और जुनून को जगाएं, और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें। आपमें वह शक्ति है जो आपको दुनिया की ऊंचाइयों तक ले जा सकती है बस उस पर विश्वास करें और कदम बढ़ाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

उत्तर 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### पुलिस चौकी प्रभारी और ढाबा मालिक पर हमला

**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा में पुलिस चौकी प्रभारी और एक ढाबा मालिक पर के सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजकर 55 मिनट पर बांसजोर पुलिस चौकी को टगरा गांव स्थित एक ढाबे पर डकैती और मारपीट की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी ने कहा, ''सूचना मिलने पर बांसजोर पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और देखा कि लगभग 30-35 पुरुष और महिलाएं ढाबा मालिक सुखजिंदर सिंह और उनके कर्मचारी पराग सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे।'

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बदरीनाथ के दर्शन किए

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत) ने मंगलवार को भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए। हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ हैलीपैड पहुंचे राज्यपाल सिंह का चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने स्वागत किया। स्थानीय पुलिस ने राज्यपाल को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया, जिसके बाद वह कार से बदरीनाथ मंदिर पहुंचे। राज्यपाल सिंह ने मंदिर में दर्शन करने के बाद जिलाधिकारी से धाम में जारी 'मास्टर प्लान' के कार्यों की जानकारी ली। राज्यपाल ने सिविक एमीनिटी सेंटर, सिविक कम्युनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा और अस्पताल की बिल्डिंग की प्रगति पर संतोष जताया।

### 44 हजार करोड़ में से सिर्फ 8 हजार करोड़ ही मिले, कैसे होगा विकास

# शिवराज-प्रहलाद और विजयवर्गीय भी नहीं ला पाए एमपी के लिए फंड

अधूरी रह जाएंगी योजनाएं, प्रदेश के लोगों भुगतना पड़ेगा गंभीर खामियाजा

**इसका असर प्रदेश में केंद्र के सहयोग से चलने वाली योजनाओं पर भी पड़ेगा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोहन सरकार के राजस्व जुटाने वाले अफसरों के फेल्योर के बीच केंद्र सरकार की ओर से भी राज्य सरकार को पहली छमाही में योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं दिया गया। केंद्र से मिलने वाले इस फंड को दिलाने में केंद्र में एमपी का नेतृत्व करने वाले केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और एमपी के पावरफुल मंत्री प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय भी कमजोर साबित हुए हैं। दरअसल, चालू वित्त वर्ष में राज्य सरकार को केंद्र सरकार से 44355.95 करोड़ दिए जाने का प्रावधान किया गया है, इसके विपरीत केंद्र सरकार ने अब तक 8027.12 करोड़ रुपये ही राज्य सरकार को दिए हैं। यह केंद्र से मिलने वाली अंश राशि का सिर्फ 18.07 प्रतिशत है। इसका असर प्रदेश में केंद्र सरकार के सहयोग से चलने वाली योजनाओं पर भी पड़ना तय है।

#### खनिज, जेल और राजस्व विभाग को नहीं मिले

छह माह बीतने के बाद भी जिन विभागों के लिए केंद्र सरकार से राज्य सरकार को एक भी रुपए नहीं मिले हैं, उनमें खनिज साधन विभाग, जेल विभाग के साथ राजस्व विभाग शामिल है। जेलों के आधुनिकीकरण के लिए 15 करोड़ तो डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के लिए 50 करोड़ मिलना है। सहकारिता विभाग को 8.07 करोड़ मिलने थे, लेकिन एक भी रुपए नहीं मिले हैं। श्रम विभाग को 1.24 करोड़ मिलना है पर नहीं मिले हैं।

#### भ्रष्टाचार के चलते जल जीवन मिशन का पैसा रुका

केंद्र सरकार ने प्रदेश में जल जीवन मिशन में किए गए भ्रष्टाचार और पीएचई मंत्री पर लगे कमीशनखोरी के आरोपों के बीच इस वित्त वर्ष में अब तक पीएचई विभाग को एक रुपए भी नहीं दिए हैं। जबकि केंद्र द्वारा पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के लिए 8561.22 करोड़ रुपए देने का प्रावधान है।

#### फाइनेंस को 420.27 करोड़ रुपये मिले

वित्त विभाग को पहली छह माही में केंद्र सरकार ने 14 वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों के लिए 38.40 करोड़ तथा अतिरिक्त अनुदान के रूप में 381.87 करोड़ समेत कुल 420 करोड़ 27 लाख रुपये दिए हैं।

#### पीएम आवास व मनरेगा के लिए मिला इतना फंड

ग्रामीण विकास विभाग को 9774.23 करोड़ देने का प्रावधान अलग-अलग स्कीम में किया गया है लेकिन इसके विपरीत 2782.60 करोड़ ही दिए गए हैं। इसमें पीएम आवास योजना के लिए 2640 करोड़ के बदले 1987.16 करोड़ और मनरेगा के लिए 3160 करोड़ के बदले 533.21 करोड़ तथा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के लिए 576.01 करोड़ के बदले 174.28 करोड़ की राशि शामिल है।

#### पहली छमाही का टारगेट

बता दें कि मोहन सरकार के राजस्व जुटाने वाले विभाग पहली छमाही के लिए तय टारगेट के मुकाबले पांच हजार करोड़ से अधिक का राजस्व नहीं जुटा पाए हैं। जो सरकार के खजाने में जमा होना था। इससे सरकार का घाटा बढ़ना तय है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने इस साल अब तक अलग-अलग विभागों में केंद्र और राज्य सरकार की मदद से संचालित जिन योजनाओं के लिए फंड नहीं दिया है, उसमें एमपी में खोले जा रहे नए मेडिकल कॉलेज, उपस्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, पीएम आवास योजना शहरी, पीएम ई बस योजना, जल जीवन मिशन का काम, ई विधान समेत अन्य योजनाओं के लिए राशि नहीं मिलना शामिल है। केंद्र के हिस्से की राशि नहीं मिलने के कारण राज्य सरकार इन योजनाओं में अपने हिस्से की राशि नहीं मिला रही है।

### हिप्रः ऑस्ट्रिया के नागरिक को बचाया गया

## हादसे में मारी गई पैराग्लाइडर का शव कांगड़ा लाया गया

- सैटेलाइट फोन के माध्यम से भेजे गए निर्देशांकों के आधार पर तलाश अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धर्मशाला/शिमला

हिमाचल प्रदेश की धौलाधार पर्वतमाला में हादसे की शिकार हुई 27 वर्षीय कनाडाई पैराग्लाइडर का शव कांगड़ा लाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मेगन एलिजाबेथ रॉबर्ट्स ने शनिवार को बीर-बिलिंग से अकेले उड़ान भरी थी। उन्होंने बताया कि मेगन के सैटेलाइट फोन के माध्यम से भेजे गए निर्देशांकों के आधार पर तलाश अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीम 13 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित दुर्घटनास्थल तक पैदल पहुंची जहां उसे पैराग्लाइडर का शव मिला। अतिरिक्त जिलाधिकारी शिल्पी बेइकता ने बताया कि टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में पोस्टमॉर्टम में बाद मेगन का शव उसके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। इस बीच, उसी पर्वत श्रृंखला से एक और फंसे हुए पैराग्लाइडर को बचाया गया। कांगड़ा के छोटा भंगाल क्षेत्र में देहनासर के पास फंसे ऑस्ट्रियाई पैराग्लाइडर जैकब क्रेमर को मंगलवार को 'बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन' (बीपीए) और स्थानीय प्रशासन की एक टीम ने बचाया। जैकब सोमवार को बिलिंग से उड़ान भरने के बाद लापता हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एक हेलिकॉप्टर की मदद से बचाया गया और चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले इस साल जुलाई में 27 वर्षीय गुजरात निवासी सतीश भी कांगड़ा जिले के धर्मशाला इलाके में इंद्रु नाग में हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी साल जनवरी में उसी पैराग्लाइडिंग स्थल पर छलांग लगाने के दौरान हुए हादसे में अहमदाबाद निवासी भावसर खुशी की भी मौत हो गई थी।

### भोपाल में जीप की टक्कर में दो लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक तेज रफ्तार जीप की दो मोटरसाइकिलों से टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को अरवलिया मोड़ के नजदीक बाईपास रोड पर हुई।ईंटखेड़ी पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक आशीष सप्रे ने बताया कि तेज रफ्तार जीप ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और सड़क पर खड़े दो अन्य घायल हो गए। बाद में यह एक दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गई और उसके सवार की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मुख्तार (40) और गनी (60) के रूप में हुई है, दोनों अरवलिया इलाके के रहने वाले थे। घायल लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## घाटशिला उपचुनाव के लिए जेएलकेएम के रामदास मुर्मू समेत 10 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र दाखिल

भाषा ⏭ जमशेदपुर

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के उम्मीदवार रामदास मुर्मू सहित 10 उम्मीदवारों ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के निवर्तमान विधायक एवं राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के 15 अगस्त को निधन के बाद घाटशिला विधानसभा सीट खाली हो गई थी। झामुमो ने इस सीट से दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को मैदान में उतारा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र



बाबूलाल सोरेन को उपचुनाव के लिए फिर से उम्मीदवार बनाया है। बाबूलाल सोरेन 2024 के विधानसभा चुनावों में रामदास सोरेन से हार गए थे जबकि जेएलकेएम के रामदास मुर्मू तीसरे स्थान पर रहे थे। मुर्मू के अलावा मंगलवार को घाटशिला (अनुसूचित जनजाति) सीट के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह, विक्रम किस्कू, रामकृष्ण कांति महाली, मालती टुडू, विकास हेम्ब्रम (सभी निर्दलीय), आपकी विकास पार्टी के दुखी राम मार्डी, भारत आदिवासी पार्टी के पंचानन सोरेन और राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मंगल मुर्मू शामिल हैं। इस उपचुनाव के लिए 13 अक्टूबर को राजपत्र अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक कुल 17 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। इस सीट के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मान

- पुलिस उप महानिरीक्षक हरचरण को निलंबित किया
- आठ लाख की रिश्वतखोरी के मामले में किया था गिरफ्तार
- ऐसे कृत्यों में लिप्त लोगों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



भ्रष्टाचार के प्रति अपनी सरकार की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि पुलिस उप महानिरीक्षक (रोपड़ रेंज) हरचरण सिंह भुल्लर को निलंबित कर दिया गया है। भुल्लर को हाल में रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। भुल्लर को एक अन्य व्यक्ति के साथ आठ लाख रुपये की रिश्वतखोरी से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद अपनी पहली टिप्पणी में मान ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन राज्य सरकार के मूल में है, जो पिछले चार वर्षों में उसके कार्यों के माध्यम से लगातार प्रदर्शित हुआ है। मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है, जिसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने कहा कि इसी नीति के तहत, भ्रष्टाचार के आरोप में हाल में एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। मान ने कहा कि पुलिस उपमहानिरीक्षक को 16 अक्टूबर से निलंबित माना जाएगा। उन्होंने दोहराया कि समाज के खिलाफ इस गंभीर अपराध में संलिप्त पाए जाने पर किसी भी अधिकारी या नेता को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट गतिविधियों में किसी भी तरह की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे कृत्यों में लिप्त लोगों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM2841-YOM- 2024
2) MAH MHMAXXHD ENG. NO. DL1LW7179-YOM- 2016
3) A TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAN2235 -YOM-2024
4) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAN6422-YOM-2025
5) SML SMLSARTAJ REG. NO. DL1LAH3196-YOM-2022
6) VECVL ECHPRO3018 REG.NO. DL1GE3475-YOM- NA
7) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAG3280-YOM-2022
8) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAM5477-YOM-2024
9) MAH MAXTRUCK REG. NO. DL1LAM1797-YOM-2024
10) TATA MOTORS LPT_4825 REG. NO. PB13BP8062-YOM-2022
11) MARUTIS SUPCARY CNG REG. NO. DL1LAM3434-YOM-2024
12) TATA MOTORS TASIG_5525 REG. NO. HR74B9927-YOM-2023
13) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL4592 -YOM-2023
14) ASHOK_LEY ALGB2820 REG. NO. NA -YOM - 2023
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

### पकड़े गए 45 काले हिरण, गांधी सागर अभयारण्य में छोड़े गए

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के एक अभियान के तहत दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की मदद से पकड़े गए 45 काले हिरणों को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले के इमलीखेड़ा गांव में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात के बीच नीलगाय और काले हिरणों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। शाजापुर के जिलाधिकारी रिजु बाफना ने बताया, "दक्षिण अफ्रीका और वन विभाग की एक टीम ने इमलीखेड़ा से पकड़े गए काले हिरणों को बिना कोई नुकसान पहुंचाए गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ दिया।" उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर की मदद से 45 काले हिरणों को पकड़ा गया था। नीलगाय और काले हिरणों को पकड़ने के लिए चलाया गया।

## उत्तराखंडः स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पुलिसकर्मियों को देंगे रजत जयंती पदक

भाषा ⏭ देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर राज्य पुलिस के सभी कर्मियों को विशेष रजत जयंती पदक देने की घोषणा की। धामी ने इसके अलावा आगामी तीन वर्ष में पुलिस को आवासीय भवनों के निर्माण के लिए हर साल 100 करोड़ रुपये देने और पुलिस कल्याण निधि के तहत धनराशि को ढाई करोड़ रुपये से बढ़ाकर साढ़े चार करोड़ रुपये करने सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के जवानों के लिए नैनीताल के भवाली, बागेश्वर के कांडा में ढालमल्ला, पौड़ी के नैनीडांडा व सतपुली, टिहरी के घनसाली में पांच बैरकों का निर्माण किए जाने



की घोषणा की। धामी ने यहां पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित करने के बाद एक कार्यक्रम में यह घोषणाए कीं। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को भौगोलिक और सामरिक दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति में राज्य में शांति व सुरक्षा बनाए रखने में हमारे पुलिसकर्मियों की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए बीते एक वर्ष में देश भर में 186 अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनमें उत्तराखंड के भी चार पुलिसकर्मी शामिल हैं। धामी ने अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों के जवानों के बलिदान को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि राज्य सरकार पुलिस व्यवस्था को अधिक सक्षम एवं संसाधनयुक्त बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में 'महिला हेल्प डेस्क' के अंतर्गत त्वरित कार्य बल का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले तीन वर्ष में पुलिस विभाग के भवनों के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं, जो पूर्व के वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक है। उन्होंने इस संबंध में बताया कि प्रशासनिक भवनों के साथ ही 688 आवासीय भवनों का निर्माण कार्य भी जारी है जबकि शीघ्र ही 120 नए आवासों का निर्माण भी शुरू किया जाएगा। धामी ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समस्त पुलिसकर्मियों को 'कैशलैस' चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

उत्तर रेलवे
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)
File No. No. 1C-MG/Electronic Lock/NMG Wagon (Part-1)
दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे एक (01) वर्ष की अवधि के लिए 01 (एक) एनएमजी रेक पर विभिन्न प्रकार के 12 ई–लॉक (06 ई–लॉक स्थायी रूप से दरवाजे पर फिट किए जाते हैं और 06 ई–लॉक पैडलॉक प्रकार के होते हैं) की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव की पायलट परियोजना के लिए 'रुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करता है। अभिरुचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। अभिरुचि की अभिव्यक्ति को जमा करने की अंतिम तिथि 29.10.2025 को 15:00 बजे तक है। 3260/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कादिर शेख उर्फ बादल पुत्र** शेख कुर्बान **निवासी** झुग्गी नंबर ई–44/ए–192, नई सीमापुरी, दिल्ली ने **3CR Cases 22488/2019, FIR No. 471/2016, U/S 392/394/411 IPC, पुलिस स्टेशन सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कादिर शेख उर्फ बादल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कादिर शेख उर्फ बादल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **3CR Cases 22488/2019, FIR No. 471/2016, U/S 392/394/411 IPC, पुलिस स्टेशन सीमापुरी, दिल्ली, पुलिस स्टेशन सीमापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कादिर शेख उर्फ बादल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/14218/SHD/2025
(Court Matter)

## छत्तीसगढ़ः पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या, दो गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सोमवार रात को घर के बाहर पटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भिलाई शहर के छावनी थानाक्षेत्र में सोमवार रात गणेश बैरागी नाम के व्यक्ति की हत्या के आरोप में पुलिस ने संजय और शुभम नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की उम्र लगभग 21 वर्षीय है। अधिकारी ने बताया कि दोनों युवक सोमवार रात लगभग साढ़े 10 बजे गणेश के घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे लेकिन गणेश की बहू सोनू बैरागी ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। उन्होंने बताया कि पटाखे फोड़ने से रोकने पर दोनों युवक सोनू से बहस करने लगे और 'कटर' निकालकर उसका पीछा करते हुए घर के अंदर घुस गए। अधिकारी ने बताया कि जब आरोपी संजय और शुभम गाली-गलौच करते हुए घर के अंदर घुसे तब गणेश और परिवार के अन्य सदस्यों ने युवकों को रोकने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि आरोपी युवकों ने गणेश पर कटर से हमला कर दिया।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में हथीन में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स के परिसर में ऑफिसर्स (एसडीएम हाउस, 1900 वर्गफुट मकानों (जी प्लस 2), 950 वर्गफुट मकानों (जी प्लस 3) और 550 वर्गफुट मकानों (जी प्लस 3) और राजस्व कर्मचारियों के लिए आवासीय मकानों का निर्माण) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 27.10.2025 | 492.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | कृषि एवं किसान कल्याण जीन्द | गांव रामकली में सब सरफेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सैलाइन सोइल्स का और वाटर-लॉग्ड का रिक्लेमेशन। | 16.10.2025 25.10.2025 | 61.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477 ascojind@gmail.com |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण सोनीपत | गांव छापरा, ब्लॉक कथूरा और जिला सोनीपत में सब सरफेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सैलाइन सोइल और वाटर-लॉग्ड का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक सीएचआर-1 से सीएचआर-8) (संशोधित) 2025. | 16.10.2025 31.10.2025 | 311.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण सोनीपत | वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट गांव आंवली। | 16.10.2025 27.10.2025 | 74.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण सोनीपत | गांव भादी गन्नौर सोनीपत में रिक्लेमशन कार्य और वाटरलॉगिंग हेतु वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 16.10.2025 27.10.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण सोनीपत | गांव गंगाना, ब्लॉक मुंडलाना और जिला सोनीपत में सब सरफेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सैलाइन सोइल और वाटर-लॉग्ड का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक जेडी-18 से जेडी-23) (संशोधित)। | 16.10.2025 31.10.2025 | 342.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव सुरेहती (400 एकड़) में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट + 2 कार्य। | 16.10.2025 23.10.2025 | 115.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034766492 jhajjarasco@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/39645/I/88/7 दि. 21.10.25

## चिंतन

# फिर से दखने लगा है गंगा जमुनी तहजीब का नजारा

भारत को गंगा-जमुनी तहजीब का देश कहा जाता है। इस शब्द समूह का उपयोग सबसे पहले 19वीं सदी में भारतीय इतिहास में विभिन्न समुदायों के अंतरसंबंधों और देश में सांझा संस्कृति के उदय के लिए किया गया था। भारत दुनिया के सबसे विविधवर्णी देशों में से एक है। हमारे देश में लगभग 4,600 विभिन्न जातियों/समुदायों के लोग निवास करते हैं। उनकी नस्ल, जाति अथवा समुदाय पूरी तरह अलग-अलग हैं। इसके बावजूद देश में पुरातन काल से ही विभिन्न समुदायों के बीच वैवाहिक संबंध होते आए हैं। हमारे देश में लगभग 18 मुख्य भाषाएं और 700 से ज्यादा बोलियां प्रचलित हैं। यहां कम से कम आठ धर्मों के लोग निवास करते हैं और पहनावे और खानपान की विविधता दिमाग को चकरा देने वाली है। गंगा-जमुनी तहजीब के मायने मुख्यतः हिन्दू मुस्लिम एकता को लेकर भी किए जाते रहे हैं। बीते लंबे समय से दोनों समुदाय में खाई भी लंबी हुई है। दोनों ओर से समाज के रहनुमा कहे जाने वाले चंद नेता जहर उगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। क्योंकि उनकी सियासत ही विभाजन पर टिकी है, लेकिन आज भी अनेक ऐसे मौके आते हैं, जब ये एकता हैरान करने वाली होती है। अब एक बार फिर ऐसा ही अवसर है और इसके कर्णधार हैं हिन्दू संत स्वामी प्रेमानंद। उनके चाहने वालों में सभी धर्मों के लोग शामिल हैं। उनके राधेमय प्रेम का असर मुसलमानों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि प्रेमानंद की किडनी खराब होने पर कई मुसलमानों ने दान तक देने की इच्छा जाहिर की थी। बीते कई दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही है। एक तरफ हिंदू अनुयायी जहां दिन-रात स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं तो वहीं मुस्लिम अनुयायियों ने भी कंधे से कंधा मिला लिया है। हरिद्वार के पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक में अच्छी सेहत की कामना लिए हुए चादर चढ़ाई गई। हरिद्वार के कलियर में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रेमानंद महाराज के दीर्घायु और जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांगी। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथों में संत प्रेमानंद महाराज की तस्वीर लेकर दरगाह साबिर पाक ने चादर और फूल पेश कर उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांगी। संत प्रेमानंद पॉलीसिस्टिक किडनी रोग नामक गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्हें हर रोज डायलिसिस करानी पड़ती है। 2006 में पेट दर्द के बाद यह बीमारी सामने आई थी। उनका स्वास्थ्य कई दिनों से ठीक नहीं होने से देशभर में उनके भक्त मायूस हो गए। उनकी सेहत में बेहतरी के लिए दुआएं मांगी जा रही हैं। इन्हीं दुआओं का असर था कि संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य में सुधार हो गया है। अब वे फिर से अपने भक्तों से मिलने लगे हैं। एक संत के कारण ही सही प्रेमचंद का 'हिन्दू-मुस्लिम एकता' पर 1931 में लिखा, आज उसी तरह चरितार्थ होता दिख रहा है। आसान नहीं है यह समझना कि उन्होंने 94 साल पहले कैसे देख लिया था कि हम गलत इतिहास पढ़कर एक-दूसरे के प्रति गलतफहमियां दिल में भरे हुए हैं। असल में यह बात हमारे अंदर ठूस दी गई है कि हिन्दू और मुसलमान हमेशा से दो विरोधी दलों में विभाजित रहे हैं, हालांकि ऐसा कहना सत्य का गला घोंटना है। यह बिलकुल गलत है। असल में कुछ कड़वे तथ्यों को छोड़ दिया जाए तो दोनों समुदाय हर दुःख में साथ रहे हैं। दोनों में देश के विकास में अहम योगदान दिया है। दोनों समुदायों के वीर जवानों ने देश की रक्षा की है। संत प्रेमानंद के बहाने ही सही दोनों समुदाय एक दूसरे के करीब आ रहे हैं तो उम्मीद की जानी चाहिए कि ये प्रेम अटल रहेगा, जिसकी देश को सबसे ज्यादा जरूरत है।



# सड़कों पर संविधान, हाथों में उम्मीद

जन-जागरण
प्रो. आरके जैन

आज का अमेरिका एक भीषण तूफान के चक्रव्यूह में फंसा है। नए सरकारी आदेशों ने संसद को हाशिए पर धकेल दिया, जैसे लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा हो। इमीग्रेशन नीतियां इतनी क्रूर हो चली हैं कि परिवार बिखर रहे हैं, मासूम बच्चे माता-पिता से छिन रहे हैं, बिना कागज़ वालों को सड़कों से बेरहमी से उठाया जा रहा है। शिकागो की गलियों में गुस्से का ज्वार उमड़ रहा है। लोग अमेरिकी झंडा उल्टा लहराकर चीख रहे हैं, क्योंकि ये नियम सिर्फ़ कागजी नहीं, इंसानियत पर तमाचा हैं। भारी टैक्स ने व्यापार को जकड़ लिया, कीमतें आसमान छू रही हैं, और नौकरियां रेत की तरह मुट्ठी से फिसल रही हैं। व्यापारिक युद्ध ने रिश्तों को तार-तार कर दिया।

जब अमेरिका की सड़कों पर 18 अक्टूबर को, लाखों लोगों की हुंकार एक स्वर में गूँजी, तो यह महज़ एक प्रदर्शन नहीं था-यह एक राष्ट्र के गहरे जज़्बे का सशक्त विद्रोह था। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर की चकाचौंध से शिकागो की संकरी गलियों तक, वाशिंगटन डीसी की पेनसिल्वेनिया एवेन्यू से लॉस एंजेल्स के जीवंत जुलूसों तक, हर कदम पर एक ही नारा गूँजाः 'लोकतंत्र जिंदाबाद, तानाशाही नहीं!' न कोई पत्थर फेंका गया, न कोई हथकड़ी खनकी, यह थी शांतिपूर्ण क्रांति की अडिग ताकत, जो संविधान की रक्षा के लिए उठी। यह वही अमेरिका है, जिसने कभी तानाशाहों को ठुकराया, जिसकी स्वतंत्रता की मशाल ने दुनिया को राह दिखाई। मगर आज, जब सत्ता का अहंकार लोकतंत्र को निगलने को तैयार है, एक सवाल हवा में गूँजता हैः क्या यह जन-जागृति समय रहते विजय का परचम लहराएगी, या इतिहास फिर अपनी काली स्याही से दर्दनाक पन्ना लिखेगा? आज का अमेरिका एक भीषण तूफान के चक्रव्यूह में फँसा है। नए सरकारी आदेशों ने संसद को हाशिए पर धकेल दिया, जैसे लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा हो। इमीग्रेशन नीतियां इतनी क्रूर हो चली हैं कि परिवार बिखर रहे हैं, मासूम बच्चे माता-पिता से छिन रहे हैं, बिना कागज़ वालों को सड़कों से बेरहमी से उठाया जा रहा है। शिकागो की गलियों में गुस्से का ज्वार उमड़ रहा है; लोग अमेरिकी झंडा उल्टा लहराकर चीख रहे हैं, क्योंकि ये नियम सिर्फ़ कागज़ी नहीं, इंसानियत पर तमाचा हैं। भारी टैक्स ने व्यापार को जकड़ लिया, कीमतें आसमान छू रही हैं, और नौकरियाँ रेत की तरह मुट्ठी से फिसल रही हैं। कनाडा और मैक्सिको जैसे पड़ोसियों के साथ व्यापारिक युद्ध ने रिश्तों को तार-तार कर दिया। स्वास्थ्य सेवाओं की कटौती ने लाखों लोगों को बुनियादी इलाज के लिए तरसा दिया, जैसे जीवन का अधिकार भी छीना जा रहा हो। सबसे भयावह है शहरों का सैन्यीकरण। सरकारों के विरोध को ठेंगा दिखाते हुए सड़कों पर सैनिक उतार दिए गए हैं। इसे 'अपराध से लड़ाई' का नाम दिया जा रहा है, मगर आलोचक इसे तानाशाही की ओर बढ़ता खतरनाक कदम करार देते हैं। सरकार ठप्प है, सरकारी कर्मचारी बिना वेतन के खून-पसीना बहा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें राष्ट्रपति को राजा का मुकुट पहने दिखाया गया, यह कोई हल्का मजाक नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार का खुला ऐलान था। कुछ नेताओं ने इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे भ्रष्ट नेतृत्व ठहराया, चेतावनी दी कि सरकार बंदी का बहाना बनाकर शक्तियाँ हथियाई जा रही हैं। मगर संविधान की गूँज अटल हैः 'कोई राजा नहीं बनेगा, कोई अनधिकार शक्ति नहीं पाएगा!' न्यूयॉर्क में एक नेता ने तख्ती थामकर हुंकार भरीः 'स्वास्थ्य सेवाएँ लौटाओ!' वाशिंगटन में एक सीनेटर ने भीड़ से कहाः 'हम यहाँ हैं, क्योंकि हमारा देश हमारी जान है!' यह आंदोलन महज़ बड़े शहरों की चकाचौंध तक सीमित नहीं रहा; यह एक राष्ट्रव्यापी ज्वार बन गया, जो छोटे कस्बों तक लहराया। 18 अक्टूबर को न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में ढोल-नगाड़ों की गूँज के बीच जनसैलाब हुंकार भर रहा थाः 'यही है सच्चा लोकतंत्र!' शिकागो की सड़कों पर उल्टे झंडों के साथ नारे गूँजेः 'हमारा शहर आज़ाद करो!' लॉस एंजेल्स में रंग-बिरंगे लिबास में प्रदर्शनकारी नाचते हुए




भी गंभीर थे, उनकी तख्तियाँ चीख-चीखकर कह रही थींः 'संविधान को मज़ाक मत बनाओ!' वाशिंगटन में बिना वेतन के काम कर रहे सरकारी कर्मचारी सड़कों पर उतर आए, उनके चेहरों पर गुस्सा नहीं, बल्कि अपने देश के लिए जुनून था। पूरे देश में हज़ारों रैलियाँ उमड़ीं—महानगरों से लेकर गाँवों तक। आयोजकों ने दृढ़ता से कहाः 'हम हिंसा नहीं, अपने हक़ की लड़ाई चाहते हैं!' फिर भी, कुछ लोग इन प्रदर्शनों को 'राष्ट्र-विरोधी' ठहराकर बदनाम करने की साज़िश रच रहे हैं। एक बुजुर्ग, जिनका बचपन इटली की धरती पर बीता, ने अपनी दिल दहला देने वाली कहानी सुनाई। उनके चाचा ने तानाशाही के खिलाफ़ जंग लड़ी, यातनाएँ सहीं, और अपनी जान गँवाई। उनकी आँखों में डर और दृढ़ता थी, जब उन्होंने कहाः 'दशकों बाद, मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में वही भयावह छाया फिर देखूँगा।' एक लेखिका ने गहरे दर्द के साथ लिखाः 'ये नीतियाँ हमें अंधेरे गर्त में धकेल रही हैं, मगर लाखों लोगों का साथ उम्मीद की किरण जगा रहा है।' यह गुस्से का उबाल नहीं था, यह था अपने देश को बचाने का अटल संकल्प। यह हुंकार सिर्फ़ अमेरिका की सरहदों तक नहीं रुकी। जर्मनी, स्पेन, और इटली की सड़कों पर भी लोग सड़कों पर उतरे। लंदन में अमेरिकी दूतावास के बाहर सैकड़ों की भीड़ ने एकजुटता दिखाई। कनाडा में गूँजाः 'हमारी आज़ादी पर हाथ मत डालो!' यह सिर्फ़ एक देश की लड़ाई नहीं, यह वैश्विक स्वतंत्रता की पुकार है। अगर अमेरिका का लोकतंत्र डगमगाया, तो दुनिया भर में आज़ादी की मशाल मद्धम पड़ जाएगी। ये प्रदर्शन चीख-चीखकर बता रहे हैं कि दुनिया अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, क्योंकि उसका लोकतंत्र सिर्फ़ उसका नहीं, बल्कि समूची मानवता का प्रतीक है। यदि ये नीतियाँ नहीं रुकीं, तो भविष्य के द्वार पर अंधकार ठठाकर हँसेगा। व्यापार युद्ध नौकरियों को लील लेगा, कीमतें आसमान की सैर करेंगी। इमीग्रेशन नियमों की मार से लोग बेघर होंगे, परिवारों की रीढ़ टूट जाएगी। सैनिकों की तैनाती शहरों को लोहे की सलाखों में जकड़ेगी। स्वास्थ्य सेवाओं की किल्लत बीमारियों को न्योता देगी, जैसे जीवन ही दाँव पर हो। मगर इन प्रदर्शनों ने एक नई सुबह का सूरज उगाया है। सड़कों पर जनसैलाब है, अदालतों में हक़ की जंग लड़ी जा रही है। अगले साल के मध्यावधि चुनाव उम्मीद की किरण बन सकते हैं। दुनिया के सहयोगी देश भी दबाव की ललकार बुलंद कर रहे हैं। यह महज़ सियासत की जंग नहीं, बल्कि नैतिकता का युद्ध है। अमेरिका के संस्थापकों ने राजशाही को ठुकराया था, क्योंकि वे जानते थे कि सत्ता का दुरुपयोग स्वतंत्रता को कुचल देता है। आज संविधान फिर गर्जना कर रहा हैः 'कोई राजा नहीं बनेगा!' सड़कें चीख-चीखकर बता रही हैं कि असली शक्ति जनता के दिलों में धड़कती है। सड़कें और सबवे लोगों से भरे हुए थे, जिनके हाथों में तख्तियां थीं. इन तख्तियों पर लिखा था, 'डेमोक्रेसी नॉट मोनार्की' यानी 'लोकतंत्र राजतंत्र नहीं है' और 'द कॉन्स्टिट्यूशन इज़ नॉट ऑप्शनल' यानी 'संविधान वैकल्पिक नहीं है। इन प्रदर्शनों से पहले ट्रंप के समर्थकों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों का संबंध अति-वामपंथी संगठन एंटीफ़ा से है. ट्रंप के सहयोगियों ने इन प्रदर्शनों को 'द हेट अमेरिका रैली' कहकर इसकी निंदा की है । एक बुजुर्ग की काँपती मगर दृढ़ आवाज़ गूँजती हैः 'मैंने तानाशाही की साये में जिंदगी जिया, इसे फिर नहीं देख सकता!' लाखों लोग, एक स्वर—यह लोकतंत्र का अटल जज़्बा है। अगर एकजुट रहे, तो अंधेरा छँटेगा। दुनिया की नज़रें टिकी हैं, इतिहास के पन्ने लिखे जा रहे हैं। चुप्पी अब अपराध है-आवाज़ उठाएँ! क्योंकि अमेरिका में राजा नहीं, सिर्फ़ नागरिक हैं, और यही नागरिक देश के सच्चे प्रहरी हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्मरण
घनश्याम बादल



# असरानी : याद रहेगा हास्य का प्यारा 'हिटलर'

इस दिवाली 20 अक्टूबर को 84 वर्ष की आयु में हास्य अभिनेता गोवर्धन असरानी के रूप में हास्य का वह 'बम' चला गया जिसकी धमक कभी हिंदी फिल्मों में सबसे ज़्यादा मानी जाती थी। फिल्म प्रशंसकों में 'असरानी' के नाम से मशहूर गोवर्धन असरानी हंसाते -हंसाते इस दुनिया से उस दुनिया में चले गए। असरानी के साथ ही कॉमेडी का एक ऐसा युग खत्म हो गया है जिसने राजेश खन्ना के 'सुपरस्टार युग' से लेकर सलमान खान के 'ब्लॉक बस्टर' दौर तक अपने अभिनय के रंग बिखरे। एक कॉमेडी अभिनेता के रूप में असरानी ने वह मुकाम हासिल किया कि उन्हें हास्य का सुपरस्टार कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब भी असरानी की बात की जाती है तो अपने समय की सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्म 'शोले' का हिटलर टाइप वह बेवकूफ किस्म का जेलर ज़रूर याद आ जाता है जो अपने डायलॉग "हम अंग्रेजों के ज़माने के जेलर हैं" और " आधे इधर जाओ, आधे उधर और बाकी मेरे पीछे आओ' से दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट करता था। असरानी का यह हास्य अभिनय का शानदार सफर अब पूरा हुआ। भारतीय सिनेमा में जब भी हास्य का इतिहास लिखा जाएगा, असरानी के नाम के बिना वह पूरा नहीं होगा। उनका अभिनय न केवल हँसी उत्पन्न करता था, बल्कि सामाजिक व्यंग्य, मानवीय संवेदना और सहज अभिव्यक्ति का भी प्रतीक रहा। असरानी ने लगभग पाँच दशकों में 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। एक जनवरी 1941 को जयपुर (राजस्थान) में जन्मे असरानी का बचपन से ही अभिनय में रुझान था। स्कूली नाटकों से शुरुआत करने के बाद उन्होंने फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे से अभिनय का प्रशिक्षण लिया। वहाँ से लौटकर उन्होंने मुंबई की राह पकड़ी और शुरू हुआ संघर्षों के बीच चमकता हुआ सफर। अपने छात्र जीवन में ही वह आकाशवाणी के लिए भी



कार्य करने लगे थे। 1967 में आई फिल्म "हरे कांच की चूड़ियाँ" से असरानी ने अपना फिल्मी करियर शुरू किया। प्रारंभिक वर्षों में उन्हे छोटे ही रोल मिले, पर उनकी कॉमिक टाइमिंग और संवाद अदायगी ने सभी को चौंका दिया। 1975 में आई सुपरहिट फिल्म "शोले" ने असरानी को सर्वदा के लिए अमर कर दिया। असरानी को शोले फिल्म कैसे मिली यह भी बड़ा दिलचस्प किस्सा है रमेश सिप्पी ने असरानी को शुरू में सिर्फ दो दिन की शूटिंग के लिए बुलाया था। पर उनकी अदायगी इतनी शानदार लगी कि दृश्य को बढ़ाकर फिल्म का "कॉमिक हाइलाइट" बना दिया । इस रोल में असरानी का मेकअप, उनकी मूंछों का स्टाइल और वर्दी तथा डायलॉग बोलने का अंदाज रमेश सिप्पी के दिमाग की उपज है जिसे असरानी ने अपनी अभिनय क्षमता से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हालांकि असरानी को पहचान अपनी कॉमेडी से ही मिली लेकिन उन्हें केवल हास्य अभिनेता कहना अन्याय होगा। उन्होंने कई फिल्मों में भावनात्मक और चरित्र भूमिकाएँ भी कीं ।"आँखें" (1968), "अभिमान" (1973), "छोटी सी बात", "गोलमाल", "पति पत्नी और वो", "राजा बाबू", "हेरा फेरी", "भूल भुलैया" जैसी फिल्मों में उन्होंने हर रूप में दर्शकों का दिल जीता। 1970 से 2000 तक उन्होंने निरंतर काम किया, और उनकी उपस्थिति फिल्मों की 'हँसी की गारंटी' बन गई। राजेश खन्ना के साथ उनका गहरा रिश्ता बन गया था । असरानी का करियर राजेश खन्ना के साथ जुड़कर और चमका। दोनों ने साथ में लगभग 25 फिल्मों में काम किया जिनमें "बावर्ची", "कटी पतंग", "अवतार", "आनंद" आदि उल्लेखनीय फिल्में हैं। असरानी स्वयं कहते थे' "राजेश खन्ना मेरे लिए सिर्फ स्टार नहीं, परिवार की तरह थे। उन्होंने मुझे हर फिल्म में सम्मान दिया। 1980 के दशक में असरानी ने निर्देशन में भी हाथ आजमाया। "उलझन", "फिल्म ही फिल्म" जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। हालाँकि उन्हें निर्देशक के रूप में बहुत सफलता नहीं मिली, लेकिन अभिनेता असरानी की चमक बरकरार रही। असरानी ने अभिनेत्री मंझुला असरानी से विवाह किया, जो स्वयं भी गुजराती और हिंदी फिल्मों में सक्रिय रहीं। दोनों की जोड़ी ने मंच और पर्दे पर कई यादगार प्रस्तुतियाँ दीं। कुल मिलाकर फिल्म इंडस्ट्री में एक ऐसा मंझा हुआ अभिनेता एवं हास्य कलाकार खोया है जिसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को बहुत ऊंचाई दी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुएं से जाना अभ्यास का महत्व



संकलित
**दर्शन**

प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे।. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे और अध्ययन भी किया करते थे। वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया। वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा। लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था। गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी। इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है। उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया। गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, "बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है। अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो। अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो।" वरदराज भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया। दोपहर का समय था। रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी। वह कुएं के पास गया। वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, "यह निशान आपने कैसे बनाएं।" तो एक महिला ने जवाब दिया, "बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं। यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं।"

## सुकरात ने बताया सफलता का रहस्य



संकलित
**प्रेरणा**

महान दार्शनिक सुकरात के पास एक बार एक नौजवान लड़का आया। उस लड़के ने सुकरात से पूछा, 'कृपया बताएं, सफलता का रहस्य क्या है? उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें इसका उत्तर कल दूंगा। कल तुम मुझे नदी के किनारे मिलो।' लड़के ने सुकरात के बारे में काफी सुन रखा था। उसे पूरा भरोसा था कि मुझे मेरे सवाल का जवाब जरूर मिल जाएगा। दूसरे दिन वह लड़का नदी के किनारे पहुंच गया। सुकरात वहां पहले से मौजूद थे। वह उस लड़के को लेकर नदी में उतर गए और गहरे पानी में बढ़ने लगे। वहां पहुंचकर अचानक सुकरात ने उस लड़के का सिर पकड़कर उसे पानी में डुबो दिया। थोड़ी ही देर में वह पानी में सांस लेने में अपने आपको अक्षम पा रहा था। वह पानी से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन सुकरात की मजबूत पकड़ के सामने उसका यह संघर्ष विफल रहा। सुकरात ने उस लड़के को तब तक पानी में डुबोए रखा रखा, जब तक उसका शरीर नीला न पड़ने लगा। उसे नीला पड़ता देख सुकरात ने उसका सिर पानी से बाहर निकाला। पानी से बाहर निकलते ही वह लड़का हांफते हुए जोर-जोर से सांस लेने लगा। सुकरात ने पूछा, 'ये बताओ, जब तुम पानी के भीतर थे, तब सबसे ज्यादा क्या चाहते थे?' उस लड़के ने उत्तर दिया, 'उस समय सिर्फ मैं सांस लेना चाहता था।' सुकरात ने कहा, 'यही सफलता का रहस्य है। इसके अतिरिक्त सफलता का कोई और रहस्य नहीं है।'

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मंदिरों के चढ़ावे का रखरखाव पारदर्शी हो

मंदिरों के चढ़ावे में मिले धन एवं अन्य सामग्री का रखरखाव पारदर्शी तरीके से किया जाए, वहीं दूसरी ओर इसकी भी आवश्यकता है कि उसका उपयोग धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों में ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यही बात मंदिरों की अन्य संपत्ति पर भी लागू होती है। इसे पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश ने रेखांकित भी किया, जिसमें कहा गया है कि मंदिरों को दान की गई धनराशि का समुचित उपयोग किए जाने की पारदर्शी व्यवस्था बने।जब अन्य समुदायों के धार्मिक स्थलों का संचालन उस समुदाय विशेष के लोग करते हैं तो मंदिरों के मामले में ऐसा क्यों नहीं है?

*– कृष्ण शर्मा, पाकस्मा, हरियाणा*

## ट्रेंड

### ताकाइची को हार्दिक बधाई



जापान के प्रधानमंत्री चुने जाने पर साने ताकाइची को हार्दिक बधाई। मैं भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूँ।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पुलिस बल की ज़िम्मेदारी



कोई भी समाज तभी शांति और प्रगति की ओर बढ़ सकता है जब उसके भीतर सुरक्षा, न्याय और विश्वास की भावना सुदृढ़ हो, और इसकी ज़िम्मेदारी हमारे पुलिस बलों के कंधों पर होती है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### असरानी को श्रद्धांजलि



महान अभिनेता असरानी के निधन से अत्यंत दुःखी हूँ। उनके कालजयी अभिनय और बेजोड़ हास्य प्रतिभा ने अनगिनत लोगों के जीवन में खुशियाँ लायीं और दशकों तक भारतीय सिनेमा को समृद्ध बनाया। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना।

-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### यमुना नदी का प्रदूषण



दिल्ली में यमुना नदी के प्रदूषण को दूर करने के लिए, मनुष्य के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव की जाँच किये बिना डाले गये केमिकल के बारे में इस गंभीर रिपोर्ट का तुरंत संज्ञान लिया जाए। छठ पर्व से पहले ये एक अति संवेदनशील विषय है।

- अखिलेश यादव, सांसद सपा

## करंट अफेयर

### आदेश हवा, दिवाली 'ग्रीन' नहीं कर पाए ग्रीन पटाखे



पिछली रात पटाखों की आवाज हर दिल्लीवाले के घर तक गूंजी। हालांकि इस बार भी दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की मैन्युफैक्चरिंग, बिक्री और इस्तेमाल पर पाबंदी थी लेकिन सवाल ये है, क्या ये सच में ग्रीन हैं? दिवाली की रात वजीरपुर स्टेशन पर रात 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 691 पहुंच चुका था. इसके बाद रात 10 बजे से सुबह 2 बजे तक का डेटा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट से गायब रहा. जब अपडेट दोबारा शुरू हुए, तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 985 हो गया था और एक घंटे बाद तो 999 की ऊपरी सीमा को भी छू गया। फिर सुबह 4 बजे तक यह घटकर 622 पर आ गया। इस गैप को भरने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। दीवाली की शाम 4 बजे से अगले दिन सुबह 11 बजे तक का डेटा (2024 और 2025) ट्रैक किया गया ताकि यह पता चल सके कि प्रदूषण के स्तर में गिरावट या बढ़ोतरी किस पैटर्न में हुई। दीवाली के दौरान प्रदूषण बढ़ने की सीधी वजह भले पटाखे हों, लेकिन दिल्ली की हवा को गंदा करने में कई और फैक्टर भी काम करते हैं जैसे फसल जलाना, हवा की दिशा बदलना, तापमान में गिरावट और नमी में उतार-चढ़ाव।

## ऑफ बीट

### भारत में छिपा है 'मौत का टापू'



दुनिया में कई रहस्यमयी जगहें हैं, लेकिन भारत का एक द्वीप ऐसा है, जहां जाने की हिम्मत बहुत कम लोग कर पाते हैं। यह जगह खूबसूरत जरूर है, पर वहां कदम रखना मौत को दावत देने जैसा है। अंडमान द्वीप समूह का यह इलाका जारवा जनजाति का घर है। एक ऐसी जनजाति जो हजारों सालों से बाहरी दुनिया से बिल्कुल अलग-थलग रह रही है। ये लोग किसी अनजान व्यक्ति को अपने इलाके में बर्दाश्त नहीं करते। अगर कोई वहां गलती से भी पहुंच जाए, तो उसके बचने की संभावना बेहद कम होती है। इसलिए इस द्वीप को 'मौत का टापू' कहा जाता है। भारत का अंडमान और निकोबार द्वीप समूह अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इन्हीं जंगलों के बीच एक रहस्य छिपा है। जारवा जनजाति का इलाका माना जाता है कि ये लोग 50,000 साल से भी ज्यादा समय से यहां रह रहे हैं। यह दुनिया की सबसे पुरानी मानव सभ्यताओं में से एक मानी जाती है। जारवा जनजाति के पुरखे अफ्रीका से आए पहले इंसानों में से थे, जो धीरे-धीरे यहां बस गए। जारवा जनजाति की सुरक्षा के लिए भारतीय सरकार ने उनके क्षेत्र को "जारवा रिजर्व" घोषित किया है। यहां किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश सख्त रूप से वर्जित है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बिहार में पहली बार एनडीए-इंडिया का सीएम फेस नहीं : महागठबंधन में खींचतान

**पहले चरण का नामांकन पूरा, दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी**

## विधानसभा चुनाव में 74 राजनीतिक दल मैदान में, इनमें प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं। 300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में 74 राजनीतिक दल मैदान में हैं। इनमें प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल शामिल हैं। एनडीए में भाजपा, जदयू, एलजेपी(आर), हम और आरएलएम शामिल हैं। वहीं, महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, माले, सीपीआई, सीपीआई(एम), आईआईपी और मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) दल हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज और आम आदमी पार्टी (आप) सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### नीतीश कुमार ही राजग के मुख्यमंत्री पद का चेहरा : उपेंद्र कुशवाह

गठबंधन के सभी घटक दल को उनके नेतृत्व और अनुभव पर पूरा भरोसा



पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है और सरकार भी उन्हीं के नेतृत्व में बनेगी। कुशवाहा ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा, "राजग के मुख्यमंत्री पद का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। गठबंधन के सभी घटक दल उनके नेतृत्व और अनुभव पर पूरा भरोसा रखते हैं।

**आरजेडी ने 19 मुसलमानों को वोट दिए, जेडीयू ने 4**

आरजेडी ने इस बार 51 यादव, 19 मुसलमान, 14 सवर्ण मैदान में उतारे हैं। कुशवाहा पर राजद का खासा फोकस है। पार्टी ने 11 कुशवाहा प्रत्याशियों को टिकट दिया। 2020 के चुनाव में राजद ने 58 यादव, 8 कुशवाहा समाज से प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। जबकि 7 सीट पर वैश्य समुदाय से आने वाली जाति को टिकट दिया है। 13 सीट पर सवर्ण, 15 सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारे।

### लालू पर नीतीश ने साधा निशाना, कहा- सत्ता में रहते महिलाओं के लिए कुछ नहीं



मुजफ्फरपुर (बिहार)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद पर तीखा हमला बोला और कहा कि उन्होंने सत्ता में रहते "महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया" तथा चारा घोटाले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद पद छोड़ने की नौबत आई तो अपनी पत्नी राबड़ी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद अध्यक्ष को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राजद के साथ दो बार हुए गठबंधन के अनुभव से वह "निराश" हो गए और अब राजग के साथ स्थायी रूप से बने रहने का संकल्प लिया है। महिला सशक्तीकरण को लेकर अपनी सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने बड़े पैमाने पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाए हैं और हाल ही में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक को 10,000 रुपए की राशि भेजी गई है। उन्होंने लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा, "जो लोग पहले सत्ता में थे, क्या उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ किया?

**राजद ने आखिरी दिन 143 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की**

## महागठबंधन ने 243 सीटों पर 254 उम्मीदवार उतारे, 12 जगह एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे

दूसरे फेज के आखिरी दिन तक इंडिया गठबंधन में फूट, टिकट बंटवारे पर नाराजगी और अंदरूनी बगावत दिखी। राजद ने तो नॉमिनेशन का समय खत्म होने से 7 घंटे पहले, पहली बार 143 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इससे पहले उसके प्रत्याशी नॉमिनेशन भरते रहे। 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। यह विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की वजह से हुआ है। आरजेडी ने 143, कांग्रेस ने 61, सीपीआई (एम) ने 20, सीपीआई ने 9, सीपीएम ने 6 और मुकेश सहनी की पार्टी ने 15 प्रत्याशी हैं। इस तरह इनकी संख्या 254 हो जाती है। 12 प्रत्याशी एक दूसरे के खिलाफ उतारे हैं।



### गौड़ाबौराम सीट पर उलझन, वीआईपी अध्यक्ष जाएंगे हाईकोर्ट



पटना, 21 अक्टूबर (भाषा) विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष संतोष सहनी ने मंगलवार को कहा कि वह दरभंगा जिले की गौड़ाबौराम विधानसभा सीट के चुनाव अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार अफजल अली खान की उम्मीदवारी पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के लिखित अनुरोध के बावजूद रद्द नहीं की गई। राजद ने प्रारंभ में गौड़ाबौराम सीट से अफजल अली खान को पार्टी का चुनाव चिह्न दिया था, लेकिन बाद में यह सीट गठबंधन सहयोगी वीआईपी के लिए छोड़ दी गई। इसके बाद वीआईपी ने पार्टी संस्थापक मुकेश सहनी के छोटे भाई संतोष साहनी को उम्मीदवार बनाया। हालांकि, अफजल अली खान ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया, जिससे स्थिति जटिल हो गई। लालू प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को पत्र लिखकर खान की उम्मीदवारी को "अमान्य" मानने का आग्रह किया।

**राजग हार के डर से विपक्षी उम्मीदवारों को मैदान से हटने के लिए धमका रहा**

## भाजपा के 'दबाव' में जन सुराज के तीन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए : प्रशांत



पटना( जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के तीन उम्मीदवारों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के "दबाव" में अपने नामांकन वापस ले लिए। पटना के शेखपुरा हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में किशोर ने यह दावा भी किया कि सत्ता पक्ष राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनाव हारने के डर से विपक्षी उम्मीदवारों को मैदान से हटने के लिए धमका रहा है। उन्होंने कहा, "जनसुराज को वोटकटवा बताने वाली भाजपा को असल में डर लग रहा है। भाजपा को महागठबंधन से नहीं, बल्कि जनसुराज से डर लग रहा है। इसका उदाहरण यह है कि पिछले चार दिनों में हमारे तीन घोषित उम्मीदवारों को नामांकन करने नहीं दिया गया।

### शिक्षा और रोजगार देने वाली सरकार चाहते हैं युवा मतदाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल भले ही कई मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हैं, लेकिन राज्य के युवाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा रोजगार सृजन सबसे अहम मुद्दे हैं। युवाओं का कहना है कि वे ऐसी सरकार चाहती हैं जो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करे और रोजगार के अवसर पैदा करे। इनमें से कई युवा पहली बार मतदान करने जा रहे हैं और राज्य में बेरोजगारी तथा पलायन की स्थिति को लेकर चिंतित हैं।

**पुलिस स्मृति दिवस पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की**

# समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि एक ओर जहां सीमाओं पर अस्थिरता है, वहीं समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सिंह ने यह भी कहा कि सेना और पुलिस अलग-अलग मोर्चों पर कार्य करते हैं लेकिन उनका मिशन एक ही है - राष्ट्र की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लिए राष्ट्र की बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में संतुलन बनाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त परेड आयोजित की गई। वर्तमान चुनौतियों पर रक्षा मंत्री ने कहा कि जहां सीमाओं पर अस्थिरता है, वहीं समाज में नए प्रकार के अपराध, आतंकवाद और वैचारिक युद्ध उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराध अधिक संगठित, अदृश्य और जटिल हो गया है तथा इसका उद्देश्य समाज में अराजकता पैदा करना, विश्वास को कमजोर करना तथा राष्ट्र की स्थिरता को चुनौती देना है।

**आंतरिक सुरक्षा में संतुलन बनाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण**

■

**कार्यक्रम के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त परेड की गई आयोजित**



### नैतिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए पुलिस की सराहना

राजनाथ सिंह ने अपराध रोकने की अपनी आधिकारिक जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ समाज में विश्वास बनाए रखने के नैतिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए पुलिस की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, "अगर आज लोग चैन की नींद सो पा रहे हैं, तो इसका कारण हमारे सतर्क सशस्त्र बलों और सतर्क पुलिस पर उनका भरोसा है। यही भरोसा हमारे देश की स्थिरता की नींव है।"

### नक्सली समस्या सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती

लंबे समय से आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती रही नक्सली समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सिंह ने कहा कि पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और स्थानीय प्रशासन के ठोस और संगठित प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ कि समस्या बढ़े नहीं और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष मार्च तक नक्सल समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों के कारण यह समस्या अब इतिहास बनने की कगार पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि नक्सल समस्या मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगी।

### पुलिस को अत्याधुनिक हथियार प्रदान किए

उन्होंने कहा, "लंबे समय तक एक राष्ट्र के रूप में हमने पुलिस के योगदान को पूरी तरह से मान्यता नहीं दी। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमारे पुलिस बलों की स्मृतियों को सम्मानित करने के लिए 2018 में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की स्थापना की।" उन्होंने कहा, इसके अलावा पुलिस को अत्याधुनिक हथियार और बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अब उनके पास निगरानी प्रणाली, ड्रोन, फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं और डिजिटल पुलिसिंग जैसे आधुनिक साधन हैं।" पुलिस स्मृति दिवस हर साल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उन 10 जवानों की याद में मनाया जाता है, जो 1959 में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में मारे गए थे।

### आज नक्सली रोज कर रहे आत्मसमर्पण

रक्षा मंत्री ने कहा, "इस वर्ष कई शीर्ष नक्सलियों का सफाया किया गया है। जो पहले राज्य के खिलाफ हथियार उठाते थे, वे अब आत्मसमर्पण कर रहे हैं और विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा, "जो इलाके कभी नक्सलियों के गढ़ थे, वे अब शिक्षा के गढ़ बन रहे हैं। जो इलाके कभी लाल गलियारे के नाम से जाने जाते थे, वे अब विकास के गलियारों में तब्दील हो गए हैं। इस सफलता में हमारी पुलिस और सुरक्षा बलों का अहम योगदान है।"

## अलमारी में 11 साल की बच्ची का शव मिलने के बाद लोगों ने किया माता-पिता पर हमला

कोलकाता (भाषा)। शहर के भवानीपुर इलाके में मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब कुछ गुस्साए स्थानीय लोगों ने 11 साल की एक बच्ची के पिता और सौतेली मां पर हमला कर दिया। बच्ची का शव एक दिन पहले उनके घर की अलमारी से आंशिक रूप से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने बताया कि मृतक नाबालिग सुरंजना सिंह, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार-हत्या मामले के मुख्य दोषी संजय रॉय की भांजी थी। रॉय को ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भोला सिंह और उनकी पत्नी पूजा, जो कथित तौर पर अपने घर से भागने की कोशिश कर रहे थे, को पड़ोसियों ने रोक लिया और दोनों पर घर में बच्ची को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि स्थानीय लोगों ने सौतेली मां को बाल पकड़कर घसीटा और पीटा, जबकि पिता को भी जूतों से पीटा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और दंपति को उग्र पड़ोसियों से बचाकर स्थानीय अलीपुर थाने ले गई।पीड़िता की दादी ने आरोप लगाया कि माता-पिता उसे बेल्ट से पीटते थे और अक्सर किसी न किसी बहाने उसका सिर दीवारों पर पटकते थे। पत्रकारों से बात करते हुए, पिता ने कहा, "मेरा कोई बच्चा नहीं बचा है। अब मेरे जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

**आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार-हत्या मामले के मुख्य दोषी संजय रॉय की भांजी थी**

### यह था मामला

पुलिस ने बताया कि भोला ने पहले संजय रॉय की बड़ी बहन बबीता से शादी की थी और सुरंजना उनकी इकलौती संतान थी। कुछ साल पहले बबीता की आत्महत्या के बाद, उसने उसकी छोटी बहन पूजा से शादी कर ली। पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची एक अलमारी के अंदर हैंगर से लटकी हुई पाई गई, जिसका गला कपड़े के एक टुकड़े से बंधा हुआ था। उसकी सौतेली मां जब बाहर से घर लौटी, तो बच्ची को इस हालत में पाया। उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसियों ने आरोप लगाया कि माता-पिता अक्सर लड़की को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पड़ोसी ने आरोप लगाया, "बच्ची को अक्सर रात में, यहां तक कि देर रात दो बजे भी घर से बाहर निकाल दिया जाता था। इस दुर्व्यवहार ने उसे बहुत गहरे सदमे में डाल दिया

### मुंबई और आसपास के इलाकों में तेज बारिश

मुंबई (भाषा)। मुंबई शहर और महानगरीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मंगलवार शाम को तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश हुई। लक्ष्मी पूजन के दौरान अचानक हुई बारिश से खरीदारी करने आए लोगों और सड़क पर सामान बेचने वालों को असुविधा हुई। दादर, बांद्रा, लालबाग, पवई, बायकुला, कुर्ला और कई अन्य क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। मुंबई और आसपास के इलाकों में सुबह से ही उमस थी। अचानक हुई बारिश से थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन दिवाली की खरीदारी करने वालों और दुकानदारों को असुविधा भी हुई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम उर्फ कालू पुत्र राजेश पताः मकान नं. 6772, किला कदम सरीफ, नबी करीम, दिल्ली ने एफआईआर सं. 343/2021 धारा 324 भा.द.स. के तहत** थानाः नबी करीम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ कालू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम उर्फ कालू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 343/2021 धारा 324 भा.द.स. के तहत** थानाः नबी करीम, दिल्ली **के उक्त शिवम उर्फ कालू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. राज कुमार सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**सेंट्रल जिला, कमरा नं.241,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14152/CD/2025

# रेल मंत्री वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन का लिया जायजा, यात्रियों से की सीधी बात

**छठ महापर्व के अवसर पर बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के बीच अश्वनी वैष्णव पहुंचे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



छठ महापर्व के अवसर पर बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के बीच रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव जब ख़ुद घुस कर मौके का मुआयना करने लगे तो अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। रेलमंत्री अचानक नई दिल्ली स्टेशन पहुंच गए। बिहार की तरफ़ जाने वाले यात्रियों का हुजूम था। किसी को कोई परेशानी हुई क्या? ऐसे सहज सवाल जब सीधे यात्रियों से रेलमंत्री ने किए तो नजारा देखने लायक था। यात्रियों में नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाई गई व्यवस्था को बेहतर बताया। पूजा है तो जाना है। चुनाव भी है तो जाना है। ये दो वाक्य ज्यादातर यात्रियों ने रेलमंत्री से कही। जाहिर है बिहार विधानसभा चुनाव और छठ पूजा के विशेष अवसर पर इस बार हर साल की अपेक्षा ज़्यादा प्रवासी बिहारी वापिस बिहार जा रहे हैं। मौक़ा है। नज़ाकत भी तो रेलमंत्री ने अपनी तरफ़ से मेहनत में कमी नहीं छोड़ी। यात्रियों की ये एहसास करवाया की मोदी सरकार उनका कितना और किस हद तक ध्यान रखती है।

### स्लीपर क्लास के यात्रियों से उनके अनुभव जानें

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने स्टेशन पर प्लेटफॉर्म न. 1 पर कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जहां से पूरे स्टेशन पर नजर रखी जा रही हैं। उन्होंने प्लेटफॉर्म न 12/13 पर यात्रियों से सीधे बातचीत की। इसके बाद मंत्री ने प्लेटफॉर्म न.16 पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर क्लास के यात्रियों से उनके अनुभव जानें और प्रतिक्रिया ली। इसके लिए वह ट्रेन के कोच में चढ़ गए। उन्होंने एक-एक यात्रियों से बातचीत की और उनसे अनुभव पूछे। इसके बाद, मंत्री ने अजमेरी गेट साइड बने विशाल यात्री सुविधा केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में प्रतिक्रिया (फीडबैक) ली।

### व्यापक इंतजाम किए

वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की भारी भीड़ के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं। रेलवे के 12 लाख कर्मचारी दिन रात यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं। इस दौरान, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# असम सरकार ने बक्सा हिंसा पीड़ितों को दी वित्तीय सहायता

गुवाहाटी (भाषा)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बक्सा जिले में हुई हिंसा में घायल दो लोगों के परिवारों को मंगलवार को वित्तीय सहायता दी। यह हिंसा गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में पांच आरोपियों को जेल ले जाने के दौरान हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कि बक्सा जेल के पास हाल में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज बक्सा के लक्ष्मीपुर ए ब्लॉक गांव का दौरा किया। शर्मा ने दोनों घायलों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार आवश्यकतानुसार उनके इलाज में आगे भी सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। गर्ग की मौत के मामले में पिछले सप्ताह पांच आरोपियों को बक्सा जेल ले जाते समय भड़की हिंसा में आम नागरिक, पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी घायल हो गए थे। सिंगापुर में 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय जुबिन गर्ग की मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। शर्मा ने यात्रा के दौरान हरि मंदिर में पूजा-अर्चना भी की और स्थानीय समुदाय से बातचीत की। मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाओं में हरि मंदिर के विकास के लिए 10 लाख रुपये और शिव मंदिर के विकास के लिए 10 लाख रुपये शामिल हैं।

**शर्मा ने दोनों घायलों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की प्रदान**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**रपट नम्बर 27 दिनांक 17.10.2025 U/S 194 BNSS थाना शहर रेवाड़ी।**

नामपता नामालुम नाश की पहचान हेतु
माता पिता का नाम- नामालुम
उम्र-करीब 80 वर्ष, कद-5 फुट, 7 इन्च
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, माथे पर एक सफेद पर्ची चिपकाई हुई।
पहनावा - हल्का पीले रंग की कमीज, ग्रै रंग की पेन्ट और हल्की सफेद दाढी है।



दिनांक 12.10.2025 को एक लावारिस शख्स उम्र करीब 80 साल पुरूष, ऑटो मार्केट रेवाडी ट्रामा सैन्टर, रेवाड़ी से रैफर होकर दाखिल PGIMS रोहतक था। जिसका इलाज के दौरान दिनांक 16.10.2025 को 11.28 पी.एम. पर PGIMS रोहतक में मौत हो गई थी। जिसको पहचान हेतू PGIMS रोहतक की मोर्चरी मे रखवाया हुआ है। अगर किसी इलाका थाना में उक्त हुलिया की कोई गुमशुदगी दर्ज हो या किसी को इसके बारे में पता या इसकी सुचना मिले तो निम्नलिखित फोन नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृप्या करें।

1. प्रबन्धक थाना शहर रेवाडी मो.न.7056666121
2. ईन्चार्ज पुलिस चौकी भाड़ावास गेट, रेवाडी मो.न. 7056666134
3. कंट्रोल रूम रेवाडी न. 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच 1084/11/4033/2026/39636/88/7 दि. 21.10.2025

## खबर संक्षेप



### नचिकेत एलटीआईमाइंडट्री के पूर्णकालिक निदेशक अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एलटीआईमाइंडट्री ने मंगलवार को बताया कि उसके पूर्णकालिक निदेशक और अध्यक्ष नचिकेत देशपांडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जो 31 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी होगा। आईटी सेवा कंपनी ने कहा कि देशपांडे ने नए अवसरों की तलाश के लिए पद छोड़ा है। एक बयान के अनुसार, 'नचिकेत देशपांडे ने एलटीआईमाइंडट्री से परे नए अवसरों की तलाश के लिए निदेशक और अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है, जो 31 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी होगा।'

### चीन के निर्यात रोक से भारत में उर्वरकों की कीमतें उछली

**नई दिल्ली।** चीन के 15 अक्टूबर से यूरिया और विशेष उर्वरकों के निर्यात को निलंबित करने के बाद भारत महत्वपूर्ण रबी (सर्दियों) फसल के सत्र से पहले उर्वरक की बढ़ी हुई कीमतों से निपटने की तैयारी कर रहा है। उद्योग जगत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। चीन ने 15 मई से 15 अक्टूबर तक बढ़े हुए निरीक्षणों के साथ उर्वरक निर्यात हाल ही में फिर से शुरू किया था, हालांकि उसने अब अगली सूचना तक निर्यात को निलंबित कर दिया है जिससे न केवल भारत बल्कि वैश्विक बाजार भी प्रभावित हो रहे हैं।



### 1,200 करोड़ रुपये में ई-बस विनिर्माण संयंत्र

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले के घिलोठ औद्योगिक क्षेत्र में पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस को 1,200 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रिक बस विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए लगभग 65 एकड़ भूमि आवंटित की है। यह राजस्थान में अपनी तरह का पहला संयंत्र होगा। यह आवंटन राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) के माध्यम से किया गया है और 'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

# दिल्ली में पटाखों की बिक्री में उछाल, आरडब्ल्यूए ने नियम उल्लंघन पर जताई चिंता

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली पर दिल्ली में पटाखों की बिक्री में तेजी देखी गई। व्यापारियों ने बताया कि कारोबार तेज रहा और ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने पटाखे फोड़ने की समयसीमा के उल्लंघन और बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल के अनुसार, इस त्योहारी मौसम में पटाखों की भारी मांग रही। उन्होंने कहा, 'दिवाली से एक दिन पहले ही, ज्यादातर व्यापारियों के पास स्टॉक खत्म हो गया था। कई लोगों को पटाखे खरीदने के लिए गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद और सोनीपत जाना पड़ा।'

## व्यापारी बोले, कारोबार तेज रहा और ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी

### रोशनी और सजावटी सामान भी खूब बिका

पम्मी ने कहा, 'पटाखों के साथ-साथ रोशनी और सजावटी सामान जैसी चीजों की भी मांग बढ़ी है।' उच्चतम न्यायालय ने 15 अक्टूबर को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में त्योहारों की परंपराओं और पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाते हुए कुछ शर्तों के तहत हरित पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति दी थी। अदालत के आदेश के अनुसार, दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन हरित पटाखों का इस्तेमाल कुछ खास घंटों तक ही सीमित था-सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच और रात 8 बजे से 10 बजे के बीच। 18 से 21 अक्टूबर के बीच हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति थी। हालांकि, आरडब्ल्यूए ने कहा कि नियमों का व्यापक रूप से उल्लंघन किया गया।



उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल पटाखों की बिक्री लगभग 500 करोड़ रुपये की रही।'

### सुबह तीन बजे तक पटाखे फोड़े

पूर्वी दिल्ली आरडब्ल्यूए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष बी एस वोहरा ने कहा कि देर रात तक पटाखे फोड़ना जारी रहा। उन्होंने कहा, 'हालांकि समयसीमा रात 10 बजे थी, फिर भी कई इलाकों में सुबह तीन बजे तक पटाखे फोड़े गए। कई वरिष्ठ नागरिकों और सांस की समस्या वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।' यूनाइटेड रेजिडेंट्स जॉइंट एक्शन (यूआरजीए) के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि आरडब्ल्यूए ने पर्यावरण के अनुकूल उत्सवों को बढ़ावा देने के प्रयास किए, लेकिन प्रतिक्रिया सीमित रही।

## वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच एक घंटे चला विशेष मुहूर्त कारोबार


# नए संवत वर्ष 2082 की शुरुआत सकारात्मक कारोबार में सेंसेक्स व निफ्टी में मामूली बढ़त

भाषा ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इससे नए संवत वर्ष 2082 की शुरुआत सकारात्मक रही। बीएसई सेंसेक्स 62.97 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 84,426.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,665.44 अंक के उच्चस्तर तक गया और 84,286.40 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई निफ्टी 25.45 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,868.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 25 शेयर गिरावट के साथ जबकि 24 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एक शेयर अपरिवर्तित रहा। बीएसई और एनएसई ने नए संवत वर्ष 2082 की शुरुआत में विशेष मुहूर्त सत्र आयोजित किया।

■ सेंसेक्स 62 .97 अंक और निफ्टी 25 .45 अंक चढ़कर बंद

*निफ्टी के 25 शेयर गिरावट के साथ, जबकि 24 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए*




### इस मुहूर्त ट्रेडिंग में क्या खरीदें

*हर साल निवेशक ब्लू चिप कंपनियों मिड कैप और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में रुचि दिखाते हैं। कई लोग गोल्ड ईटीएफ , म्यूचुअल फंड या आईपीओ जैसे विकल्पों में भी टोकन इन्वेस्टमेंट करते हैं। अगर आप इस दिवाली निवेश की शुरुआत करना चाहते हैं, तो ये एक अच्छा मौका हो सकता है बशर्ते आप सोच-समझकर और रिसर्च के साथ निवेश करें।*

### बजाज फिनसर्व के शेयर में सबसे अधिक 1.42 प्रतिशत की वृद्धि

बजाज फिनसर्व के शेयर में सबसे अधिक 1.42 प्रतिशत वृद्धि हुई। एक्सिस बैंक में 0.80 प्रतिशत, इन्फोसिस में 0.72 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 0.60 प्रतिशत, टाटा मोटर्स में 0.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.53 प्रतिशत और टाटा स्टील में 0.52 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सुजुकी इंडिया, ट्रेंट लिमिटेड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

### बीएसई स्मॉलकैप 0.91 % चढ़ा

व्यापक बाजारों में भी बढ़त दर्ज की गई। बीएसई मिडकैप 0.23 प्रतिशत या 106.95 अंक की बढ़त के साथ 46,787.20 अंक पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत या 486.81 अंक की चढ़कर 53,842.85 अंक पर बंद हुआ। क्षेत्रीय सूचकांकों में, औद्योगिक क्षेत्र में सबसे अधिक 0.53 प्रतिशत, दूरसंचार में 0.51 प्रतिशत, जिंस में 0.47 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 0.40 प्रतिशत, सेवाओं में 0.38 प्रतिशत और धातु में 0.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दूसरी ओर, बैंक और रियल्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।

### एशियाई बाजार में भी बढ़त

एशियाई बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.36 प्रतिशत, हांगकांग का हैंग सेंग 0.77 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.24 प्रतिशत और जापान का निक्की 225, 0.15 प्रतिशत चढ़ा। अमेरिकी बाजार सोमवार को मजबूत रुख के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 790.45 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,485.46 करोड़ रुपये के शेयर खरीदकर एफआईआई को पीछे छोड़ दिया।

### मुहूर्त ट्रेडिंग धार्मिक आस्था और आर्थिक सोच का मेल

मुहूर्त ट्रेडिंग न सिर्फ एक ट्रेडिंग सेशन होता है, बल्कि ये धार्मिक आस्था और आर्थिक सोच का मेल भी है। इस दिन कई निवेशक शेयर खरीदने को शुभ मानते हैं और छोटे-बड़े टोकन इन्वेस्टमेंट करते हैं। माना जाता है कि इस समय किया गया निवेश नई एनर्जी और पॉजिटिव शुरुआत लाता है। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से यह जरूरी नहीं कि इस दिन निवेश करने से ज्यादा रिटर्न मिले, लेकिन इसकी अहमियत बहुत ज्यादा है।

# ई-कॉमर्स की त्योहारी बिक्री मात्रा में 24 प्रतिशत बढ़ी, क्विक कॉमर्स का जलवा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



दिवाली त्योहारी सत्र भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए शानदार रहा, जिसमें मात्रा के लिहाज से बिक्री सालाना 24 प्रतिशत बढ़ी और सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ई-कॉमर्स क्षेत्र के मंच यूनिकॉमर्स ने यह जानकारी दी। इस दौरान क्विक कॉमर्स ऐप का वृद्धि में सबसे अधिक योगदान रहा, जिन्होंने ऑर्डर की मात्रा में सालाना आधार पर 120 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके बाद ब्रांड वेबसाइट ने 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मार्केटप्लेस प्रमुख चैनल बने रहे, जिनकी कुल खरीदारी में 38 प्रतिशत हिस्सेदारी रही और उनका ऑर्डर मात्रा के लिहाज से आठ प्रतिशत बढ़ा। यूनिकॉमर्स ने कहा कि ये जानकारियां 2024 और 2025 में 25 दिन तक चलने वाले त्योहारी सत्र के दौरान उसके प्रमुख मंच यूनीवेयर के माध्यम से हुए 15 करोड़ से अधिक लेनदेन पर आधारित हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''2025 का दिवाली त्योहारी सत्र भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा रहा, जहां ऑर्डर मात्रा के लिहाज से 24 प्रतिशत बढ़ा, जबकि सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'' शीर्ष प्रदर्शन करने वाली श्रेणियों में रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं (एफएमसीजी), गृह सज्जा और फर्नीचर, सौंदर्य और देखभाल तथा स्वास्थ्य और फार्मा रहे। बयान के मुताबिक, कुल ऑर्डर में दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान लगभग 55 प्रतिशत रहा।

### उचित गुणवत्ता वाले सामान में दिलचस्पी

*फ्लिपकार्ट ने कहा कि मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण और फैशन में मजबूत रुझान देखा गया, और इन सभी श्रेणियों में पिछले साल की तुलना में मजबूत वृद्धि हुई। इसके अलावा ग्राहकों ने विभिन्न मूल्य श्रेणियों में उच्च-गुणवत्ता वाले और महत्वाकांक्षी उत्पादों में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। फ्लिपकार्ट के विकास और विपणन उपाध्यक्ष प्रतीक शेट्टी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''पूरे त्योहारी सत्र में हमने लगातार गति देखी है, जो भारतीय खरीदारों के बढ़ते आत्मविश्वास और आशावाद को दर्शाती है, जिसे एक स्थिर और प्रगतिशील आर्थिक माहौल का समर्थन प्राप्त है।'' शेट्टी ने कहा कि 'जीएसटी 2.0' की शुरुआत ने इस भावना को और मजबूत किया है।*

# बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर में तीन प्रतिशत बढ़ा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर, 2025 में मासिक आधार पर घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सालाना आधार पर सुधरी है लेकिन मासिक आधार पर इसमें सुस्ती दर्ज की गई है। अगस्त महीने में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा था, जबकि पिछले साल सितंबर में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी। सितंबर में इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर तीन माह में सबसे कम रही। इसके पीछे कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पादन एवं प्राकृतिक गैस के उत्पादन में आई नरमी की अहम भूमिका रही। उर्वरक और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर, 2025 में धीमी होकर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत रह गई जबकि सितंबर, 2024 में यह क्रमशः 1.9 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, इस्पात और बिजली उत्पादन में सालाना आधार पर क्रमशः 14.1 प्रतिशत और 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर गिरकर 2.9 प्रतिशत पर आ गई।

# पीएफआरडीए ने पेंशन निवेश के स्पष्ट मूल्यांकन के लिए परामर्श पत्र जारी किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए ने पेंशन निवेश के मूल्यांकन को अंशधारकों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखने और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के मकसद से एक व्यापक परामर्श पत्र जारी किया है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने मंगलवार को बयान में कहा कि प्रस्तावित मसौदा प्रशासन में सुधार, ग्राहकों के हितों की रक्षा और भारत के व्यापक वित्तीय एवं ढांचागत वृद्धि में योगदान देने की दिशा में उसकी मौजूदा प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस परामर्श पत्र में एनपीएस/ एपीवाई में रखी गई दीर्घकालिक सरकारी प्रतिभूतियों के लिए दोहरे मूल्यांकन ढांचे ('अक्रूअल' और 'फेयर मार्केट') को अपनाने का प्रस्ताव किया गया है। पीएफआरडीए ने कहा कि प्रस्तावित ढांचे से पेंशन अंशधारकों के लिए निवेश अवधि के दौरान स्थिर और पारदर्शी संपत्ति संचयन प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी और अल्पकालिक ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव का असर 'शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य' (एनएवी) पर कम होगा। बयान के मुताबिक, नियामक ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के प्रतिभागियों, पेंशन कोषों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और आम जनता से इस पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। परामर्श पत्र पर 30 नवंबर, 2025 तक सुझाव और टिप्पणियां रखी जा सकती हैं। परामर्श पत्र जारी किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चीन ने भारत की पीएलआई योजनाओं को डब्ल्यूटीओ मानदंडों का बताया उल्लंघन

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



चीन ने भारत की उन्नत रसायन सेल बैटरी, मोटर वाहन के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की नीति की कुछ शर्तों को वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन बताते हुए इनके खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराई है। जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन के एक पत्र के अनुसार, चीन ने विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान तंत्र के तहत इन उपायों पर भारत के साथ परामर्श की मांग की है। चीन ने कहा कि भारत द्वारा अपनाए गए उपाय आयातित वस्तुओं की तुलना में घरेलू वस्तुओं के उपयोग पर निर्भर हैं और चीन में बने सामानों के साथ भेदभाव करते हैं। ये उपाय एससीएम (सब्सिडी एवं प्रतिपूरक उपाय) समझौते, जीएटीटी (शुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौता) 1994 और टीआरआईएम (व्यापार-संबंधित निवेश उपाय) समझौते के तहत भारत के दायित्वों के अनुरूप नहीं प्रतीत होते हैं। डब्ल्यूटीओ के 20 अक्टूबर के पत्र में कहा गया, ''उपरोक्त पहलुओं के परिणामस्वरूप विवादित कदम उल्लिखित समझौतों के तहत चीन को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिलने वाले लाभों को निष्प्रभावी या कम करते प्रतीत होते हैं।'' इसमें कहा गया कि चीन, भारत का जवाब मिलने तथा परामर्श के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर सहमति बनने की उम्मीद कर रहा है।

# जियो-बीपी की पेट्रोल, डीजल की बिक्री जुलाई-सितंबर में 34 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और प्रमुख ईंधन कंपनी बीपी के संयुक्त उद्यम जियो-बीपी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री में 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। संयुक्त उद्यम अपने खुदरा नेटवर्क का आक्रामक रूप से विस्तार कर रहा है। समीक्षाधीन तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा के बाद कंपनी द्वारा निवेशकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण के अनुसार, जुलाई-सितंबर में जियो-बीपी ने 18 लाख किलोलीटर पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री दर्ज की जो एक साल पहले की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, कंपनी को अच्छे मुनाफे से भी मदद मिली।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी सीओओ (रिफाइनिंग एवं विपणन) श्रीनिवास टुट्टागुंटा ने निवेशक कॉल में कहा, '' अगर आप पेट्रोल और डीजल की कुल मात्रा और वृद्धि को देखें, तो हमने इसे लगभग 18 लाख किलोलीटर बेचा। यह 34 प्रतिशत की वृद्धि है। एटीएफ यानी विमान ईंधन हमने लगभग 1,57,000 किलोलीटर बेचा। यह निश्चित रूप से पिछली तिमाही से कम है लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि हम अपनी हिस्सेदारी बनाए हुए हैं।'' रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड, रिलायंस और बीपी का 50:50 संयुक्त उद्यम है। यह जियो-बीपी ब्रांड के तहत काम करता है। इसने पहले ही अपने मोटर वाहन ईंधन खुदरा नेटवर्क को 2,057 तक बढ़ा दिया है।




## 5.40 लाख करोड़ उत्पाद बिके, 65,000 करोड़ रुपये सेवाओं से आए

# दिवाली पर रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ की हुई बिक्री : कैट

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

इस साल भारत में दिवाली के मौके पर रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हुई है, जिसमें से 5.40 लाख करोड़ रुपये उत्पादों की बिक्री, जबकि 65,000 करोड़ रुपये सेवाओं से आए। व्यापारियों के संगठन कैट ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एक बयान में कहा कि हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में की गई कटौती और मजबूत उपभोक्ता विश्वास के कारण इस साल दिवाली पर रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। कैट ने यह आंकड़ा देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर जारी किया। इनमें राज्यों की राजधानियां और दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहर शामिल हैं। कारोबारी संगठन के मुताबिक, पिछले साल दिवाली पर बिक्री 4.25 लाख करोड़ रुपये रही थी।



### स्थिर मूल्यों ने उपभोक्ताओं की संतुष्टि को बढ़ाया

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि सेवाओं के क्षेत्र ने पैकेजिंग, आतिथ्य, कैब सेवाएं, यात्रा, कार्यक्रम आयोजन, टेंट एवं सजावट, मानव संसाधन और आपूर्ति से 65,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया। सर्वे में शामिल 72 प्रतिशत व्यापारियों ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जूते, परिधान, कन्फेक्शनरी, घरेलू साजसज्जा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती को उच्च बिक्री का मुख्य कारण बताया। रिपोर्ट कहती है कि स्थिर मूल्य ने उपभोक्ताओं की संतुष्टि बढ़ाई और उत्सव के दौरान खर्च को प्रोत्साहित किया। दिवाली पर कारोबारी गतिविधियां बढ़ने से 50 लाख अस्थायी रोजगार सृजित हुए, जिसमें ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों ने कुल व्यापार का 28 प्रतिशत हिस्सा लिया।

### गैर-कॉरपोरेट और पारंपरिक बाजारों का 85 प्रतिशत योगदान

मुख्यधारा की खुदरा बिक्री, खासकर गैर-कॉरपोरेट और पारंपरिक बाजारों का कुल व्यापार में 85 प्रतिशत योगदान रहा। यह ऑनलाइन खरीदारी के दौर में छोटे व्यापारियों और भौतिक बाजारों की मजबूत वापसी को दर्शाता है। क्षेत्रवार बिक्री के मामले में राशन सामग्री और रोजमर्रा के सामान 12 प्रतिशत, सोना एवं आभूषण 10 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण आठ प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सात प्रतिशत, रेडिमेड कपड़े सात प्रतिशत, उपहार सात प्रतिशत, घरेलू सजावट पांच प्रतिशत रहे। इसके अलावा फर्निशिंग एवं फर्नीचर पांच प्रतिशत, मिठाई और नमकीन पांच प्रतिशत, कपड़ा एवं वस्त्र चार प्रतिशत, पूजा सामग्री तीन प्रतिशत और फल एवं सूखे मेवे तीन प्रतिशत भी शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शहजाद** पुत्र **असगर** पता: **मकान नं. 221, गली नं.–20, न्यू मुस्ताफाबाद, दिल्ली** ने case **e-FIR No. 271/2019 U/s 379/411 IPC, थाना: करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहजाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहजाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **e-FIR No. 271/2019 U/s 379/411 IPC, थाना: करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शहजाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री इसरा जैदी**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**उत्तर पूर्व जिला, रूम नं. 64, चौथी मंजिल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/14056/NE/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **पास्चल ननेमेका**, पुत्रः क्लेटस, पताः ओउरी शहर, आईएमओ राज्य, नाइजीरिया, ने **FIR No.: 147/2024, U/s: 14 Foreigners Act,** थाना: नेब सराय, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पास्चल ननेमेका**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पास्चल ननेमेका**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 147/2024, U/s: 14 Foreigners Act,** थाना: नेब सराय, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **पास्चल ननेमेका**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**(दक्षिण), कमरा न. 212**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/13851/SD/2025
(Court Matter)

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAH MM_BOLERO REG. NO. DL1LAD7614 -YOM- 2020
2) TATA MOTORS TATA3118_T ENG. NO. UP37T5841-YOM - 2017
3) ASHOK_LEY AL_1214 REG. NO. UP15ET2732-YOM - 2019
4) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ5560-YOM -2021
5) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ2695 -YOM- 2022
6) ASHOK_LEY AL1918 REG.NO. UP34BT5177-YOM-2022
7) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN0268-YOM - NA
8) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM5187- YOM - NA
9) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN6708-YOM -2024
10) MAH MHMAXXCITY REG. NO. UP14QT0279-YOM- NA
11) BHARATBENZ BENZ5532TT REG. NO. HR58C1122 -YOM - NA
12) TATA MOTORS TATA_YODHA REG. NO. UP15FT8374-YOM- 2022
13) EICHR_VECV EICPRO3019 REG. NO. UP16JT2274-YOM-2022
14) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAN0984-YOM-NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

# एशिया कप ट्रॉफी प्रकरण में बीसीसीआई के समर्थन में श्रीलंका और अफगानिस्तान

नकवी ने कहा, बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि दुबई में एसीसी मुख्यालय से ट्रॉफी ले सकता है

भारतीय बोर्ड का इनकार किया, बीसीसीआई अगले माह आईसीसी की बैठक में उठाएगा मद्दा



भाषा ⏭ नई दिल्ली

एशिया कप ट्रॉफी को लेकर गतिरोध बना हुआ है और बीसीसीआई को श्रीलंका तथा अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन मिलने के बावजूद एशिया क्रिकेट परिषद के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रॉफी अभी तक चैम्पियन भारतीय टीम को मिली नहीं है। एसीसी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि नकवी ने कहा है कि बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि दुबई में एसीसी मुख्यालय से ट्रॉफी उनसे ले सकता है, लेकिन भारतीय बोर्ड ने इससे इनकार किया। बीसीसीआई अगले महीने आईसीसी की बैठक में यह मसला उठायेगा। एसीसी सूत्र ने कहा, 'बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया, एसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि राजीव शुक्ला और श्रीलंका तथा अफगानिस्तान समेत अन्य सदस्य बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह एसीसी को पत्र लिखकर ट्रॉफी भारत को देने के लिये कहा।' उन्होंने कहा ,'लेकिन उनका जवाब था कि बीसीसीआई से किसी को दुबई आकर उनसे ट्रॉफी लेनी होगी। इसलिए मामले में गतिरोध बना हुआ है।

## एशिया क्रिकेट परिषद के पाक प्रमुख मोहसिन नकवी मानने को तैयार नहीं

### अब फैसला आईसीसी की बैठक में होगा

बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि वह नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे। अब इस पर फैसला आईसीसी की बैठक में होगा।' आईसीसी के प्रमुख बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। ट्रॉफी एसीसी मुख्यालय पर है चूंकि भारतीय टीम ने 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल के बाद इसे नकवी से लेने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद वह ट्रॉफी लेकर चले गए। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख और अपने देश के गृहमंत्री भी हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारतीय टीम ने एशिया कप के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबले हुए और तीनों भारत ने जीते।

### नकवी को आड़े हाथों लिया था

नकवी ने एशिया कप के दौरान अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई का मजाक उड़ाने वाले वीडियो और मीम्स डाले थे। ट्रॉफी प्रकरण के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधियों का आमना सामना एसीसी बैठक में भी हुआ जिसमें बीसीसीआई अधिकारियों ने ट्रॉफी नहीं देने के लिये नकवी को आड़े हाथों लिया था। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान रवाना होने से पहले नकवी ने एसीसी स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनके निर्देशों के बिना ट्रॉफी किसी को नहीं दी जाए या हटाई नहीं जाए।

## अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंची अफ्रीका की टीम

# दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप मैच में पाकिस्तान को 150 रन से रौंदा

अफ्रीका ने विश्व कप में पहली बार लगातार पांच जीत दर्ज की

भाषा ⏭ कोलंबो

कप्तान लॉरा वोलवार्ट की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद गेंदबाजों ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण अफ्रीका वर्षा से प्रभावित महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान को मंगलवार को यहां डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 150 रन से रौंदकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया। दक्षिण अफ्रीका ने इसके साथ ही विश्व कप में पहली बार लगातार पांच जीत दर्ज की। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के छह मैच में पांच जीत से 10 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका के शीर्ष पर है। टूर्नामेंट में पहली जीत का इंतजार कर रहा पाकिस्तान दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है जबकि पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। सलामी बल्लेबाज लॉरा ने 82 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों से 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुने लूस (61 रन, 59 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी करके टीम के 40 ओवर में नौ विकेट पर 312 रन रन के मजबूत स्कोर की नींव रखी। अनुभवी मारिजेन कैप (नाबाद 68, 43 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) और नेदिन डि क्लर्क (41 रन, 16 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) ने अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से नाशरा संधू ने 45 जबकि सादिया इकबाल ने 63 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पाकिस्तान को मैच में बारिश के कई बार खलल डालने के बाद अंततः 20 ओवर 234 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और अंततः सात विकेट पर 83 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कैप ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कैप ने सलामी बल्लेबाज ओमैमा सोहेल (06), सिदरा अमीन (13) और आलिया रियाज (03) को पवेलियन भेजा। नोनदुसिमो शेनगेस ने भी 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने नतालिया परवेज (20) और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना (02) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की आसान जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान की ओर से नतालिया और सिदरा नवाज (नाबाद 22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाईं। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे ओवर में ही ताजमिन ब्रिट्स (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने फातिमा की गेंद पर नतालिया परवेज को कैच थमाया। लॉरा और लूस ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने अर्धशतक जड़े और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचया। लूस के आउट होने के बाद वोलवार्ट ने अनुभवी कैप के साथ भी चौथे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। लॉरा ने विकेट के चारों तरफ आकर्षक शॉट खेले।

टूर्नामेंट में पहली जीत का इंतजार कर रहा पाकिस्तान दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर









### हीली की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम संयोजन में कर सकती है बदलाव

**इंदौर।** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली के चोटिल होने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुकीं दोनों टीमों का लक्ष्य शीर्ष स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में एक दूसरे पर अपनी बादशाहत साबित करना और अपनी जीत की लय बरकरार रखना होगा। दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। इन दोनों टीम ने अभी तक चार मैच जीते हैं जबकि दोनों का एक-एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के 1.490 की तुलना में 1.818 के बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी उसका शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। इसके अलावा उसे सेमीफाइनल से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को मैच से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि हीली को शनिवार को अभ्यास के दौरान पिंडली में मामूली खिंचाव आ गया है। उनकी गैर मौजूदगी में चयन की समस्या पैदा हो गई है क्योंकि हीली कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर तीनों है। मुख्य कोच शैली निश्के ने मैच से पूर्व कहा ,'हमें अभी पता चला है कि हीली नहीं खेल सकेंगी लिहाजा हम संयोजन पर विचार कर रहे हैं ।' फीबी लिचफील्ड के साथ जॉर्जिया वोल पारी का आगाज कर सकती है जबकि बेथ मूनी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभायेंगी।

### क्रिकेट

# पंत फिट, अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड दौरे के दौरान पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने के बाद मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ लाल गेंद की श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। पंत को जुलाई में मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में बल्लेबाजी करते समय पैर में चोट लग गई थी और इसके बाद वह एशिया कप और हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। क्रिस वोक्स की गेंद उनके दाहिने पैर के अंगूठे पर लगी, लेकिन इसके बावजूद वह बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने अर्धशतक बनाया। चयनकर्ताओं ने उन्हें 30 अक्टूबर से बेंगलुरु में होने वाले दोनों मैचों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया है। इससे पंत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तैयारी करने का मौका मिलेगा।

### साई सुदर्शन उप कप्तान नियुक्त

साई सुदर्शन को इन दो चार दिवसीय मैचों के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। उनके अलावा केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को भी टीम में शामिल किया गया है। यह सभी खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। प्रसिद्ध, सिराज, आकाश दीप और जुरेल छह से नौ नवंबर तक होने वाले दूसरे मैच में खेलेंगे। पहले मैच के लिए एन जगदीसन टीम में दूसरे विकेटकीपर होंगे। घरेलू खिलाड़ियों में यह देखना दिलचस्प होगा कि तेज गेंदबाज गुरनूर बरार और खलील अहमद कैसा प्रदर्शन करते हैं। दक्षिण अफ्रीका की ए टीम की कप्तानी बल्लेबाज मार्केस एकरमैन करेंगे, जबकि सीनियर टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा भी इसमें शामिल होंगे, जो पिंडली की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गोवा में 31 अक्टूबर से होगी फिडे विश्व कप शतरंज चैम्पियनशिप


**पणजी।** फिडे विश्व कप शतरंज चैम्पियनशिप गोवा में 31 अक्टूबर से 27 नवंबर तक होगी जिसका लोगो और गीत मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को लांच किया। आयोजकों ने यहां जारी बयान में कहा कि विश्व कप विजेता को ट्रॉफी के साथ 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में तीन स्थान भी मिलेंगे। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों में विश्व चैम्पियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानानंदा, अनीश गिरी, वेसली सो, विंसेंट केमेर, हैंस नीमैन, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, इयान नेपोम्नियाश्चि , रिचर्ड रेपोर्ट, विदित गुजराती, निहाल सरीन शामिल हैं। भारत की उदीयमान सितारा दिव्या देशमुख वाइल्ड कार्ड के जरिये ओपन वर्ग में खेलेंगी।

### भारतीय एथलेटिक्स टीम का पहला जत्था रांची पहुंचा

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स दल का पहला जत्था 24 से 26 अक्टूबर तक मोरहाबादी स्थित प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होने वाली दक्षिण एशियाई सैफ सीनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंच गया। धावक प्रणव गुरव, उत्तम पाटिल और अर्नव टाकलकर अपने कोच के साथ सबसे पहले पहुंचे, जिससे तीन दिवसीय महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारतीय अभियान की तैयारी की शुरुआत हुई।

### अभय अमेरिकी ओपन में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी माकिन से हारे

**फिलाडेल्फिया।** भारत के अग्रणी खिलाड़ी अभय सिंह यहां 226,000 डॉलर इनामी पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अमेरिकी ओपन स्क्वाश के राउंड ऑफ16 में वेल्स के तीसरे वरीय जोएल माकिन से हार गए। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले और विश्व में 30वें नंबर के खिलाड़ी 27 वर्षीय अभय को सोमवार को विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी से 2-11, 5-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। अभय ने पिछले महीने दोहा में खेली गई प्रतियोगिता में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी करीम गवाद को हरा कर अपने कौशल का शानदार परिचय दिया था।



### लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर

**पेरिस।** रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी ने जीत के साथ शुरुआत की लेकिन लक्ष्य सेन मंगलवार को यहां पुरुष एकल के पहले दौर में आयरलैंड के एनहात एनगुएन के खिलाफ सीधे गेम में हारकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य शुरुआत से ही लय में नहीं दिखे और उन्हें दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 7-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन और रुतविका ने मिश्रित युगल के पहले दौर में ओलेक्सी तितोव और येवहेनिया केंटेमिर की यूक्रेन की जोड़ी के खिलाफ 21-12, 21-19 की जीत के साथ शुरुआत की।

### अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप

## विश्वजीत कांस्य पदक की दौड़ में, तीन अन्य ग्रीको रोमन पहलवान पहले दौर में हारे





एजेंसी ⏭ नोवी साद (सर्बिया)

विश्वजीत मोरे मंगलवार को यहां अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक की दौड़ में बने रहे जबकि ग्रीको रोमन में बाकी तीन भारतीय पहलवान पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। मोरे ने किर्गीस्तान के डेनिस फ्लोरिन मिहाइ को 6.2 से हराकर शुरूआत की। इसके बाद अमेरिका के कीनिथ एंड्रयू क्रासबे को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9.1 से हराया। मोरे को हालांकि क्वार्टर फाइनल में अलिबेक अमिरोव के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा। अमिरोव ने बाद में फाइनल में जगह बनाई जिससे मोरे के रेपेचेज के जरिए चुनौती पेश करने का रास्ता खुल गया। अमिरोव यूडब्ल्यूडब्ल्यू के ध्वज तले चुनौती पेश कर रहे हैं।वहीं निशांत (67 किलो), अनिल (72 किलो) और नमन (97 किलो) पहले दौर में हार गए। निशांत को अजरबैजान के फराइम मुस्तफायेव ने 8.3 से हराया जबकि अनिल को आर्मेनिया के गैस्पर टी ने 6.1 से मात दी।

### भारत की 23 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम एशियाई युवा खेलों के लिए बहरीन रवाना

*भाषा ⏭ नई दिल्ली*

*भारत की 23 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 23 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीसरे एशियाई युवा खेलों में भाग लेने के लिए मनामा, बहरीन के लिए रवाना हो गई है। टीम में ध्रुव खरब, उधम सिंह राघव, खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरशी पुजारी जैसे मुक्केबाज शामिल हैं जिन्होंने हाल में भारत की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम में कई ऐसे मुक्केबाज भी शामिल हैं जिन्होंने जुलाई 2025 में एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था, जहां भारत ने 43 पदक जीते थे और कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। टीम का चयन इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित छठी अंडर-17 जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया था, जहां स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधा चयन हुआ था, जबकि रजत पदक विजेताओं को रिजर्व के रूप में चुना गया था। भारतीय टीम अंडर-17 आयु वर्ग में 14 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेगी। इसमें लड़कों और लड़कियों के लिए सात-सात भार वर्ग शामिल हैं।*

### रिजवान की जगह शाहीन शाह अफरीदी बने पाक की वनडे टीम के कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को अपनी वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया है, जो मुहम्मद रिजवान की जगह लेंगे। पीसीबी ने सोमवार को कहा कि शाहीन चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम का नेतृत्व करेंगे। पीसीबी ने कहा कि शाहीन अफरीदी को कप्तान बनाने का फैसला इस्लामाबाद में हुई बैठक में लिया गया जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता, सलाहकार बोर्ड के सदस्य और सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच माइक हेसन शामिल हुए। शाहीन को 2023 के आखिर में राष्ट्रीय टी20 कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन न्यूजीलैंड में सिर्फ एक श्रृंखला के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह फिर से बाबर आजम को कप्तान बनाया गया था जिन्होंने पिछले विश्व टी20 कप में पाकिस्तान की टीम का नेतृत्व किया था।



# ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पता चलेगा कि रोहित-कोहली 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं या नहीं: पोंटिंग

एजेंसी ⏭ दुबई

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला में प्रदर्शन यह निर्धारित करेगा कि यह स्टार भारतीय जोड़ी 2027 विश्व कप तक खेल सकती है या नहीं। अब केवल वनडे प्रारूप में खेलने वाले कोहली और रोहित मार्च के बाद जब अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए उतरे तो उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे पर्थ की उछाल भरी पिच पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के सामने ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए। भारत यह मैच सात विकेट से हार गया था। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय मैच गुरुवार को एडिलेड में होगा, जहां की परिस्थितियां पर्थ की तुलना में भारतीय बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल होंगी। पोंटिंग ने पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ 'आईसीसी रिव्यू' पर बात करते हुए कहा कि इस दिग्गज जोड़ी को केवल 2027 वनडे विश्व कप के बारे में सोचने के बजाय अपने लिए अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। पोंटिंग ने कहा, ''एक बात जो मुझे किसी से सुनना पसंद नहीं है, वह यह है कि 'मैंने खेल में सब कुछ हासिल कर लिया है', क्योंकि मुझे लगता है कि आपके पास अब भी कुछ अल्पकालिक लक्ष्य होने चाहिए। आपको केवल 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के बारे में नहीं सोचना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''विराट शुरू से ही एक बेहद प्रेरणादायी इंसान रहे हैं और मुझे लगता है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के लिए कुछ लक्ष्य तय कर लिए होंगे। वह अगले विश्व कप के बारे में सोच कर अपना समय बर्बाद नहीं कर रहे होंगे। यह देखना होगा कि क्या वे विश्व कप तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रख पाएंगे। जैसा कि रवि ने कहा, हमें इस श्रृंखला के दौरान इसका जवाब मिल जाएगा।'' पहले वनडे में रोहित और कोहली का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा लेकिन शास्त्री का मानना है कि सीमित ओवरों के इन दो महान खिलाड़ियों को अधिक समय दिया जाना चाहिए।



## स्मृति ने इंग्लैंड की कप्तान ब्रंट पर 83 अंक की बढ़त बनाई

# मंधाना शीर्ष पर, दीप्ति गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर

- स्मृति ने मौजूदा विश्व कप में लगातार अर्धशतक बनाए हैं
- इंग्लैंड के खिलाफ इंदौर में भारत की करीबी हार के दौरान 88 रन की पारी खेली

भाषा ⏭ दुबई





भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवर ब्रंट पर 83 अंक की बढ़त बना ली है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं, जबकि इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन शीर्ष पर हैं। स्मृति ने मौजूदा विश्व कप में लगातार अर्धशतक बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंदौर में पिछले मैच में भारत की करीबी हार के दौरान 88 रन की पारी खेली थी। स्मृति ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ की बल्लेबाज को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली विश्व कप में लगातार शतकों के दम पर एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं। फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) ने भी बल्ले से अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में अपनी जगह मजबूत की है।

### शीर्ष 10 के बाहर भी कुछ बदलाव

शीर्ष 10 के बाहर भी कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (तीन स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर), ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड (पांच स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर) और इंग्लैंड की अनुभवी हीथर नाइट (15 स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) सभी को विश्व कप में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति ने विश्व कप में अब तक पांच मैच में 13 विकेट की बदौलत तीन स्थान के फायदे से तीसरा स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एलेना किंग दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान की तीन खिलाड़ियों नशरा संधू (तीन स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर), सादिया इकबाल (पांच स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर) और फातिमा सना (पांच स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। फातिमा ने एकदिवसीय ऑलराउंडर की सूची में अपनी स्थिति मजबूत की है जिसमें ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर शीर्ष पर हैं। फातिमा पांच स्थान के सुधार के साथ 15वें स्थान पर हैं जबकि श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू एक स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर है।

# जापान की संसद ने साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना

**ताकाइची की 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' ने नए सहयोगी दल से किया करार**

**ताकाइची ने इशिबा का स्थान लिया, जिससे जुलाई एलडीपी की हार हुई**

एजेंसी ⏭ तोक्यो

जापान की संसद ने मंगलवार को अति रूढ़िवादी साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में चुना। इस घटनाक्रम से एक दिन पहले 64 वर्षीय ताकाइची की संघर्षरत 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' ने एक नए सहयोगी दल के साथ गठबंधन समझौता किया, जिससे उनके सत्तारूढ़ गठबंधन के और अधिक दक्षिणपंथी होने की उम्मीद है। ताकाइची ने शिगेरु इशिबा का स्थान लिया, जिससे जुलाई में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की करारी चुनावी हार के बाद तीन महीने से जारी राजनीतिक गतिरोध खत्म हो गया।



### ताकाइची के सामने अब कई चुनौतियां

ताकाइची के सामने अब कई चुनौतियां हैं जिनमें इस सप्ताह एक प्रमुख नीतिगत भाषण, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत और क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन शामिल हैं। उन्हें बढ़ती कीमतों और आर्थिक असंतोष को दूर करने के लिए दिसंबर के अंत तक राहत उपाय तैयार करने होंगे। वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं, लेकिन लैंगिक समानता और विविधता को बढ़ावा देने की उनमें कोई जल्दबाजी नहीं है।

### *आबे की करीबी मानी जाती हैं*

*वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर की प्रशंसक ताकाइची 1993 में पहली बार संसद के लिए चुनी गई थीं और उन्होंने कई वरिष्ठ पदों पर काम किया है, जिनमें आंतरिक मामलों और आर्थिक सुरक्षा मंत्री के पद शामिल हैं।*

### नया गठबंधन अब भी संसद के दोनों सदनों में बहुमत से कम

बहरहाल, यह नया गठबंधन अब भी संसद के दोनों सदनों में बहुमत से कम है और किसी भी विधेयक को पारित करने के लिए अन्य विपक्षी दलों का समर्थन लेना होगा, जो उनकी सरकार को अस्थिर और अल्पकालिक बना सकता है। एलडीपी ने यह गठबंधन बौद्ध समर्थित कोमेतो पार्टी के साथ संबंध टूटने के बाद किया, जो अधिक उदार और मध्यमार्गी मानी जाती है। ताकाइची आज अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगी, जिसमें एलडीपी के सबसे प्रभावशाली नेता तारो आसो और उनके समर्थकों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।

### इशिबा ने दिया पीएम पद से इस्तीफा

प्रधानमंत्री के रूप में केवल एक वर्ष तक सेवा देने वाले इशिबा ने मंगलवार को मंत्रिमंडल सहित इस्तीफा दे दिया, जिससे ताकाइची के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त हुआ। निचले सदन में हुए मतदान में ताकाइची को 237 वोट मिले, जो बहुमत से चार अधिक हैं, जबकि 'कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान' के प्रमुख योशिको नोडा को 149 वोट मिले। परिणाम घोषित होने पर ताकाइची खड़ी हुईं और उन्होंने झुककर सभी का अभिवादन किया। एलडीपी का ओसाका स्थित दक्षिणपंथी जापान इनोवेशन पार्टी (इशिन नो काई) के साथ गठबंधन ने ताकाइची की जीत सुनिश्चित की, क्योंकि विपक्ष एकजुट नहीं था।

*जयंत चौधरी फिलिपीन की यात्रा पर*

## *कौशल विकास में सर्वोत्तम व्यवहार को साझा करेंगे भारत-फिलिपीन*

- प्रतिनिधिमंडल में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी व उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों के प्रतिनिधि शामिल

*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी फिलिपीन में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य कौशल विकास, श्रम गतिशीलता और डेटा-संचालित नीति ढांचे से संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान एवं सर्वोत्तम व्यवहार को साझा करना है। चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 20-22 अक्टूबर तक फिलिपीन की यात्रा पर है। विश्व बैंक के सहयोग से कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्यमंत्री द्वारा की जा रही इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख फिलिपीन संस्थानों जैसे प्रवासी श्रमिक विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण, फिलिपीन सांख्यिकी प्राधिकरण तथा प्रवासी श्रमिक कल्याण प्रशासन के साथ रणनीतिक सहभागिता स्थापित करना है।*

## खबर संक्षेप

### अरुणाचल में हाथी के हमले में दो लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में जंगली हाथियों के एक झुंड के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार रात को नामसांग गांव में हुई।एक आधिकारिक बयान में मृतकों की पहचान तनेन नोक्टे (46) और नानथोक होडोंग (45) के रूप में की गई है।रेंज वन अधिकारी, चिकित्सा कर्मी और पुलिस सहित अधिकारियों का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा।

### एसआईटी ने केरल उच्च न्यायालय को रिपोर्ट सौंपी

**कोच्चि।** सबरीमला से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को केरल उच्च न्यायालय में एक सीलबंद लिफाफे में अपनी पहली रिपोर्ट दाखिल की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन और न्यायमूर्ति केवी जयकुमार की पीठ के समक्ष वकीलों की अनुपस्थिति में बंद कमरे में सुनवाई के दौरान पेश की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट में जांच की वर्तमान स्थिति का विवरण दिया गया है।

### चम्फाई में मादक पदार्थों की तस्करी के 87 मामले दर्ज

**आइजोल।** मिजोरम के आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग ने इस वर्ष जनवरी से सितंबर की अवधि के दौरान म्यांमा की सीमा से लगे चम्फाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में 87 मामले दर्ज किए और 112 लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि 2024 में सीमावर्ती जिले में मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम) 1985 के तहत 71 मामले दर्ज किए गए और 95 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस स्मृति दिवस पर उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और शाह ने किया बहादुरी को सलाम

# पुलिसकर्मियों का दृढ़ समर्पण देश को सुरक्षित रखता है: पीएम

**उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले, राष्ट्र की रक्षा और देश के लोगों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के कारण वे अत्यधिक सम्मान के हकदार**

भाषा ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह एवं अमित शाह ने मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी, करुणा और कर्तव्य के प्रति अटूट भावना के कारण देश और देशवासी सुरक्षित रह पाते हैं। इससे पहले पीएम मोदी उपराष्ट्रपति के साथ दिवाली की पूजा में भी शामिल हुए। ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वह पुलिसकर्मियों के अनुकरणीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र की रक्षा और देश के लोगों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के कारण वे अत्यधिक सम्मान के हकदार है।'' राधाकृष्णन ने कहा कि संकट और मानवीय आवश्यकता के समय में भी सेवा के लिए दृढ़ समर्पण और तत्परता के माध्यम से वे बहादुरी, करुणा और कर्तव्य के प्रति अदम्य भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।



### *पुलिसकर्मियों की सराहना*

*प्रधानमंत्री मोदी ने पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका दृढ़ समर्पण देश और देशवासियों को सुरक्षित रखता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पुलिस स्मृति दिवस पर हम अपने पुलिसकर्मियों के साहस को सलाम करते हैं और कर्तव्य पालन में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। उनका अटूट समर्पण हमारे देश और यहां के लोगों को सुरक्षित रखता है।'' उन्होंने कहा, ''संकट और जरूरत के समय में उनकी बहादुरी और प्रतिबद्धता सराहनीय है।''*

### इसलिए मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस



पुलिस स्मृति दिवस हर साल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उन 10 जवानों की याद में मनाया जाता है, जो 1959 में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में मारे गए थे।

## भारत ने मर्यादा का पालन कर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अन्याय का बदला लिया

*पीएम ने दीपावली के अवसर पर देश के नागरिकों को एक लिखा पत्र*

*जब दुनिया संकटों से घिरी है, तब भारत स्थिरता के प्रतीक के रूप में उभरा*

भाषा ⏭ नई दिल्ली

**जीएसटी दरों को कम करने के निर्णय सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि रहा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दीपावली के अवसर पर देश के नागरिकों को एक पत्र लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की सफलताओं और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि जब दुनिया संकटों से घिरी हुई है तब ऐसे समय में भारत स्थिरता के प्रतीक के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों को कम करने के निर्णय को अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि 'जीएसटी बचत उत्सव' के दौरान नागरिक हजारों करोड़ रुपये बचा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी अपनाने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और योग को अपनाने का भी आग्रह किया। मोदी ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसैन्य कर्मियों के साथ दिवाली मनाने के एक दिन बाद देशवासियों को लिखे एक पत्र में कहा, 'ये सभी प्रयास हमें तेज़ी से विकसित भारत की ओर ले जाएंगे।'

### दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी

पीएम ने 'मैं आप सभी को ऊर्जा और उत्साह से भरे पावन पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। अयोध्या में राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद यह दूसरी दीपावली है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'भगवान श्री राम हमें मर्यादा का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हमने कुछ महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा था।

### हम जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ऐतिहासिक उपलब्धियों के बीच, देश ने हाल के दिनों में अगली पीढ़ी के सुधारों की भी शुरुआत की है। मोदी ने कहा, 'नवरात्र के पहले दिन जीएसटी की कम दरें लागू की गईं। इस 'जीएसटी बचत उत्सव' के दौरान नागरिक हजारों करोड़ रुपये बचा रहे हैं।'

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सारकोजी पांच वर्ष की सजा काटने पेरिस जेल पहुंचे

- लीबिया से प्राप्त धन से 2007 के चुनाव अभियान के वित्तपोषण के आपराधिक षड्यंत्र के जुर्म में मिली सजा
- सारकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी सारकोजी का हाथ थामे हुए घर से निकले

भाषा ⏭ पेरिस



फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी लीबिया से प्राप्त धन से अपने 2007 के चुनाव अभियान के वित्तपोषण के आपराधिक षड्यंत्र के जुर्म में पांच वर्ष की सजा काटने के लिए मंगलवार को पेरिस की जेल में पहुंच गए। वह आधुनिक फ्रांस के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें जेल भेजा गया है। सारकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी सारकोजी का हाथ थामे हुए घर से निकले और ला सांते जेल पहुंचने के लिए कार में सवार हुए। जेल जाते समय सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में सारकोजी ने कहा, 'एक निर्दोष व्यक्ति को जेल में डाला जा रहा है।' पिछले महीने उन्हें इस आरोप में दोषी ठहराया गया था कि उन्होंने लीबिया से अवैध धन लेकर 2007 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान को वित्तपोषित करने की साजिश रची। सारकोजी ने सजा और अपील लंबित रहने के दौरान जेल भेजे जाने के न्यायाधीश के निर्णय को चुनौती दी है।

### *समर्थकों की भीड़ की ओर हाथ हिलाया*

*राष्ट्रपति आवास एलिसी पैलेस से लेकर कुख्यात ला सांते जेल तक के अब तक के उनके सफर ने पूरे फ्रांस को झकझोर दिया है। जेल में दाखिल होने से कुछ मिनट पहले सारकोजी और उनकी पत्नी अपने बच्चों और नाती-पोतों से मिलने अपने घर के बाहर निकले। उन्होंने पेरिस के उच्च-वर्गीय इलाके में एकत्र समर्थकों की भीड़ की ओर हाथ हिलाया और फिर कार में बैठ गए। सैकड़ों समर्थकों ने तालियां बजाईं और 'निकोलस, निकोलस' के नारे लगाए।*

## ऑकस समझौता हथियारों की होड़ प्रसार के जोखिमों को बढ़ाएगा

भाषा ⏭ बीजिंग

**चीन ने जताई आशंका**

- ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बी समझौते के नवीनीकरण की आलोचना
- तीनों देशों ने 2021 में एक ऐतिहासिक सुरक्षा समझौते की घोषणा की

चीन ने मंगलवार को 'ऑकस', यानी ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच हुए परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बी समझौते के नवीनीकरण की आलोचना की।

चीन ने कहा कि वह गुटीय टकराव और ऐसी किसी भी गतिविधि का विरोध करता है, जो परमाणु प्रसार के खतरे को बढ़ाए या हथियारों की होड़ को और भड़काए। एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीन का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखे जाने वाले, तीनों देशों ने 2021 में एक ऐतिहासिक सुरक्षा समझौते की घोषणा की, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया को पहली बार अमेरिकी तकनीक का उपयोग करके परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों के निर्माण में मदद मिलेगी।

## कनाडाः टोरंटो शहर की महापौर ने 20 अक्टूबर को 'दिवाली दिवस' घोषित किया


**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो शहर की महापौर ओलिविया चाउ ने आधिकारिक तौर पर 20 अक्टूबर, 2025 को ''दिवाली दिवस'' घोषित किया है। महापौर चाउ ने सोमवार को सिटी हॉल में एक जनसभा में बताया कि टोरंटो में दिवाली दिवस की घोषणा शहर के इतिहास में पहली बार हुई है। सीबीसी ने चाउ के हवाले से बताया, ''यह अंधकार पर प्रकाश की जीत, निराशा पर आशा की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत से संबंधित है। इस विभाजनकारी समय में, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि विविधता और समावेशिता ही ताकत है। टोरंटो यही कर रहा है।'' टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा करते हुए कहा, ''टोरंटो शहर ने आधिकारिक तौर पर 20 अक्टूबर, 2025 को 'दिवाली दिवस' के रूप में घोषित किया है।''इसमें कहा गया, ''यह सम्मान अंधकार पर प्रकाश की विजय की दिवाली की भावना का जश्न मनाता है, तथा टोरंटो के सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने में भारतीय समुदाय के अपार योगदान को मान्यता देता है।'

## गाजा में युद्धविराम समझौते को मजबूत करने इजराइल पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस

भाषा ⏭ तेल अवीव

- हिंसा बढ़ने के बाद लागू युद्धविराम और दीर्घकालिक शांति योजना के लिए यह यात्रा अहम
- हमास के प्रमुख वार्ताकार ने कहा, इजराइल के साथ संघर्ष विराम समझौते को बरकरार रखने पर कायम

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस मंगलवार को इजराइल पहुंचे, जहां वह गाजा में लागू कमजोर युद्धविराम समझौते को मजबूत करने के प्रयासों में जुटे हैं। पिछले कुछ दिनों में हिंसा बढ़ने के बाद लागू युद्धविराम और दीर्घकालिक शांति योजना पर सवाल उठने के बाद यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी बीच, इज़राइल ने मंगलवार को बताया कि उसने एक बंधक के शव की पहचान की है, जिसे फलस्तीनी चरमपंथियों ने रात में छोड़ा था। दूसरी ओर चरमपंथी समूह हमास के प्रमुख वार्ताकार ने कहा है कि समूह इजराइल के साथ संघर्ष विराम समझौते को बरकरार रखने पर कायम है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109